वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 23 मई 2024
वर्ष 2, अंक 272, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पीबीएच से खुलेगा अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य 14
क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत 2



## पुलिस कमिश्नर का क्लिक

**कानपुर ।** शहर के नालों से निकली सिल्ट की फोटो खींच रहा यह कोई आम शख्स नहीं हैं। ये हैं कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार जो मंगलवार रात गोविंदनगर- परमपुरवा मार्ग पर पड़ी सिल्ट पर फिसलने से बाइक सवार की मौत के बाद बुधवार को शहर के निरीक्षण पर निकले। उन्होंने सर्वोदय नगर में सड़क पर पड़ी सिल्ट देखकर फोटो खींची और नगर आयुक्त को भेज दी।

### डुमरियागंज, संत कबीर नगर, बस्ती और श्रावस्ती लोक सभा सीटों के लिए प्रधानमंत्री ने की जनसभा

# पाकिस्तान के हमदर्दों को 56 इंच सीना क्या होता है पता नहीं

संवाददाता, संत कबीर नगर/ डुमरियागंज

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत वैश्विक मंच पर जब बोलता है तो पूरी दुनिया बड़े ध्यान से सुनती है। भारत फैसले लेता है तो दुनिया उसके साथ अपने कदम मिलाने की कोशिश करती है।

आतंक का सरपरस्त देश जो कभी हमें आखें दिखाता था, धमकियां देता था आज वह न घर का है न घाट का। उसे अनाज भी नसीब नहीं हो रहा है। मगर, उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं। इन्हें मालूम नहीं कि 56 इंच का सीना क्या होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इनका कहना है पाकिस्तान से डरो, क्योंकि उसके पास एटम बम है। आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं, मोदी की मजबूत सरकार है। अगर डरना है तो वो लोग डरें जो मानवता में विश्वास नहीं करते, आए दिन खून की नदियां बहाते हैं। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, मगर डराने वालों को बख्शेगा भी नहीं, अब हम घर में घुसकर मारते हैं।

मोदी बुधवार को बस्ती के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में बस्ती, डुमरियागंज और संत कबीर नगर लोकसभा सीटों के लिए आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। मोदी ने बस्ती से प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज से पार्टी प्रत्याशी जगदम्बिका पाल और संत कबीर नगर से प्रत्याशी प्रवीण निषाद के पक्ष में वोट देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने श्रावस्ती लोस क्षेत्र के कटरा में जनसभा में कहा कि एससी-एसटी, ओबीसी, आदिवासी का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार साकेत मिश्रा के समर्थन में वोट की अपील भी की।



बस्ती की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की गई राधा-कृष्ण की प्रतिमा।

### फिर ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस के दोनों शहजादों की फ्लॉप फिल्म की बार-बार रिलीज से वह हैरान हैं। ये लोग उप्र. की 79 सीट पर जीत का दावा कर दिन में सपने देख रहे हैं और 4 जून को उप्र. की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे।

### केशरी को फुटपॉथ पर फेंक दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की। मोदी के मुताबिक, बिहार के अति पिछड़े समाज के तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केशरी को एक शाम मैडम सोनिया जी की टोली ने कांग्रेस दफ्तर से उन्हें फुटपाथ पर फेंक दिया और रातों रात सोनिया जी को अध्यक्ष पद पर बिठा दिया। जिन्होंने कांग्रेस के संविधान की धज्जियां उड़ा दी वो अब संविधान की बात कर रहे हैं।

## एक नजर

### छठे चरण के लिए आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों व बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए 23 मई की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। यहां 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा की 14 सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरुष व 16 महिलाहैं। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटें शामिल हैं।

### सोरेन को नहीं मिली प्रचार के लिए जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में निचली अदालत में नियमित जमानत याचिका दायर करने के संबंध में तथ्यों को छिपाने के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नाखुशी जताई जिसके बाद सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस ले ली। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने सोरेन के वकील कपिल सिब्बल को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। इससे पहले पीठ ने चेतावनी दी कि अगर अदालत मामले के विवरण पर गौर करती है तो यह पूर्व मुख्यमंत्री के लिए नुकसानदेह होगा।

# प. बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाणपत्र रद

### आरक्षण अवैध, हाईकोर्ट के फैसले से लाखों लोग होंगे प्रभावित

कोलकाता, एजेंसी

- कोर्ट के इस फैसले से अब तक के लाभार्थियों पर नहीं पड़ेगा असर
- पिछड़ा वर्ग आयोग की राय राज्य विधानमंडल के लिए बाध्यकारी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में कई वर्गों का ओबीसी (अन्य पिछड़े वर्ग) दर्जा रद कर दिया और राज्य की नौकरियों में रिक्तियों के लिए 2012 के एक अधिनियम के तहत इस तरह के आरक्षण को अवैध पाया। अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश पारित करते हुए उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जिन वर्गों का ओबीसी दर्जा हटाया गया है, उसके सदस्य यदि पहले से ही सेवा में हैं या आरक्षण का लाभ ले चुके हैं या राज्य की किसी चयन प्रक्रिया में सफल हो चुके हैं, तो उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी। मामले से जुड़े एक वकील ने कहा कि इस फैसले से राज्य में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे।

अदालत ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा) (सेवाओं और पदों में रिक्तियों का आरक्षण) कानून, 2012 के तहत ओबीसी के तौर पर आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले कई वर्गों को संबंधित सूची से हटा दिया। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि 2010 से पहले ओबीसी के 66 वर्गों को वर्गीकृत करने वाले राज्य सरकार के कार्यकारी आदेशों में हस्तक्षेप नहीं किया गया, क्योंकि इन्हें याचिकाओं में चुनौती नहीं दी गई थी। पीठ ने निर्देश दिया कि पांच मार्च, 2010 से 11 मई, 2012 तक 42 वर्गों को ओबीसी के रूप में वर्गीकृत करने वाले राज्य के कार्यकारी आदेशों को भी रद कर दिया गया।

पीठ ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग की राय और सलाह आमतौर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1993 के तहत राज्य विधानमंडल के लिए बाध्यकारी है। पीठ ने राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को आयोग के परामर्श से ओबीसी की राज्य सूची में नए वर्गों को शामिल करने या शेष वर्गों को बाहर करने की सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट विधायिका के समक्ष रखने का निर्देश दिया।

### अदालत का आदेश स्वीकार्य नहीं : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में कई वर्गों के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के दर्जे को रद करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। दमदम लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले खड़दह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा क्योंकि इससे संबंधित विधेयक संविधान की रूपरेखा के भीतर पारित किया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लाया गया ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा। हमने घर-घर सर्वेक्षण करने के बाद विधेयक बनाया था।

## पीएफआई के आठ सदस्यों की जमानत रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें गैर-कानूनी गतिविधि (निरोधक) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के आठ कथित सदस्यों को जमानत दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने हाईकोर्ट से पिछले साल 19 अक्टूबर को जमानत पाए आरोपियों को तत्काल आत्मसमर्पण करने और जेल जाने का निर्देश दिया।

# नॉर्थ ब्लॉक में बम रखे होने की धमकी

- इसी ब्लॉक में है गृह मंत्रालय तलाशी में कुछ संदिग्ध नहीं मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

नॉर्थ ब्लॉक को बम होने की धमकी मिली है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नॉर्थ ब्लॉक में ही गृह मंत्रालय का दफ्तर है।

अधिकारी के मुताबिक, धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है। डीएफएस अधिकारी ने बताया कि पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मियों के साथ-साथ श्वान दस्ता, बम निरोधक दस्ता और बम का पता लगाने वाले दल तलाशी में जुटे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नॉर्थ ब्लॉक में तैनात एक अधिकारी को बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद डीएफएस को मामले की सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि तलाशी ली जा रही है और फिलहाल कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।




धमकी मिलने के बाद नार्थ ब्लॉक पहुंची अग्निशमन की टीम। ● एजेंसी

# कोलकाता में बांग्लादेश के सांसद अनवारुल की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

- अपार्टमेंट में मिले रक्त के धब्बे नहीं मिला शव
- मामले में 3 संदिग्धों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बंगलादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम की शहर के न्यू टाउन स्थित एक आवासीय परिसर में हत्या कर दी गई है, लेकिन उनका शव अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने हत्या की पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि आवामी लीग के सांसद अनवारुल इलाज के सिलसिले में 12 मई को कोलकाता आए थे। यहां पहुंचने के बाद 14 मई से लापता थे।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस को अपार्टमेंट में खून के धब्बे मिले हैं, जहां के सीसीटीवी कैमरों में सांसद को तीन या चार अन्य लोगों के साथ प्रवेश करते देखा गया था, लेकिन वीडियो फुटेज में सांसद को बाहर निकलते नहीं देखा गया। बांग्लादेश की पुलिस ने सांसद के लापता होने के मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

# चुनाव प्रचार के दौरान मर्यादा कायम रखें भाजपा-कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने दोनों दलों को दी हिदायत
- आयोग सख्त-नड्डा और खरगे को भेजी नोटिस

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी। कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को कहा कि स्टार प्रचारकों के बयान एक खास चलन का अनुसरण करते हैं और ऐसे विमर्श पैदा करते हैं जो आदर्श आचार संहिता के बाद भी नुकसानदेह हो सकते हैं।

विगत 25 अप्रैल को जारी नोटिसों पर आए इन दलों के जवाबों का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के बयानों की तकनीकी खामियां प्रचारकों को उनके अपने भाषणों की सामग्री की मुख्य जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकती है।

# ललितपुर परियोजना की एक इकाई ठप, आपात बिजली कटौती शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले से बंद पांच इकाइयों में से दो चालू, तीन बंद
- एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति की खरीद जारी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में भारी मांग के कारण बिजली उत्पादन इकाइयों के खराब होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई, जबकि पहले से बंद पांच इकाइयों में से दो इकाइयां चालू हो गई हैं। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली खरीद जारी है। इसके बाद भी मांग पूरी न होने पर आपात बिजली कटौती शुरू हो गई है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू हो गई हैं, जबकि ओबरा की दो सौ मेगावाट एक, ऊंचाहार परियोजना की 210 मेगावाट की एक व रोजा परियोजना की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप है। पहले से ठप इकाइयों के 23 मई तक व ललितपुर इकाई के 25 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

प्रदेश में बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 28,336 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 20 हजार मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों का कहना है कि बिजली की मांग लगातार 28 हजार मेगावाट पार कर रही हे, जबकि उपलब्धता 27,500 मेगावाट तक पूरी हो पा रही है।

### गांवों को मिल रही 22 घंटे बिजली

लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति व्यवस्था की गई थी, पर इकाइयों के खराब होने के कारण अब गांवों में आपात बिजली कटौती हो रही है। गांवों को लगभग 22 घंटे आपूर्ति की जा रही है, जबकि बुंदेलखंड में साढ़े बाइस घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित हो रही है।



| पर्पल कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

| ऑरेंज कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | रन |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## ब्राजील के न्यूम्स से भिड़ेंगे नीरज गोयत



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज नीरज गोयत महान मुक्केबाज माइक टाइसन और जैक पॉल के बीच टेक्सास के एर्लिंगटन में 20 जुलाई को होने वाले मुकाबले के दौरान ब्राजील के विंडरसन न्यूम्स से भिड़ेंगे।

गोयत और न्यूम्स में छह दौर का सुपर मिडिलवेट अंडरकार्ड (जो उस दिन का मुख्य मुकाबला नहीं हो) मुकाबला होगा। मुख्य मुकाबला टाइसन और पॉल के बीच आठ दौर का हैवीवेट होगा। इसी दिन केटी टेलर और अमांडा सेरानो के बीच 10 दौर का निर्विरोध सुपर लाइटवेट विश्व खिताब महिला मुक्केबाजी मुकाबला होगा।

# बेंगलुरु ने राजस्थान को दिया 173 रनों का लक्ष्य

## रजत पाटीदार और विराट कोहली की पारियों के दम पर एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान को मिली चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**

रजत पाटीदार (34) और विराट कोहली (33) की पारियों के दम पर रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 173 रनों का लक्ष्य दिया है।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करनी उतरी बेंगलुरु की अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी (17) का विकेट गंवा दिया। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने पॉवेल के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद आठवें ओवर में विराट कोहली को युजवेंद्र चहल ने डी फरेरा के हाथों कैच आउट कराया।

कोहली ने 24 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली। कैमरून ग्रीन 21 गेंदों में (27), ग्लेन मैक्सवेल (शून्य) पर आउट हुये। दोनों ही बल्लेबाजों को आर अश्विन ने आउट किया। रजत पाटीदार ने 22 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये (34) रन बनाये। उन्हें आवेश खान ने आउट किया।

दिनेश कार्तिक (11) को आवेश खान ने आउट किया। महिपाल लोमरोर ने 17 गेंदों में (32) रन बनाये। आठवें विकेट के रूप में आखिर गेंद पर कर्ण शर्मा (5) रन बनाकर आउट हुये। स्वप्निल सिंह (9) रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 172 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान ने तीन विकेट लिये। रवि अश्विन को दो विकेट मिले। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। वहीं एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान और बेगलुरु के बीच हुआ मुकाबला काफी रोमाचक रहा। मैच के दौरान कभी लगे की आरसीबी काफी बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है तो दूसरी ओर राजस्थान के गेंदबाज अपनी पैनी गेंदबाजी से विकेट लेकर उसके इस मंसूबे पर पानी फेर दे रहे थे। स्टेडियम में मौजूद दर्शन इस रोमाचक मैच का पूरा आनंद ले रहे थे।



नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे आईपीएल मैच के दौरान बेंगलुरु के ग्लेन मैक्सवेल का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते राजस्थान के रविचंद्रन अश्विन।



## पेनाल्टी शूटआउट में भारत ने अर्जेंटीना को हराया

**एंटवर्प।** मनदीप सिंह और ललित कुमार के बेहतरीन गोलों के बाद श्रीजेश की जाबांज गोलकीपिंग की बदौलत भारत ने एक रोमांचक मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाफ शूटआउट में 5-4 से रोमांचक जीत हासिल की। मनदीप सिंह (11) और ललित उपाध्याय (55) ने भारत के लिए एक-एक गोल किया, जबकि लुकास मार्टिनेज (20) और टॉमस डोमेने (60) ने गोल कर मैच को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया और मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट में चला गया।

भारत ने सतर्क शुरुआत करते हुए अर्जेंटीना को स्ट्राइकिंग सर्कल में आसानी से घुसने नहीं दिया। दूसरी ओर टीम के फारवर्ड ने एक चतुर रणनीति बनाई और अर्जेंटीना के रक्षकों को गलतियाँ करने के लिए मजबूर किया। रणनीति काम कर गई और मनदीप सिंह (11) ने पहले क्वार्टर में चार मिनट शेष रहते हुए करीब से गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने पहला क्वार्टर 1-0 की बढ़त के साथ समाप्त किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में, भारत ने शुरुआती मिनटों में आक्रामक शुरुआत की उन्होंने लगातार हमलों से अर्जेंटीना की रक्षा पंक्ति पर दबाव डाला और गेंद पर अधिक कब्ज़ा किया। हालाँकि अर्जेंटीना ने इस बीच मिले पेनल्टी कॉर्नर पर लुकास मार्टिनेज (20) के जरिये बराबरी कर ली। भारत ने पांच मिनट शेष रहते पेनाल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह इस मौके का फायदा नहीं उठा सका। हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर था। तीसरा क्वार्टर में दोनो टीमों के एक दूसरे पर हमले किये मगर गोल में तब्दील करने में असफल रहे। समय समाप्त होने में 15 मिनट शेष रहते भारत ने अर्जेंटीना पर दबाव बनाना शुरू कर दिया, नतीजन भारत ने ललित (55) के माध्यम से 2-1 की बढ़त ले ली।

# सिंधू मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**



ब्रेक से वापसी करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई।

दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था। उन्होंने गिलमोर को 21-17, 21-16 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पिछले साल घुटने की चोट के बाद वापसी के साथ कई करीबी मुकाबले हार गई हैं। अब उनका इरादा यहां अच्छा प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक की तैयारी पुख्ता करने का होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। अब उनका सामना कोरिया की सिम यू जिन से होगा। मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग के क्वालीफायर लुइ चुन वाइ और फु चि यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जि और तोह ई वेइ से होगा।

# सचिन ने अपना स्वर्ण पदक रखा बरकरार

**कोबे (जापान), एजेंसी**

विश्व पैरा एथलेटिक्स



- टूर्नामेंट में भारत ने अब तक पांच स्वर्ण समेत कुल 11 पदक जीते

भारत के सचिन सर्जेराव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है, जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है।

महाराष्ट्र के सांगली जिले के सचिन स्कूली दिनों में दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा कि मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए। इससे पहले कल पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भाला फेंक में स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण जीते थे।

## खेल डायरी

### पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हसन टीम से रिलीज

**कराची।** पाकिस्तान ने बुधवार को तेज गेंदबाज हसन अली को इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में पहले टी-20 मैच से पूर्व टीम से रिलीज कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि सीनियर तेज गेंदबाज हारिस रऊफ फिट हो चुके हैं लिहाजा हसन को इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलने के लिये फारिग कर दिया गया है। हसन को हारिस के कवर के तौर पर 18 सदस्यीय टीम में चुना गया था। हारिस फरवरी से ग्रोइन की चोट से जूझ रहे हैं। हसन ने आयरलैंड के खिलाफ एक टी-20 मैच खेला, लेकिन काफी महंगे साबित हुए थे। पाकिस्तान ने अभी तक अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिये 15 सदस्यीय टीम नहीं चुनी है।

### महिला जू. टीम ने डच हॉकी क्लब को हराया

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** हिना बानो और कनिका सिवाच के गोलों की मदद से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की शुरुआत नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश को 2-0 से हराकर की। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे को आजमाया। भारत के लिए हिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया। इससे पहले तीन पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए थे। मेजबान टीम को तीसरे क्वार्टर में मिले तीनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। भारत के लिए दूसरा गोल कनिका ने चौथे क्वार्टर में दागा। भारतीय जूनियर टीम अब बुधवार शाम को यहां बेल्जियम के खिलाफ अगला मैच खेलेगी।

### नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को हराया

**नई दिल्ली।** नेहरू स्टेडियम पर खेले जा रहे ए डिवीजन मुकाबलों में नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को प्लेयर ऑफ द मैच मनीष सुयाल के गोल से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में वारियर को यंग ब्वायज ने 2-2 पर रोक कर अंक बांट लिए। वारियर के लिए लालजामराविया और मोहन ने गोल किए तो यंग ब्वायज के दोनों गोल मोइरांगदम ने जमाए। विनोद नगर मैदान पर खेले गए सीनियर डिवीजन रेलिगेशन राउंड मैचों में जगुआर एफसी ने गढ़वाल डायमंड को गोल शून्य बराबरी पर रोक अंक बांटे। दोनों टीमों ने कमजोर निशाने लगा कर गोल जमाने के मौके बेकार किए और अंक बांट लिए।

### थिएम क्वालीफायर के दूसरे दौर में बाहर

**पेरिस।** दो बार के फ्रेंच ओपन उप विजेता डोमिनिक थिएम बुधवार को रोलां गैरां टेनिस क्वालीफायर के दूसरे दौर के मैच में हार गए। यह फ्रेंच ओपन का उनका अंतिम मैच भी रहा। वह 11वीं और अंतिम बार क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में जगह नहीं बना सके। 17 खिताब जीतने वाले थिएम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में ओटो विरटानेन से 2-6, 5-7 से हार मिली। आस्ट्रिया के थिएम 2018 और 2019 रोलां गैरां फाइनल में पहुंचे थे। कलाई की चोट से वह वापसी करने में जूझते रहे जिससे इस महीने के अंत में उन्होंने साल के अंत में संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। हार के बावजूद उन्हें दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर विदाई दी।

# महिला टीम फाइनल में, कांस्य से चूके पुरुष

**येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**



तीरंदाजी विश्व कप

- विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान की टीम तुर्की से होगा मुकाबला

दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर बढाते हुए फाइनल में पहुंच गई, लेकिन पुरुष कंपाउंड टीम दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूकने के बाद खाली हाथ लौटेगी।

महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233-229 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा। तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया। भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था। अंतिम आठ में उसने इटली को 236-234 से हराया।

भारतीय पुरुष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूट आफ में आस्ट्रेलिया से 133-133 (10 -10 *) से हार गए। दोनों टीमों का स्कोर बराबर था, लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी। तरुणदीप राय और दीपिका रिकर्व वर्ग में अपने अपने क्वालीफायर में क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता राय ने 681 अंक लेकर छठा स्थान पाया जबकि धीरज बोम्मादेवरा 11वें स्थान पर रहे। भारतीय टीम दूसरे स्थान पर रही और अब विपरीत ड्रॉ में खेलेंगी। भारतीय पुरुष टीम ने शंघाई में पिछले महीने विश्व चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। महिला व्यक्तिगत वर्ग में दीपिका एक अंक से शीर्ष तीन में रहने से चूक गई। भजन कौर 34वें और अंकिता भकत 49वें स्थान पर रही। महिला टीम छठे स्थान पर रही। राय और दीपिका मिश्रित रिकर्व टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# भारत को अर्जेंटीना से मिली हार

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

एफआईएच महिला प्रो लीग

- 0-5 से करना पड़ा भारतीय हॉकी महिला टीम को हार का सामना

भारतीय महिला हॉकी टीम की एफआईएच महिला प्रो लीग अभियान के यूरोपीय चरण की शुरुआत निराशाजनक रही, उसे बुधवार को अर्जेंटीना से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

अर्जेंटीना के लिए जुलिएटा जानकुनास (53वें, 59वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि ऑगस्टिना गोर्जेलानी (13वें), वेलेंटीना रापोसो (24वें) और विक्टोरिया मिरांडा (41वें) ने 1-1 गोल किए। कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पहला मैच खेल रही भारतीय पहले दो क्वार्टर में सर्कल में सेंध लगाने में असमर्थ दिखीं। भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया को टीम में चुने जाने के बावजूद लाइनअप से बाहर रखा गया। बीचू देवी खारीबाम ने गोलकीपिंग की। अर्जेंटीना ने पहले दो क्वार्टर में 7 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। गोर्जेलानी ने 13वें मिनट में भारतीय गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। रापासो ने 24वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। दीपिका ने उदिता के पास पर रिवर्स हिट किया लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर क्रिस्टीना कोसेन्टिनो ने इस को विफल कर दिया। फिर जानकुनास ने छह मिनट के अंदर दो खूबसूरत मैदानी गोल दागकर स्कोर 5-0 कर दिया। भारतीय टीम अब गुरुवार को मेजबान बेल्जियम से भिड़ेगी।

## बॉलीवुड हलचल

### ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत

**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए कड़ी मेहनत की है। जाह्नवी इन दिनों फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में हैं। जाह्नवी और राजकुमार राव अभिनीत इस स्पोर्ट्स ड्रामा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। जाह्नवी ने बताया है कि इस फिल्म के लिए वह आईपीएल टीम के साथ घंटों प्रैक्टिस करती थीं। मेकर्स की तरफ से हाल ही में मेकिंग वीडियो रिलीज किया गया है, जिसमें जाह्नवी अपनी तैयारियों का ब्योरा देती नजर आ रही हैं। जाह्नवी ने बताया है कि क्रिकेटर की भूमिका निभाने के लिए मैंने घंटों नेट्स में पसीना बहाया है। मैंने चोटों का भी सामना किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटिंग कोच अभिषेक नायर ने मेरी सहायता की और खेलने का सही तरीका बताया। मेरा डेली रुटीन 5-6 घंटे तक ट्रेनिंग सेशन में गुजरता था, जिसमें क्रिकेट, जिम वर्कआउट और अन्य वर्कशॉप थे। ये सिलसिला लंबे समय तक चला और तब जाकर मैंने फिल्म के लिए खुद को तैयार किया है। फिल्म राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, अभिषेक बनर्जी, जरीना वहाब और अर्जित तनेजा जैसे कलाकार भी हैं। शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 31 मई को रिलीज होगी।





### संजय दत्त ने नहीं छोड़ी वेलकम टू द जंगल

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त ने अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल छोड़ दी है। बॉलीवुड में चर्चा है कि संजय दत्त ने 'वेलकम टू द जंगल' से किनारा कर लिया है। इसके पीछे वजह बताई गयी कि संजय दत्त ने अक्षय कुमार से अनबन के कारण यह फिल्म छोड़ दी है, लेकिन अक्षय कुमार के साथ उनकी अनबन की अफवाह बेबुनियाद है। वेलकम टू द जंगल से संजय दत्त महीनों पहले अलग हो चुके हैं। इसके पीछे कारण उनकी हेल्थ बनी है। कैंसर के इलाज के चलते संजय दत्त फिल्म के एक्शन सीक्वेंस नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने वेलकम टू द जंगल से खुद को बाहर कर लिया है। संजय दत्त फिल्म को लेकर एक्साइटेड थे और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी थी। दुर्भाग्य से, कुछ महीने पहले मड आइलैंड में सिर्फ एक दिन की शूटिंग पूरी करने के बाद, उन्होंने निर्देशक को बताया कि वो कैंसर से लड़ाई और उसके बाद के ट्रीटमेंट के बाद हेल्थ इशू की वजह से शूटिंग जारी नहीं रख सकते।



विश्व चैंपियन को हरा चुके युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में चलेंगे अपनी चाल

# कार्लसन से खेलना मेरे लिए चुनौती नहीं : प्रज्ञानानंदा

**स्टवांगर (नॉर्वे), एजेंसी**



कई बार मैग्नस कार्लसन को पराजित करने के बाद युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को लगता है कि जब वह 27 मई से यहां शुरू हो रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में कई दफा के विश्व चैंपियन से उनके ही देश में भिड़ेंगे तो उन पर कोई दबाव नहीं होगा। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम बार 33 साल के कार्लसन को इस महीने के शुरु में वारसॉ में ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मात दी थी। प्रज्ञानानंदा के साथ उनकी बहन आर वैशाली भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली पहली बार नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलेंगी।

प्रज्ञानानंदा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैग्नस से उनके देश में खेलना मेरे लिए कोई चुनौती है। वैसे यह देश में खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मायने रखता है लेकिन मेरे लिए नहीं। इस 11 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में घरेलू दावेदार कार्लसन के अलावा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। पिछले साल फिडे विश्व कप में कार्लसन से अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि यहां का अनुभव उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में मदद करेगा। प्रज्ञानांनदा ने कहा कि मुझे हमेशा अच्छी चुनौती में मजा आता है। पिछले साल विश्वकप के बाद यह मेरा उनके साथ पहला क्लासिकल मुकाबला होगा। मैं उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं और अन्य के खिलाफ खेलने के लिए भी बेताब हूं। इसमें कोई शक नहीं कि यहां का अनुभव मुझे भविष्य में मदद करेगा। 18 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि काफी मजबूत दावेदार टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अभी तक मैं जितने भी टूर्नामेंट खेला हूं, उसमें मुझे यह शायद सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी लग रहे हैं। मेरे लिए यह अच्छा मौका है और मैं चुनौती देकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि इस साल का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। नॉर्वे शतरंज के बाद मैं शतरंज ओलंपियाड के लिए बुडापेस्ट जाऊंगा। मैं इस साल के अंत में ग्लोबल शतरंज लीग में भी खेलूंगा। इस तरह की रोमांचक लीग होना वास्तव में अच्छा है, जिससे इस खेल को आगे बढ़ने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी मेरा फोकस नॉर्वे शतरंज पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार हूं।

### अपनी बहन वैशाली के प्रदर्शन पर रखेंगे नजर

प्रज्ञानानंदा ने कहा कि वह महिला वर्ग में अपनी बहन वैशाली की प्रगति पर भी नजर रखेंगे। नॉर्वे शतरंज में महिला टूर्नामेंट शुरू होना अच्छा है। यह अच्छी पहल है क्योंकि महिलाओं के लिए ज्यादा टूर्नामेंट नहीं है। इससे अन्य आयोजकों को भी महिलाओं के टूर्नामेंट आयोजित करने का प्रोत्साहन मिलेगा। मेरी बहन भी इसमें खेलेगी। मैं अपनी बहन के प्रदर्शन पर नजर रखूंगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# मुआयने में गैरहाजिर मिले तीन डॉक्टर, कार्रवाई के दिए निर्देश

## जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

संवाददाता कार्यालय,चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का औचक मुआयना किया। इस दौरान ओपीडी में तीन चिकित्सकों के गैरहाजिर पाए जाने पर डीएम ने सीएमएस वंदना श्रीवास्तव को इनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ओपीडी में डॉ. कन्हैयालाल, डॉ. कुलदीप व डॉ. आरबी लाल अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने मरीजों से दवा, खाने आदि के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने पंजीकरण कक्ष, दवा वितरण कक्ष आदि का मुआयना किया। वार्ड ब्वाय को निर्देश दिए कि दवा वितरण करते समय मरीजों को दवा खाने के बारे में भी बताया जाए। डीएम ने कोल्ड चेन में दवाइयों के रखरखाव, एक्सपायरी दवाओं को नष्ट करने आदि के भी निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के भुगतान के संबंध में जानकारी की। माह अप्रैल तक का भुगतान किया पाया गया। बताया गया कि मई के भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक एवं अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



जिला अस्पताल का मुआयना करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

### स्टाफ नर्सों को भी किया आगाह

डीएम जननी सुरक्षा वार्ड के निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्सों को ठीक से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतें मिल रही है कि मरीज को परेशान किया जा रहा है अगर ऐसी कोई शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिए कि इनकी बैठक करके करें। शिकायत मिली तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### बाहर से न मंगाएं दवा

डीएम ने चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए कि मरीजों को कोई भी दवा बाहर से लाने के लिए न लिखी जाए। आगाह किया कि ऐसी शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सफाई को लेकर नाराजगी

डीएम ने जिला अस्पताल की साफ-सफाई ठीक न पाए जाने पर भी नाराजगी जताई। मुख्य चिकित्साधीक्षक को सख्त निर्देश दिए कि सफाई अच्छी तरह से कराई जाए। भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था, एसी, पंखा, कूलर संचालित कराएं। किसी भी मरीज को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

### वाहनों को अंदर न आने दिया जाए

जिला अस्पताल के अंदर गाड़ियों के प्रवेश पर भी डीएम ने रोष जताया। कहा कि सिक्योरिटी गार्ड गेट के अंदर कोई भी गाड़ी न आने दें। अगर वे ठीक से काम नहीं कर रहे तो तत्काल हटाकर दूसरी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

## अंधविश्वास के फेर में चली गई किसान की जान

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** रामपुर में किसान की सर्पदंश से मौत हो गई। घरवाले झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे और उसकी हालत बिगड़ती चली गई। बाद में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे हरिमोहन साहू (62) सब्जी की फसल में कीटनाशक दवा छिड़कने के लिए कमरे में रखी मशीन निकालने गया था। इसी दौरान उसको पैर में सर्प ने काट लिया। हरिमोहन की तबीयत बिगड़ने पर अंधविश्वास के वशीभूत परिजनों ने पहले गांव में तीन ओझाओं से बारी-बारी झाड़फूंक करवाई।

जब सुधार न हुआ और हालत बिगड़ती गई तो वे किसान को एंबुलेंस में लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। समाचार भेजे जाने तक परिजन शव का पोस्टमार्टम करवाने के पक्ष में नहीं थे।

# मुस्लिम युवक पर किशोरी को ले जाने का आरोप

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- पुलिस ने किशोरी को ढूंढा आरोपी फरार
- सीओ बोले, प्रथमदृष्टया जांच में दोनों बालिग

**अमृत विचार।** थानांतर्गत एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने मुस्लिम समुदाय के युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ करने और फिर फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में पाक्सो, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम आदि के तहत रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी को ढूंढ निकाला है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

ग्रामीण ने बताया कि वह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहा है। उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। आरोप लगाया कि एक सप्ताह पूर्व मऊ कस्बे के गायत्रीनगर निवासी चिराग अली पुत्र रहमान अली ने उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की थी। चिराग तहसील गेट के सामने गन्ने के रस का ठेला लगाता है। जब उसने चिराग को इसका उलाहना दिया तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज की और धमकी दी। ग्रामीण का कहना है कि उसने आरोपी के दूसरे समुदाय का होने की वजह से लोकलाजवश किसी को नहीं बताया। आरोप लगाया कि जब भी उसकी बेटी कस्बे जाती थी तो चिराग उससे छेड़खानी करता था। 21 मई को जब बेटी मऊ गई थी, चिराग उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया।

काफी पता करने पर जब जानकारी नहीं हुई तो उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, इस संबंध में मऊ सीओ जयकरन सिंह ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने किशोरी को ढूंढ लिया है। आरोपी फरार है, जिसको जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। बताया कि प्रथमदृष्टया दोनों बालिग पाए गए हैं। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे उन्हीं के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## लौढिया माफी के सचिव को कारण बताओ नोटिस

**मानिकपुर।** खंड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी ने सोमवार को ग्राम पंचायत लौढिया माफी के ग्राम विकास अधिकारी उत्कर्ष सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी की है। सचिव को दो दिन के अंदर गोआश्रय पोर्टल की डिमांड अपलोड न करने के संबंध में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है। ऐसा न करने पर अनुशासत्मक कार्रवाई की संस्तुति कर दी जाएगी।

बीडीओ ने बताया कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के निर्देश पर उन्होंने 22 मई को गोआश्रय पोर्टल को देखा तो पाया कि अभी तक लौढियामाफी की फरवरी और मार्च की डिमांड अपलोड नहीं की गई। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठकों, दूरभाष और पत्राचार से कई बार निर्देश देने के बाद भी यह नहीं किया जाना स्वेच्छाचारिता दिखाता है। इससे स्पष्ट है कि वह उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के आदी हैं। बीडीओ ने इस संबंध में सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि वह अधिकतम दो दिन में ग्राम पंचायत में संचालित गौशाला की डिमांड पोर्टल में अपलोड करें।

## टूटी सड़क से बढ़ी परेशानी, डीएम को लिखा पत्र

**चित्रकूट।** तुलसीनगर निवासी बाबूलाल सोनी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अपने घर के सामने की सड़क पर भरे पानी के संबंध में जानकारी दी है। उसका कहना है कि घर के ठीक सामने से गुजरने वाली मुख्य रोड गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इसमें नाली का गंदा पानी भरा है। इससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर लगे खंभों में अभी तक स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। ऐसे में रात में लोग गिर जाते हैं। इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने डीएम से इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की गुहार की है।

# सड़क पर गड्ढों से चुटहिल हो रहे लोग, जिम्मेदार चुप

संवाददाता कार्यालय,चित्रकूट

- ट्रैफिक चौराहे से सोनेपुर जाने वाले रास्ते का हाल

**अमृत विचार।** सड़कों को गड्ढामुक्त करने के दावे लंबे समय से किए जाते हैं पर गांव-कस्बों की छोड़िए, मुख्यालय में भी तमाम जगहों पर ये दावे खोखले लगते हैं। प्रशासन की सख्ती के बाद भी कार्यदायी संस्थाओं के जिम्मेदारों पर की असर नहीं दिखता। कई सड़कें तो ऐसी हैं, जिन पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के वाहन फर्राटा भरते हैं पर इनको दुरुस्त नहीं किया जाता।



सड़क पर गिरने से खुद को संभालता बाइकसवार।

मुख्यालय में ट्रैफिक चौराहे से सदर बाजार होते एलआईसी जाने वाली सड़क भी ऐसी ही एक सड़क है। इस पर गड्ढे अक्सर लोगों के चुटहिल होने की वजह बनते हैं। इंडियन बैंक की शाखा के पास तो हाल और भी बदतर है। लोग बताते हैं कि बरसात के मौसम में यहां पानी भर जाने पर कई लोग चुटहिल हुए। बुधवार को भी एक बाइकसवार गिर गया, जिसके पैर में मोच आ गई। आश्चर्य की बात यह कि इसी सड़क के किनारे नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता का भी मकान है। लोग बताते हैं कि कई साल पहले इसको लगभग आधा किलोमीटर तक बनाया गया था पर वह ध्वस्त हो गई। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठे। इस सड़क से दिन में सैकड़ों वाहनों की आवाजाही होती है। एलआईसी के आगे सोनेपुर-कलेक्ट्रेट मार्ग पर देशी शराब ठेके के पास भी कई गड्ढे हैं।

### महत्वपूर्ण रास्ते की अनदेखी:योगेश



व्यवसायी और समाजसेवी योगेश जैन की वहीं पर दुकान है। वह बताते हैं कि यहीं से कलेक्ट्रेट को रास्ता जाता है। इसी रोड पर अस्पताल है। गड्ढे न बनने से गहरे होते जा रहे हैं। टेंपो, ई-रिक्शा, ट्रैक्टर तक पलट चुके हैं पर किसी को चिंता नहीं।

### कई बार हुई दुर्घटनाः कमलेश



परसौंजा निवासी कमलेश यादव ने बताया कि वह तकरीबन रोज यहां आते हैं। अक्सर लोगों को यहीं गिरते देखते हैं। लंबे समय से यह सड़क नहीं बनाई गई। बताया कि वह भी यहां गिरकर चुटहिल हुए हैं। जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस...



**सीतापुर :** अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस पर दामोदर रोपवे कंपनी ने हनुमान धारा पर पौधरोपण किया। मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य चमरिया ने रोपवे को परिवहन का सबसे पर्यावरण अनुकूल तरीका बताया। जीतेंद्र वर्मा एसडीएम, मयंक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। • अमृत विचार

# चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस बल रवाना


संवाददाता कार्यालय,चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के छठवें एवं सातवें चरण के चुनाव के लिए पुलिस बल को पुलिस लाइंस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

एसपी ने पुलिसकर्मियों को हिदायत दी कि जैसे अभी तक काम किया है, उसी जिम्मेदारी से काम करें। चुनाव अंतिम चरण में है। सतर्क एवं संवेदनशील रहकर ड्यूटी करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उसे रोकें तथा बिना देरी किए इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें।



पुलिस बल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी। अमृत विचार



- एसपी ने पुलिसकर्मियों को मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया

इस दौरान पुलिस बल को लंच बॉक्स, फर्स्ट एड किट भी दी गई। एसपी ने निर्देशित किया कि कोई बस से रास्ते में नहीं उतरेगा, सभी कर्मचारी एक साथ गंतव्य तक जाएंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## रंजिश में युवकों ने महिला को पीटा

**मौदहा।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक अधेड़ महिला को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल दिया। लहूलुहान हालत में महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की।

कोतवाली क्षेत्र के भैंस्ता निवासी पीड़िता के पुत्र विजय कुमार ने बताया कि गांव निवासी कुन्दन, मइयादीन ने पुरानी रंजिश से मां गुड्डी पत्नी मुन्ना को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने घायल को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# समय से दफ्तर नहीं पहुंच रहे कर्मचारी, कार्यालय सूने

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कर्मचारियों के सिर से अभी तक लोकसभा चुनाव का खुमार नहीं उतर सका है। बुधवार को 12:00 बजे तक ब्लॉक कार्यालय के पटल के सभी कर्मचारी नदारत थे। फरियादी आकर वापस जा रहे थे।

लोकसभा चुनाव में ब्लॉक के सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सोमवार को मतदान कराकर वापस लौटे कोई भी कर्मी मंगलवार को कार्यालय नहीं आया। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय में छुट्टी जैसा नजारा रहा। बुधवार को दिन में 12:00 बजे की गई पड़ताल में मनरेगा पटल पर लेखा सहायक और कंप्यूटर ऑपरेटर ही मौजूद थे। अन्य सभी कर्मी नदारत थे। विकास पटल का बुरा हाल था। स्थापना लिपिक से लेकर यहां पर तैनात सभी कर्मी गायब थे। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक कर्मियों के गायब होने की बात का समुचित उत्तर नहीं दे सके। जब उनसे पूछा गया कि क्या आज भी कोई अवकाश है। तब उन्होंने कहा कि कर्मचारी चुनाव ड्यूटी की खुमारी उतार रहे हैं। डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने बताया कि कर्मचारियों के चुनाव में व्यस्त होने से कुछ अव्यवस्थाएं हुई है।



ब्लाक कार्यालय में पसरा सन्नाटा।

## सार-संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइकसवार घायल

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत बकटा बुजुर्ग निवासी जयराज (30) पुत्र बाबूलाल बुधवार अपराह्न करीब तीन बजे गांव से पहाड़ी जा रहा था। खुटौरा पेट्रोल पंप के पास राजापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से जिला चिकित्सालय रिफर किया गया।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह जानकारी प्रभारी कुलसचिव प्रो. आरसी त्रिपाठी ने दी। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट अथवा छात्र सहायता पटल में या फिर 07670-265394 और जनसंपर्क अधिकारी के मो. नंबर 9918085825 पर संपर्क करें।

### ट्रेन के इंतजार में बैठी महिला की तबीयत बिगड़ी, मौत

**मानिकपुर।** ट्रेन के इंतजार में बैठी महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आरपीएफ ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, भौरी निवासी शकुंतला देवी (55) अपनी बेटी के साथ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बैठी थीं। दोनों विलासपुर जाने के लिए सारनाथ एक्सप्रेस का इंतजार कर रही थीं। अचानक शकुंतला की तबीयत बिगड़ी और वह गिर पड़ी। आरपीएफ के सहयोग से उनको बेटी आशा तिवारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### सीओ राजापुर ने स्ट्रांग रूम का किया मुआयना

**चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने बुधवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की चेकिंग की गई। कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को चेक किया गया। निर्देशित किया कि किसी भी व्यक्ति/वाहन को अंदर प्रवेश न करने दिया जाए।

**धर्म-अध्यात्म** — छीबों में भागवत कथा का समापन, वरिष्ठ आचार्य ने भागवत पुराण का मूल पाठ किया

# ईश्वर को भूलना मतलब जीवन में दु :ख का उद्गम

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

- कथावाचक विनय कृष्ण शास्त्री ने भक्तों का किया मार्गदर्शन

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत छीबों में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर बुधवार को कथावाचक विनय कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को ईश्वर की भक्ति की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में भी ईश्वर को याद करते रहना चाहिए। ईश्वर को भूलने का मतलब है कि जीवन में दुखों का उद्गम। जीवन में विपत्ति के आने पर ही व्यक्ति के धैर्य की परीक्षा की शुरुआत होती है।

गांव में हो रही संगीतमयी भागवत कथा में रेरुवा निवासी कथावाचक ने सातवें व अंतिम दिन नवधा भक्ति पर विचार रखे। भीष्मक चरित्र, जांबवती विवाह, सत्यभामा विवाह के प्रसंगों के साथ भगवान श्रीकृष्ण के विवाह की कथा भी बताई। उन्होंने बताया कि बताया कि भगवान के चरित्र को समझने का प्रयास किया जाए तो सीख मिलती है कि कभी भी जीवन के दुखों से विचलित नहीं होना चाहिए। कथा व्यास ने विप्र सुदामा व भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता की कथा को विस्तार से बताया। शिवमोहन विश्वकर्मा ने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। कथा की मुख्य श्रोता लालती देवी पत्नी राम अभिलाष सिंह रहीं। पं. गणेश दत्त द्विवेदी ने आचार्य के रूप में पूजन कार्य कराया। वरिष्ठ आचार्य कमल लोचन पांडेय ने भागवत पुराण का मूल पाठ किया। कथा की व्यवस्था की जिम्मेदारी संजीव सिंह ने संभाली। दलवीर सिंह, पुष्पराज, प्रकाश सिंह, लालबहादुर सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथावाचक विनय कृष्ण शास्त्री।



कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

## किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाया हालत गंभीर

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जमरेही तीर गांव में 17 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर परिजन स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जमरेही तीर गांव निवासी अनीता (17) पुत्री रामकरन ने बुधवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने हालत खराब देखा तो आनन फानन उसे कस्बे की सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।

# देसी शराब ठेका के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रिठारी गांव में देसी शराब की दुकान का आवंटन करने के विरोध में बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी व आबकारी अधिकारी को पत्र सौंप ठेका स्थानांतरण करने की मांग की है। उन्होंने शराब का ठेका हटाने को लेकर तमाम कारण बताए।

कुरारा विकासखंड के रिठारी के ग्रामीण बुधवार को मुख्यालय पहुंच डीएम व आबकारी अधिकारी को दिए पत्र में कहा कि उनके गांव स्थित कुरारा बेरी मार्ग में मानक के विरुद्ध देसी शराब की दुकान का आवंटन किया गया है। आबकारी नियमों की अवहेलना करते हुए उक्त देशी शराब ठेके का संचालन किया जा रहा है। बताया कि इस मार्ग से होकर वासुक देव का स्थान है, जहां पर दूर-दूर से लोग पूजा पाठ के लिए आते जाते हैं तथा स्कूल जाने वाले बच्चों को भी वही से गुजरना होता है।



डीएम को ज्ञापन देने जाते रिठारी के ग्रामीण। अमृत विचार

- जिलाधिकारी व आबकारी अधिकारी को पत्र सौंपकर ठेका स्थानांतरित करने की मांग

उक्त ठेके पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जो आते जाते लोगों पर छींटाकशी करते हैं। उन्होंने पत्र के माध्यम से शराब ठेके को कहीं और स्थानांतरित करने की मांग की है। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, घनश्याम यादव, जगदीश, पुष्पेंद्र, विजय पाल, रामकरन, लाखन दयाराम व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



फतेहपुर के लिए रवाना होते प्रतिभागी। अमृत विचार

## शौर्य प्रशिक्षण में भागीदारी को महिलाएं रवाना

- फतेहपुर में आज से शुरू होगा कानपुर प्रांत का प्रशिक्षण वर्ग

**बांदा।** हिंदू समाज की महिलाओं को सशक्त और संस्कारित बनाने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में फतेहपुर में आयोजित कानपुर प्रांत के आठ दिवसीय प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भागीदारी को जिले से मातृ शक्ति का जत्था रवाना हुआ। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जत्था का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।

विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी पिछले कई सालों से हिंदू समाज की महिलाओं को सशक्त व संस्कारित बनाने को कृत संकल्पित है। दुर्गा वाहिनी प्रतिवर्ष हिंदू बहनों का शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने व उनमें स्व गौरव का भाव उत्पन करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता है। इसी क्रम में पड़ोसी जनपद फतेहपुर में 22 से 29 मई तक आठ दिवसीय कानपुर प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय में आयोजित होगा। आठ दिवसीय प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भागीदारी को बुधवार को जिले से मातृ शक्ति का जत्था रवाना हुआ। इसके पूर्व जत्थे में शामिल दुर्गा वाहिनी नगर संयोजक रीतिका, नगर सह संयोजक सानिया वर्मा, नगर विद्यार्थी प्रमुख नैंसी पाखरे समेत सृष्टि सिंह और दीक्षा राजपूत का विहिप ने शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विहिप नगर पालक रेखा भटनागर, नगर सह पालक प्रकाश चंद्र त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष सनी धुरिया, बजरंग दल के अंकित पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## छठे और सातवें चरण के लिए पुलिस फोर्स रवाना

**बांदा।** छठे व सातवें चरण मतदान के लिए जनपद से रवाना किए गए पुलिस फोर्स को पुलिस उपाधीक्षक (नगर) ने पुलिस लाइन में सतर्क और संवेदनशील रहकर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ चुनाव ड्यूटी करने की नसीहत दी।

पुलिस लाइन परिसर में बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक (नगर) राजीव प्रताप सिंह ने छठवें और सातवें चरण चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए पुलिस बल की ब्रीफिंग करते हुए यात्रा व मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। कहा कि पुलिस कर्मी सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें। बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। हिदायत दी कि वह स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और प्रदान की गई किट समय पर उपयोग करें। उन्होंने पुलिस बल को रवाना करते हुए कहा कि यदि किसी पुलिस कर्मी को स्वास्थ्य अथवा अन्य समस्या पारिवारिक या व्यक्तिगत हो तो वह सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं उसका तत्काल निराकरण किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी निर्वाचन व अतर्रा गवेंद्र पाल गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह व प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्र रहे।

# सांसद चुनने में पुरुषों से आगे निकलीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- 57.67 फीसदी पुरुषों के सापेक्ष 61.77 महिलाओं ने किया मताधिकार का प्रयोग
- जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों पर फर्स्ट डिवीजन पास हुई महिला शक्ति

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण में मतदान के बाद जहां जिला निर्वाचन और उम्मीदवारों व समर्थकों ने थोड़ी राहत महसूस की है, वहीं लोकतंत्र के भाग्य विधाता कहे जाने वाले मतदाताओं को भी चुनावी टेंशन से मुक्ति मिल गई है। जनपद की चार विधानसभा सीटों पर कुल 60 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

यहां पुरुषों 57.67 फीसदी पुरुषों और 61.77 फीसदी महिलाओं ने मतदान में हिस्सा लिया। जबकि जिले के कुल 45 ट्रांसजेंडर मतदाताओं में से महज 17 ने ही लोकतंत्र के महापर्व में भाग लिया। कुल मिलाकर यहां भी महिलाओं ने बाजी मार ली और पुरुषों के सापेक्ष करीब 4 फीसदी अधिक महिलाओं ने मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाई है।

हमेशा मूंछों का दम दिखाने पुरुष आखिरकार लोकसभा चुनाव के मतदान में नारी शक्ति से पिछड़ ही गए। चुनाव लड़ रहे प्रमुख दलों के उम्मीदवारों की बात करें



मतदान केंद्रों में लगी महिलाओं की कतार। (फाइल फोटो)

तो भाजपा और बसपा ने जहां मर्दों पर अपना भरोसा जताया था, वहीं सपा-कांग्रेस के इंडिया गठबंधन ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा था। मतदान के दौरान पोलिंग बूथों पर भी तपती दोपहरी और सूरज की तल्खी के बावजूद महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें उनके उत्साह की गवाही दे रहीं थीं। जनपद की चार विधानसभा सीटों पर कुल 13 लाख 33 हजार 439 मतदाताओं में 7 लाख 25 हजार 639 पुरुष और 6 लाख 7 हजार 773 महिला मतदाता शामिल हैं। जबकि जिले में कुल 45 ट्रांसजेंडर मतदाता भी मौजूद हैं।

मतदान के बाद प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 4 लाख 18 हजार 467 पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं कुल 3 लाख 75 हजार 416 महिलाएं भी लोकतंत्र के महापर्व की भागीदारी बनी। जबकि कुल 17 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने भी मतदान में हिस्सा लिया। मतदान करने वाले पुरुषों के सापेक्ष करीब 4 फीसदी अधिक महिलाओं ने मतदान में हिस्सा लेकर मूछों पर ताव देने वाले मर्दों को पीछे धकेलने का काम किया है।

खास बात यह भी है कि जिले के चुनाव की कमान भी जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के हवाले ही है। ऐसे में महिलाओं का उत्साह के साथ मतदान करने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि अब 4 जून को मतों की गणना के बाद हार-जीत का फैसला हो सकेगा लेकिन महिलाओं ने 4 फीसदी अधिक मतदान करके पुरुषों से बाजी मार ली है।

### मतदान में फिसड्डी रहा तिंदवारी विधानसभा

जनपद की तीन विधानसभा सीटें बांदा, नरैनी और बबेरू जहां बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट से जुड़ी हैं, वहीं जिले की तिंदवारी विधानसभा हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट का हिस्सा है। मतदान के बाद प्राप्त आंकड़ों के अनुसार तिंदवारी विधानसभा के वोटर्स मतदान में पिछड़ गए। जिले की सभी सीटों में जहां औसत मतदान 60 फीसदी रिकार्ड किया गया है, वहीं तिंदवारी विधानसभा के 58 फीसदी मतदाताओं ने ही वोट डाले हैं। जबकि नरैनी विधानसभा के 61 फीसदी मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। वहीं मुख्यालय की सदर विधानसभा से 60 फीसदी और बबेरू से 59 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है।

### महज 37.78 फीसदी ट्रांस जेंडर ने किया मतदान

लोकतंत्र के महापर्व में जनपद के कुल 45 ट्रांसजेंडर मतदाता भी शामिल हैं, लेकिन ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति बेरुखी दिखाते हुए महज 37.78 फीसदी ही मतदान किया। हालांकि जिले की तिंदवारी विधानसभा से 91.67 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने ही लोकतंत्र पर भरोसा जताया है। यहां 12 ट्रांसजेंडर मतदाताओं के सापेक्ष 11 ने मतदान किया। जबकि बबेरू विधानसभा के 12 ट्रांसजेंडर मतदाताओं में से किसी ने भी मतदान केंद्र का रुख नहीं किया। वहीं नरैनी के 4 और बांदा सदर के महज 2 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने ही मतदान में हिस्सा लिया है।

# पानी से भरे गड्ढे में डूबकर किशोर की मौत

### आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम, दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन पर माने

संवाददाता, बदौसा

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बदौसा-पौहार मार्ग चैड़ीकरण के दौरान जेसीबी से मिट्टी खुदाई से बने पानी भरे गड्ढे में डूबकर किशोर की मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसका शव पानी भरे गड्ढे से बरामद कर लिया। घटना के तत्काल बाद आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। जाम लगाने की खबर लगते ही उप निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पहुंच गए। ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों को शव उठाने से रोक दिया। काफी देर तक चली मान-मनौव्वल और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर ग्रामीणों ने जाम खत्म कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के हड़हामाफी गांव निवासी विष्णु (13) पुत्र कल्लू कोरी बुधवार को सुबह शौच क्रिया के बाद लौट रहा था। पानी भरे गड्ढे की बाट पर पैर रखते ही वह लगभग 10 फिट गहरे पानी में डूब कर लापता हो गया। ग्रामीणों ने उसे खंती में गिरता देख बचाने दौड़े। काफी तलाश के बाद ग्रामीणों ने उसे पानी भरे गड्ढे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणो के साथ शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। शासन-प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों ने नारेबाजी शुरू कर दी। जाम लगाने की खबर मिलते ही थाने के उप निरीक्षक ब्रह्मदेव गोस्वामी भारी फोर्स के साथ घटना स्थल पहुंच गए। ग्रामीणों और परिजनों से घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने शव उठाने से दोटूक इनकार कर दिया। ग्रामीण पीडब्ल्यूडी अवर अभियंता व सेमरिया चरनदासी (चित्रकूट) निवासी ठेकेदार राजा पुत्र मूरतध्वज और छीबो निवासी जय प्रकाश पांडेय आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने व मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इसी बीच बांदा-चित्रकूट बसपा लोकसभा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी आ गए और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। देर तक चली वार्ता के बाद अवर अभियंता व ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन मिलने के बाद परिजनों ने जाम खत्म कर दिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण के लिए खुदवाई थी मिट्टी

### शव उठाने को लेकर ग्रामीणों-पुलिस में हुई तीखी झड़प

बदौसा-पौहार सड़क चैड़ीकरण के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा जेसीबी से हड़हामफी गांव के सामने शिव मंदिर के के नजदीक जेसीबी से मिट्टी खुदाई से बने पानी भरे गड्ढे में किशोर की डूबकर मौत के बाद शव उठाने को लेकर उप निरीक्षक व पुलिस कर्मियों से ग्रामीणों की तीखी झड़प हुई। हालांकि ग्रामीणों द्वारा कड़ा विरोध जताए जाने पर पुलिस कर्मी पीछे हट गए। ग्रामीणों ने उप निरीक्षक और पुलिस कर्मियों को जमकर खरीखोटी सुनाई। आरोप लगाया कि ठेकेदार व अवर अभियंता की लापरवाही से किशोर की मौत हुई है।

### सड़क चौड़ीकरण में एनजीटी के मानकों की उड़ी धज्जियां

लोक निर्माण विभाग बांदा द्वारा एनजीटी मानक की धज्जियां उड़ा कर लोक निर्माण विभाग अवर अभियन्ता व ठेकेदार जबरन लोगों के घरों के सामने व बस्ती में 10 फिट से ज्यादा गहरे गड्ढे खोद कर बदौसा पौहार रोड़ के चौड़ीकरण के लिए मिट्टी निकालने से खन्ती (गड्ढों) में पानी भरने से मौत को दावत दे रहे थे, नतीजतन आज यह घटना हो गयी। इतना ही नहीं ठेकेदार रोड़ के बगल से जेसीबी से मिट्टी निकाल कर लोगों के प्लाटों में मिट्टी भराने का अबैध कारोबार सरकार की आड़ में कर रहे हैं। हड़हामाफी विवेक कुमार, रामऔतार पंकज नें कहा लोक निर्माण विभाग एनजीटी के मानक की धज्जियां उड़ा कर बडी बडी खांयी खोद दी है जिसके चलते आज बालक की मौत हो गयी है। ग्रामीणों नें बस्ती तथा घरों के सामने मिट्टी खोदने के लिए मना किया तो कार्य सरकार में बाधा डालने का मुकद्दमा सिखाने की धमकी दे कर जबरन लोगों के घरों के सामने लगे हरे पेड़ कटा कर, मिट्टी निकाल कर गड्ढे कर दिया है।

## आकांक्षा मिस फेयरवेल रिचा मिस आलराउंडर

- फेयरवेल पार्टी में जूनियर ने सीनियर छात्राओं को दी विदाई
- जूनियर ने सीनियर छात्राओं के माथे पर तिलक लगाया और बुके दिए

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** भव्य फेयरवेल पार्टी में राजकीय महिला विद्यालय की जूनियर छात्राओं ने सीनियर को तोहफे और फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए विदाई दी। सीनियर छात्राओं ने शानदार वीडियो के माध्यम से महाविद्यालय में गुजारे गए जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों की यादें ताजा कीं। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्राओं ने कई प्रकार के लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।

शहर के राजकीय महिला विद्यालय में बुधवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जूनियर कक्षा की छात्राओं ने अपने सीनियर छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्राओं ने एकल व समूह नृत्य भी प्रस्तुत किए। अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से छात्राओं ने सबका मन मोह लिया। जूनियर ने सीनियर छात्राओं के माथे पर तिलक लगाया और बुके व तोहफे के साथ टाइटल भी दिए। इस दौरान आकांक्षा मिस फेयरवेल और रिचा मिस आल आलराउंडर चुनीं गईं।

निर्णायक मंडल में डा.सपना सिंह और डा.जयंती सिंह शामिल रहीं। सीनियर छात्राओं ने शानदार वीडियो के माध्यम से महाविद्यालय में गुजारे गए जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों की यादें ताजा कीं। प्राचार्य प्रो.दीपाली गुप्ता ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अच्छा इंसान बनने की नसीहत दी। प्रवक्ता डा.सबीहा रहमानी ने शायर इकबाल का शेर 'मिटा दे अपनी हस्ती को अगर कुछ मर्तबा चाहे कि, दाना खाक में मिलकर गुले गुलजार होता है' सुनाकर छात्राओं को प्रेरित किया। इस मौके पर प्रो.जितेंद्र कुमार, डा.जेपी सिंह, डा.संदीप सामंत सिंह, डा.आदित्य प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।



मिस फेयरवेल को सम्मानित करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

## दो युवतियों समेत पांच ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के बिलगांव निवासी लीला (24) पत्नी रबी ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार की रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह कंचन पुरवा मोहलला निवासी राजकरन (20) पुत्र बाबूलाल ने भी जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। मरका थाना क्षेत्र के अधांव गांव निवासी शकुंतला (21) पत्नी भूरा ने घरेलू कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाया। जबकि देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी रामाधीन (18) ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। एक अन्य घटना में शहर के बंगालीपुरा मोहल्ला निवासी बबूल (20) पुत्र रामचरन ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी की। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हो सकी। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## नशे में युवक ने फांसी लगा दे दी जान

**बांदा।** तीन वर्ष पूर्व पत्नी की मौत हो जाने के बाद परेशान रहने वाले युवक ने मंगलवार की रात को पहले अपने हाथ में ब्लेड से कई वार किए। इसके बाद बुधवार की सुबह कमरा बंद करके रस्सी से गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। दीवार खोदकर और दरवाजा तोड़कर परिजन अंदर पहुंचे। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना देहात कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव की है। वहां रहने वाले बाबूराम वर्मा (27) पुत्र सुंदर वर्मा की पत्नी तीन वर्ष पूर्व पानी लेने जाते समय रास्ते में गिर गई थी। उसे गंभीर चोट आई थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। तभी से बाबूराम परेशान रहने लगा था। मंगलवार की रात को बाबूराम ने अपने हाथ में ब्लेड से कई वार किए। परिजनों ने किसी तरह उसे रोका। बुधवार की सुबह बाबूराम अपने पिता और मां के पास काफी देर तक बैठा रहा। इसके बाद दुकान से गुटखा लाकर खाया। इतना ही नहीं दो क्वार्टर शराब भी उसने भी। इसके बाद वह कमरे में घुस गया और दरवाजा बंद करने के बाद रस्सी का फंदा गले में कसकर खुदकुशी कर ली। फंदे पर लटकने के दौरान रस्सी टूटने से वह जमीन पर गिर पड़ा। इधर, जब काफी देर तक बाबूराम बाहर नहीं निकला तो पिता सुंदर वर्मा ने प्रधान को सूचना दी। गांव के लोग पहुंच गए। घर के बगल की दीवार की कुछ ईंटे हटाकर देखा गया तो युवक जमीन पर फंदा लगा पड़ा हुआ था।

## बढ़ रहा तापमान, लू की चपेट में आने से युवक बीमार

**बांदा।** लगातार गर्म हो रहा मौसम लोगों के लिए मुसीबत बनकर रह गया है। सुबह 10 बजे के बाद ही लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। लू की चपेट से एक युवक की हालत बिगड़ गई, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तल्ख धूप और गर्म हवाएं चलने के कारण तापमान का पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। आलम यह है कि सुबह 10 बजे के बाद लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। गर्म हवाओं की चपेट में आने शहर के शंभू नगर मोहल्ला निवासी अंजली (19) पुत्री अक्षय कुमार की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चिकित्सक डा. विनीत सचान का कहना है कि लगातार गर्म हो रहे मौसम में सावधान रहने की जरूरत है। धूम में न निकलें।

## दबंगों ने बंद की पानी की निकासी

**नरैनी।** तहसील क्षेत्र के दिवली गांव के मजरा सूखन पुरवा निवासी लालबाबू, राजेश, रामजस, गयाचरन, रणजीत, छोटेलाल, राघवेंद्र व रामरूप ने एसडीएम को दिए पत्र में बताया कि सूखन पुरवा के कुआं, नापदान, घरों का पानी सरकारी पुलिया से बहता था। गांव के दो लोगों ने जेसीबी से जल निकासी वाले स्थान पर मिट्टी डलवा दिए जाने से घरों के पानी का निकास बंद हो गई।

आयोजन | दो सौ साल पुराना है हनुमान मंदिर का इतिहास

# नरैनी के गुढ़ाकलां हनुमान मंदिर में आज से लगेगा विशाल मेला

आशीष विश्वकर्मा, नरैनी (बांदा)

- बागै नदी के किनारे वैशाख पूर्णिमा से एक मास के लिए लगता है मेला

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर नरैनी तहसील में स्थित बागे नदी के किनारे सुप्रसिद्ध प्राचीन हनुमान जी के मंदिर में गुरुवार को वैशाख पूर्णिमा से एक मास के लगने वाले मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर के ट्रस्ट ने मंदिरों की सफाई और मंदिर प्रांगण की सफाई कराई और वाहनों से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था कराई जा रही है। मेला में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के हजारों श्रद्धालु भक्त दर्शन के लिए आते हैं।

तहसील मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर बागे नदी के किनारे स्थित गुढा ग्राम पंचायत के मजरा हनुमान जी का पुरवा में प्राचीन विशाल हनुमान जी महाराज जी प्रतिमा प्रसिद्ध हैं जहां प्रतिवर्ष बैशाखी पूर्णिमा से विशाल मेला लगता है। देखरेख सिद्ध पीठ हनुमान जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा की जाती है। ट्रस्ट के द्वारा मंदिर परिसर की साफ सफाई, पानी, पार्किंग आदि की व्यवस्था कराई गई। मंदिर के बारे वहां के महंत श्यामदास जी ने बताया की मंदिर लगभग 200 वर्षों पूर्व गुढ़ा कला के गांव का एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए मिट्टी लेने गांव से थोड़ा दूर स्थित उसार नाला था।

मिट्टी खोदते समय कुम्हार की खुरपी जमीन के नीचे गड़ी मूर्ति से जा लगी जिससे खून निकलने लगा। उसने घबराकर रहस्यमयी घटना की सूचना गांव के लोगों को दी, तो गांव के लोगों ने वहां जाकर खुदाई की। वहां से हनुमान जी की विशाल प्रतिमा निकली। कुम्हार उस प्रतिमा को लेकर घर जा रहा था तो रास्ते में उस प्रतिमा का भार बढ़ने लगा। मूर्ति का भार धीरे धीरे कुम्हार की क्षमता से अधिक हो गया। कुम्हार मूर्ति को बीच जंगल में रख कर सुस्ताने लगा। इसके बाद वह गांव जाने के लिए दुबारा उस मूर्ति को उठाने लगा तो वह मूर्ति को चावल मात्र भी नहीं हिला पाया। कुम्हार ने हाथ जोड़ कर जंगल उसी जगह छोटा सा मंदिर बनवाकर हनुमान जी की मूर्ति स्थापना करवाई।

इसके बाद गांव के जमींदार ठाकुर हनुमान सिंह ने मंदिर को बड़ा बनवाने कार्य शुरू करवाया लेकिन आधे में ही जमीदार की आकस्मिक मृत्यु हो गई, जिससे कई वर्षो तक मंदिर कार्य बाधित रहा। इसके बाद इस मंदिर को उनकी पत्नी परनिया दाई ने पूरा करवाया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अशोक राजपूत ने बताया की यह मन्दिर बहुत ही पुराना है।

यह 27 बीघे की रेंज में था लेकिन अब इसकी काफी जमीन पर कब्जा हो गया। अब जो जमीन शेष है, उसे भी स्थानीय लोगों के द्वारा कब्जा किया जा रहा है। मंदिर के साथ निर्माण करवाया गया कुआं भी है। उस पर भी लोगों का कब्जा है। इसकी शिकायत ट्रस्ट के द्वारा प्रशासन से की गई थी। इस पर न्यायालय तहसीलदार द्वारा खाली कराने का आदेश दिया गया था, परंतु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।



मंदिर में स्थापित विशाल हनुमान प्रतिमा।



मंदिर परिसर पर बना भव्य तोरण द्वार। अमृत विचार



महंत श्यामदास। अमृत विचार



बागेन नदी पर स्थित खूनी चट्टान। अमृत विचार

## जानलेवा है बागे नदी की खूनी चट्टान

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार।** ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार सिंह बताते हैं कि हनुमान मंदिर परिसर से करीब 150 मीटर की दूरी पर स्थित बागेन नदी है जिसमें मेला देखने आने वाले श्रद्धालु स्नान करते हैं। नदी के घाट पर एक विशाल चट्टान है, जो खूनी चट्टान के नाम से विख्यात है। कहा जाता है कि यह चट्टान मेले के समय हर साल दो से तीन लोगों की जान जरूर लेती है। गांव के लोग इस चट्टान को तोड़ने का कई बार प्रयास कर चुके हैं, लेकिन नाकाम रहे। कई बार प्रशासन को भी बताया गया लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई प्रयास नहीं किया गया है।

# हीटबेव के मरीजों के लिए जिला अस्पताल में कोल्ड रूम

## मंडल के संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य ने किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में 46 डिग्री के पार तापमान पहुंच जाने से भीषण गर्मी और तेज धूप के चलते संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने से मरीज की संख्या में इजाफा हुआ है। जिला अस्पताल में हीटबेव के मरीजों के उपचार के लिए कोल्ड रूम बनाया गया है, जहां पर हीटबेव मरीजों को रखा जा रहा है। बुधवार को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अभय सिंह ने कोल्ड रूम को देखने के बाद जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।


कोल्ड रूम देखते संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अभय सिंह। अमृत विचार

चित्रकूटधाम मंडल के संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य के निरीक्षण से जिला अस्पताल में खलबली मच गई। संयुक्त निदेशक ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों, एनआरसी सेंटर, ऑपरेशन थिएटर, ओपीडी कक्षों आदि का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण दौरान कुछ खामियों पर नाराजगी जताते हुए नराजगी जताई। उन्होंने दवा कक्ष का भी निरीक्षण किया और अभिलेख भी देखे। बाहर की दवाएं लिखे जाने के बावत भी जानकारी ली, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। इसके बाद वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत की और दवाएं कहां से ला रहे हो, इसकी जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि दवाएं अस्पताल से दी गई हैं। उन्होंने हीटबेव से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए नव निर्मित कोल्ड रूम का निरीक्षण किया। साथ ही गर्मी के मौसम से लू से पीड़ित मरीजों को त्वरित व बेहतर उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लू से पीड़ित मरीजों के साथ कोई भी अप्रिय घटना न घट सके। संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य ने मरीज और उनके तीमारदारों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल व्यवस्था किए जाने के आदेश दिए हैं।

## पारा 46 पार होने पर एसी-कूलर बेकार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पारा 46 डिग्री पार होने से लोगों का बुरा हाल है। तापमान बढ़ने से घरों और प्रतिष्ठानों में चल रहे एसी का भी दम निकलने लगा है। स्थिति यह है कि एकाध घंटे तक एसी चलने के बाद बंद हो जाते हैं। इतना ही नहीं एसी में पहले जैसी ठंडक भी नहीं मिल रही है, जिससे लोगों को एसी रास नहीं आ रहे हैं। जबकि कूलर और पंखों ने गर्मी में काम करना बंद कर दिया है।


दुकान पर सुधरने के लिए आए एसी। अमृत विचार

लगातार दिन प्रतिदिन बढ़ रहे तापमान के आगे एसी (एयर कंडीशनर) जबाव दे रहे हैं। आसमान से उगल रही आग के चलते जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे वैसे एसी के कंप्रेसर भी तेजी से फुंक रहे हैं। आएदिन एसी मैकेनिकों के यहां कम्प्रेसर बनवाने के लिए लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन उसके पास भी काम अधिक होने के कारण दो से तीन दिन बाद एसी रिपेयरिंग होने के बाद मिल रहे हैं। ज्यादातर एसी के कम्प्रेसर फुंके निकल रहे हैं। इंजीनियरों का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते कूलिंग का दबाव बढ़ने से कम्प्रेसर पर अधिक लोड पड़ता है, जिसके चलते कम्प्रेसर फुंक रहे हैं। उन्होंने एसी को सामान्य तापमान पर चलाने की बात कही है।

गर्मी के चलते जिले में अब हजारों की संख्या में एसी प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और घरों में लगे हुए हैं। एसी की ठंडक के जरिए लोग गर्मी से राहत तो पा रहे हैं, लेकिन गर्मी में दिन रात एसी चलने से बिजली की खपत भी बढ़ रही है। आज कल 46 डिग्री के पार तापमान पहुंच चुका है, जिससे एसी पर अधिक लोड भी बढ़ गया है। कूलिंग और गैस का दबाव अधिक बढ़ने से एसी के कंप्रेसर पर लोड बढ़ने के कारण एसी फुक रहे हैं, जिससे गर्मी में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## खेत पर बने कुएं में गिरा सात साल का बच्चा, मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- परिजन खेत में काम करने में तल्लीन थे, बच्चे पर नहीं रख पाए निगाह
- छपाक की आवाज पर दौड़े परिजन व ग्रामीण, अस्पताल में मृत घोषित

**अमृत विचार।** थाना कबरई के ग्राम उटियां में परिवार के साथ खेतों में गया बालक अचानक चलते फिरते कुएं की तरफ पहुंच गया। कुएं में मुंडेर व चबूतरा न होने के कारण बालक अचानक कुएं में गिर गया। बालक के कुएं में गिरते ही छपाक की तेज आवाज पर खेत में काम कर रहे परिजन कुएं पर पहुंच गए और शोर मचाने लगे। तभी आसपास के ग्रामीण वहां आ गए और कुएं में रस्सी डालकर बालक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसका चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन बालक का शव बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए।

ग्राम उटियां निवासी बलवीर का सात वर्षीय पुत्र प्रीशु अपने मां और परिवार के साथ बुधवार को खेत गया था। घर के लोग खेत में काम करने में व्यस्त हो गए। थोड़ी देर बाद प्रीशु वहां से निकल गया, लेकिन परिजनों की उस पर नजर नहीं पड़ी।

बालक खेलते खेलते कुएं के पास पहुंच गया और अचानक कुएं में गिर गया। बालक के कुएं में पानी में गिरते ही छपाक की जोरदार आवाज हुई, जिससे परिवार के लोग दौड़ पड़े। साथ ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच और कुएं में रस्सी डालकर ग्रामीणों ने नीचे उतरकर बालक को बाहर निकाला। आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ। बालक की मौत से घर पर कोहराम मचा हुआ है।

# गर्मी में रूला रही लो वोल्टेज व बिजली कटौती

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

- रात में चंद घंटे आती बिजली नहीं चल पाते पंखे-कूलर

**अमृत विचार।** माह मई में भीषण गर्मी के चलते बिजली कटौती बढ़ जाने से क्षेत्र के लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। हालत यह है कि ग्रामीण अंचलों में 24 घंटे में बमुश्किल 14 घंटे बिजली मिल रही है। रात में कई कई घंटे बिजली गुल हो जाने से लोगों की नींद हराम हो गई है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज के चलते पंखे कूलर न चलने से छोटे छोटे बच्चे रात भर गर्मी से बिलबिता रहते हैं, जबकि तमाम लोग बिस्तर छोड़ घरों के बाहर खुले में रात को ही घूंमने लगते हैं।


बिजली न आने से घर के बाहर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

जैतपुर की विद्युत व्यवस्था इन दिनों भीषण गर्मी में चर्चा का विषय बनी हुई है एक ओर जहां उमस भरी गर्मी से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त है और लोग भीषण गर्मी से परेशान है। वहीं दूसरी तरफ विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं लो वोल्टेज की समस्या ने आम आदमी को और अधिक परेशान कर रखा है, जबकि लो वोल्टेज के कारण कूलर पंखे शोपीस बन गए हैं, जिसको लेकर लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है। बिजली का महोबा में अधिक लोड होने के कारण जैतपुर, बेलाताल की विद्युत आपूर्ति निस्वारा पावर हाउस से जोड़ दी गई है, जिससे निस्वारा बेलाताल के बीच में लंबी दूरी होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। लो वोल्टेज की समस्या के चलते लोग खासा परेशान हैं। लोगों का दिन तो जैसे तैसी निकल जाता है, लेकिन रात नहीं कटती है। अधिक लो वोल्टेज की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, ऐसे में कूलर पंखे बिल्कुल नहीं चल रहे हैं, जिससे लोगो की नींद पूरी तरीके से हराम हो गई है, सुख चैन खो चुके लोगों मे भारी नाराजगी देखी जा रही हैं रात्रि की नींद हराम हो गई है।

बिजली कटौती के चलते नींद पूरी न होने से तमाम लोगों में चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों की है, जो रात के उमस भरी गर्मी से सो नहीं पा रहे हैं पंखे कूलर नहीं चलने से मच्छरों का प्रकोप लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। वहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पेयजल की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, घरों में लगे सबमर्सिबल जेटपंप लो वोल्टेज के कारण पानी नहीं दे पा रहे हैं। बिजली, पानी की इस अव्यवस्था के चलते नाराज उपभोक्ता कभी भी सड़कों पर उतरकर सकते हैं। विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत का कहना है की बेलाताल में लो वोल्टेज की समस्या और विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी है और संदर्भ में जिला स्तर अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है शीघ्र समस्या का हल नहीं होने पर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## साहूकारों के कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**महोबा।** शहर में खजुराहो रोड पर बिच्छू पहाड़ी के पास स्थित कांशीराम कलोनी में एक मिठाई बनाने वाले कारीगर ने साहूकारों के कर्ज से परेशान होकर घर पर फांसी लगा ली।

कांशीराम कालोनी निवासी सुभाष पटेल (26) रामनरेश पटेल शहर के पुराने प्राइवेट बस स्टैंड के पास एक दुकान में मिठाई और समोसे बनाने का काम करता था। बताया जाता है कि कुछ लोगों ने उसने कर्ज ले रखा था, लेकिन दूसरे के यहां नौकरी करने के कारण कम पैसे मिलने से वह साहूकारों के कर्ज की अदायेगी नहीं कर पा रहा था। इधर साहूकारों का ब्याज भी बढ़ता जा रहा था, जिससे वह आजिज आ चुका था और मंगलवार की रात को दुकान से जाने के बाद उसने घर पर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है।

# चुनाव में प्रत्याशियों को स्थानीय समस्याओं की सुध नहीं आई

संवाददाता, बेलाताल-महोबा

- मतदाताओं का रुख भांप न पाने से प्रत्याशियों में बेचैनी
- पार्टी कार्यालयों में लगाया जा रहा हार-जीत का गुणा-भाग

**अमृत विचार।** इस दफा के लोकसभा चुनाव में विकास के मुद्दे गायब हो गए। अधिकांश प्रत्याशियों ने जातिवाद को लेकर चुनाव लड़ा। चुनाव में जनसंपर्क दौरान किसी भी दल के प्रत्याशी ने मूलभूत मुद्दों पर कोई बात नहीं की है। मूलभूत समस्याओं पर प्रत्याशियों की चुप्पी ने लोगों को मतदान के दिन सोचने पर विवश कर दिया है।




कस्बे के हल्लू कुशवाहा, हसमत, महेंद्र तिवारी, कोमल अनुरागी, इकबाल कुरेंशी, नौशाद बेग मुगल, रवि खटीक, अनिल कुमार, बाबू मंसूरी, देशराज कुशवाहा, सनी, बृजगोपाल कुशवाहा, छन्नू कुशवाहा, रामबाबू अहिरवार, नवी मोहम्मद, संतोष अनुरागी सहित अन्य लोगों का कहना है कि किसी भी मुद्दे पर प्रत्याशियों ने चुनाव के दौरान चर्चा नहीं की। लोकसभा क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जहां लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कई गांव में सड़क पुल, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार भी किया। इसके बाद अधिकारियों की नींद टूटी और प्रशासनिक अमला बहिष्कार वाले गांव में जा धमका। ग्रामीणों को समझाने बुझाने के बाद मतदान शुरू कराया गया, जबकि ग्राम सीगौन में मतदाता सारा दिन मतदान बहिष्कार करने में डटे रहे और ग्रामीणों ने अधिकारियों की एक नहीं सुनी।

ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सत्ताधारी दल के समर्थक विकास की बात करते हैं, तो विपक्षी भी मतदाताओं को चुनावी घुट्टी पिलाने में पीछे नहीं हैं। लोकसभा चुनाव भले ही शांतिपूर्ण निपट गया हो, लेकिन मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों को बेचैनी बढ़ा दी है। प्रमुख राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशी सभी इस खामोशी को समझने में जुटे हुए हैं।

इन चर्चाओं का माहौल खासा गर्म रहा। लोग चुनावी जानकारी पाने के लिये इतना उतावले दिखाई दिये कि कामकाज छोड़कर पार्टी कार्यालयों में पहुंचकर हार जीत का गुणा भाग लगा रहे हैं।

# भागवत कथा सुनने से बुराई होती दूर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- महिलाओं ने सिर पर कलश रख निकाली यात्रा

**अमृत विचार।** कोतवाली चरखारी के ग्राम गौरहारी में यज्ञ वर्षगांठ पर भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसके चलते मंगलवार की शाम को कलश यात्रा निकाली गई, इसके बाद श्रीमद्भागवत कथा की शुरूआत की गई। भागवत कथा सुनने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा सुनने के बाद लोगों को शांति मिलती है और बुरे कार्यों से मोह भंग हो जाता है।


ग्राम गौरहारी में भागवत कथा सुनाते महाराज दत्तात्रे। अमृत विचार

महाराज दत्तात्रे ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में वैसे तो 18 हजार श्लोक हैं, लेकिन सात दिन में 18 हजार श्लोक नहीं सुनाए जा सकते। महाराज ने कहा कि सबसे पहले दुनिया में श्रीमद् भागवत कथा राजा परीक्षित ने महान ज्ञानी महाराज सुखदेव से सुनी थी। महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करता है उसके जीवन में कभी कोई कमी नहीं रहती है, इसलिए प्रति वर्ष जन्मे मनुष्य को भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। भागवत कथा सुनने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में भगवान कृष्ण के कई रुप बताए गए है।

बताया कि नारायण, वासुदेव दूसरे कृष्ण जो वृंदावन में आए, तीसरे कृष्ण जिसने राजा पारीक्षित को भागवत सुनाई, शुकदेव जी महाराज एक नाम अर्जुन भी है, जिसको कृष्ण कहते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने वाला कभी परेशान नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुआ और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। श्रीमद् भागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है।

## सड़क पर गिरने से बाइकसवार घायल

**महोबा।** खजुराहो मार्ग पर ग्राम द्वारा के पास से गिरफ्तार तेज बाइक सवार युवक का संतुलन बिगड़ जाने से वह सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरने से उसके सिर में चोट लग गई। आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवकुश नगर उसे पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

ग्राम लवकुश नगर निवासी राजेंद्र (26) मोटरसाइकिल से महोबा आ रहा था। तभी रास्ते में ग्राम दिदवारा पुरा के पास अचानक बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे उसके सिर पर चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे थाने पहुंचाया, जहां से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहां पर उसका उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में उमड़े फरियादी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस अधीक्षक ने दिए अविलंब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**अमृत विचार।** एपी कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान फरियादियो की भीड़ जुटी। जहां पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने एक-एक फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुना। साथ ही मौके पर जाकर समस्याओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करने से फरियादियों का जनसुनवाई कार्यक्रम के प्रति और अधिक विश्वास बढ़ सकेगा। इसके लिए एसपी द्वारा थानाध्यक्षों और पुलिस उपनिरीक्षकों को शिकायतों के बावत मौके पर जाकर तत्काल जांच करके निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।



फरियादियों की समस्याएं सुनतीं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अपने कार्य को करने में मशगूल हैं, वहीं जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद सुबह से पुलिस कार्यालय में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर दस्तक देने दे रहे है। पुलिस अधीक्षक द्वारा एक एक फरियादी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कुछ समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों से फरियादी बड़ी उम्मीद के साथ समस्याएं लेकर आते हैं, इसलिए समस्याओं के निस्तारण के लिए किसी भी तरह की हीलाहवाली नहीं की जानी चाहिए। कहा कि छोटी छोटी शिकायत आने पर उन्हें गंभीरता से लें, क्योंकि छोटी शिकायतों का निस्तारण न होने पर वह बड़ा रूप लेती हैं। एसपी ने कहा कि संबन्धित अधिकारी शिकायतकर्ता से समय समय पर समस्याओं के निस्तारण के बाद फीडबैक लेते रहें, जिससे फरियादियों के मनोबल के साथ साथ पुलिस के प्रति लोगों का और अधिक विश्वास बढ़ेगा।

**चुनावी चर्चा** — चाय-पान की दुकानों व चौराहों पर लगाए जा रहे कयास, समर्थक जिता रहे अपने-अपने प्रत्याशी

# प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

संवाददाता, बेलाताल-महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से निपटने के बाद अब राजनीतिक दलों के समर्थक जीत-हार को लेकर कयास लगा रहे हैं। अब अटकलबाजियों का दौर जारी है। हार जीत को लेकर अपने दलीय समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत को लेकर आशान्वित हैं। चुनाव के बाद चुनाव कार्यालयों में ताले लटक गए हैं, वहीं अब चौराहों और चाय पान की दुकानों पर हार-जीत को लेकर चुनावी चर्चाओं का बाजार गर्म है।


चाय की दुकान पर चुनावी चर्चा करते लोग। अमृत विचार

हमीरपुर, महोबा, तिन्दवारी संसदीय क्षेत्र में मतदान समाप्त हो जाने के बाद प्रत्याशियों की जीत हार को लेकर हर गली, चौराहों से लेकर चौपालों तक चुनावी चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा है। अपने अपने दलों की जीत का दावा समर्थक कर रहे हैं। दर्जन भर प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बन्द है। 4 जून को उनकी किस्तम का फैसला आएगा। वहीं जीत के लिए बाजियां भी लगाई जा रही हैं। मतदाताओं का क्या फैसला होगा, इसको लेकर प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें भी बढ़ी हुई हैं।

**मतदान होते ही चुनाव कार्यालय बंद**

लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्वक सम्पन्न होने के बाद प्रत्याशियों के घरों में लोगों की आवाजाही बढ़ गई हैं। चुनाव में दिन रात मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं व समर्थकों का प्रत्याशियों के घरों पर जमावड़ा लग रहा है और वह चुनाव कार्यालयों में तालाबन्दी के बाद अब समर्थक प्रत्याशियों के घरो में चाय नाश्ता चट कर रहे हैं। चुनाव कार्यालय में ताले लटक जाने से समर्थकों का चाय नाश्ता भी बंद हो गया, जिससे तमाम समर्थक प्रत्याशियों के घरों में दस्तक दे रहे हैं।

मतदान होने के बाद लोगों में जीत- हार पर मंथन का दौर शुरू हो गया है। हार जीत के दावों को लेकर समर्थकों में आपसी तकरार बढ़ गई है। बातों बातों में लोगों के सुर तेज होते जा रहे हैं, वहीं सामने वाला अपनी जिद पर अड़ा है। नतीजतन जीत के दावे को लेकर तल्खियां बढ़ गई हैं।

मतदान के बाद से लोगों के बीच की दूरियां बढ़ गई है, जिसे अब पाटने में समय लगेगा। नेता तो चुनावी जीत व हार के बाद अपने स्थान ले खिसक लेंगे, लेकिन लोगों में जीत के दावों को लेकर बढ़ रहे विवाद शायद जल्द दूर नहीं होंगे। कस्बा में आमतौर पर यही स्थिति है। सभी जगहों पर किस दल के प्रत्याशी की जीत होग और किसकी हार होगी के मुद्दे की बहस विवाद का रूप ले रही है। समर्थक अपने मोबाइल से वोटों का आंकड़ा संग्रह कर रहे हैं। राजनीतिक पंडित गुणा-भाग निकाल रहे हैं कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। हालांकि सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी के जीत के दावे कर रहे हैं।

## लकड़ी ले जाते वन विभाग की टीम ने गैंगस्टर को दबोचा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के परछा गांव निवासी गैंगस्टर के आरोपी युवक शीशम के पेड़ की कटान कर जिस समय उसे ठिकाने लगाने लिए जा रहा था। तभी सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली पकड़ ली। वन विभाग ने आरोपी के मामला दर्ज कराया है।

परछा गांव निवासी आफताब गैंगस्टर का आरोपी है। वह अपनी भूमि में खड़े शीशम की बेश कीमती पेड़ की कटान कर लकड़ियों को ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ले जा रहा था। तभी किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दे दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम आरोपी को ट्रैक्टर-ट्राली सहित पकड़ लिया। वन क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि आफताब के पास अनुमति नहीं थी।

# खाने के मसालों में मिलावट पर खाद्य सुरक्षा विभाग गंभीर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डिफाल्टर के खिलाफ कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** एमडीएच एवं एवरेस्ट कंपनी के सांभर, मद्रास करी पाउडर, करी पाउडर, मिक्स मसाला, फिश करी आदि मसालों में मिलावट को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली को भेजे गये पत्र का प्राधिकरण ने गंभीरता से लिया। मसालों का परीक्षण करा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत डिफाल्टर के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के प्रदेशीय महामंत्री बीके तिवारी ने जानकारी देते बताया कि 29 अप्रैल को भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलावर्धन राव को भेजे गये पत्र का निदेशक विनियामक अनुपालन राकेश कुमार ने संज्ञान ले खाद्य मसालों में हो रही मिलावट की जांच कराने तथा मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। उन्होने बताया कि पूरे देश में विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू कर दिया गया है जिसके तहत सैंपल लेकर प्रत्येक उत्पाद का एथिलीन ऑक्साइड सहित प्रासंगिक मापदंडों के लिए परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होने कहा है कि किसी भी गैर अनुपालन के मामले में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार डिफाल्टर एफबीओं के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# अवैध मौरंग ला रहा ट्रैक्टर चालक पुलिस से भिड़ा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

● सत्तारूढ़ दल के नेता का करीबी बताने पर पुलिस ने किया शांति भंग में चालान

**अमृत विचार।** अवैध मौरंग खनन को लेकर एक ट्रैक्टर ट्राली का चालक अपने को सत्ताधारी दल के नेता का करीबी बताकर पत्योरा पुलिस चौकी के सिपाहियों से भिड़ गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। सुबह भाजपा नेता के दबाव में पुलिस ने चालक को शांति भंग में न्यायालय भेजा है।

मंगलवार रात हमीरपुर के रमेड़ी मोहल्ला निवासी चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौरंग लादने पत्योरा खदान आया था। बिना रायल्टी के मौरंग लेकर जा रहे चालक को पुलिस चौकी के सिपाहियों ने रोक लिया और खनन के प्रपत्र मांगे। इस पर चालक सिपाहियों पर भड़क उठा और एक भाजपा नेता के साथ मीडिया कर्मी का रिश्तेदार बताकर रौब गांठने लगा। जब सिपाहियों ने चालक की बात नहीं सुनी और ट्रैक्टर ट्राली चौकी ले जाने का प्रयास किया तो चालक उनके साथ अभद्रता करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने सिपाहियों के साथ हाथापाई का प्रयास किया। तब सिपाहियों ने सख्त रुख अपनाया।

# तल्ख धूप ने घरों से निकलना किया मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


लू के चलते दोपहर में सिर में साफा बांधकर जाते लोग। अमृत विचार

● उमस भरी गर्मी में कूलर, पंखे काम नहीं कर रहे, लोग पसीना बहा रहे

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड की मैदानी धरती पर भीषण गर्मी जुल्म ढा रही है। कहर बनकर बरस रही गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त है। मौसम का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। तेज धूप व गर्म हवाओं से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। इस समय धरती आग के गोले की तरह तप रही है। जिससे बच्चे बूढ़े जवान भीषण गर्मी से बिलबिला रहे हैं। आग उगलती हुई गर्मी में एसी, कूलर, पंखे काम नहीं कर रहे हैं, जिससे लोग बेहाल हैं। पारा चढ़ने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

बुधवार को सुबह से ही सूर्य देव क्रोधित होने शुरू हो गए। सुबह दस बजे से ही पारा 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। गर्म हवाएं व लू सुबह दस बजे से छह बजे तक कहर बरपाती रही। सड़कों पर सुबह से ही सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। आवश्यक कार्य से ही इक्का दुक्का लोग सड़कों पर नजर आए। लोग टोपी छाता गमछा व दुपट्टे का सहारा लेकर सड़कों पर निकले। वहीं बीमारी से ग्रस्त लोग बेहाल हो रहे हैं। बच्चे बूढ़े जवान सभी इस भीषण गर्मी में परेशान हैं। मौसम विभाग ने लू का अलर्ट जारी कर दिया है। जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकलें और आम जनमानस को घरों में रहने की सलाह दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा के चिकित्सक डॉ संदीप ने बताया कि क्लाइमेट चेंज होने की वजह से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है।

इससे बचने के लिए आम जनमानस को अधिक से अधिक हरे पेड़ लगाने चाहिए। दिन में आवश्यक काम से घर के बाहर निकलें, पानी पीते रहे ठंडे पेय पदार्थ का प्रयोग करें, जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके।

# महिलाओं से बदसलूकी का विरोध करने पर पीटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● घायल युवक को इलाज के लिए ले जाया गया सीएचसी

**अमृत विचार।** कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास कांच मंदिर में हो रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुछ युवक मौजूद महिलाओं के साथ बदसलूकी करने लगे। जब वहां मौजूद लोगों ने युवकों को महिलाओं के साथ बदसलूकी करने से रोका तो नाराज युवकों ने एक युवक को मारना पीटना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया।

मझगवां थाने के टोला रावत गांव निवासी सरमन पुत्र गोपी प्रसाद ने बताया कि उसकी भतीजी काजोल और सरोज का विवाह कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास स्थित कांच मंदिर से सामूहिक विवाह सम्मेलन में संपन्न हो रहा था। बताया कि इसी दौरान कुछ युवक वहां पर मौजूद महिलाओं के साथ बदसलूकी करने लगे। बताया कि जब उसने युवकों को महिलाओं के साथ बदसलूकी करने से मना किया तो आक्रोशित युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं हैं। वहीं मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# चोरी का खुलासा न होने पर गुस्साए किन्नरों ने थाने में किया हंगामा

## हंगामे के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी ढोलक मास्टर को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


बिवांर थाने में हंगामा करतीं किन्नर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना बिवांर कस्बे में एक माह पूर्व किन्नर के घर हुई लाखों की चोरी के बाद एफआईआर दर्ज कर पुलिस आरोपी को पकड़ लाई और छोड़ने के बाद आश्वासन देकर बैठ गई। घटना का खुलासा न होते देख बुधवार को कई स्थानों से किन्नर मदद के लिए आ धमके। करीब एक दर्जन से अधिक थाना पहुंचे किन्नरों ने हंगामा शुरू कर दिया तो पुलिस हरकत में आई। अपनी भद्द पिटती देख पुलिस ने बिना देर लगाए फिर नामजद आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

पिछले 18 अप्रैल को बिवांर कस्बा निवासी किन्नर संगीता के घर से लाखों रुपये के गहने व नगदी की चोरी हुई थी। तब पुलिस ने दबाव बनाकर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के गहनों के साथ 10 हजार रुपये नगदी की चोरी होने की रिपोर्ट बिवांर कस्बा निवासी अपने ही ढोलक मास्टर ढक्कन उर्फ रामऔतार के खिलाफ दर्ज की थी। एफआईआर दर्ज करने के बाद घटना के खुलासे को लेकर तब पुलिस ने नामजद आरोपी को हिरासत में लिया था, लेकिन उसी दिन उसे थाने से छोड़ दिया था। बाद में 22 मई तक घटना के खुलासे का आश्वासन दिया था। चोरी की घटना का खुलासा न होते देख पीड़ित किन्नर ने आसपास के कस्बों में रहने वाले साथी किन्नरों से संपर्क किया। तो बुधवार को किन्नर पीड़ित संगीता को लेकर थाने जा धमके और हंगामा करना शुरू कर दिया। कहा चोरी की घटना के 34 दिन बीत चुके हैं। पुलिस नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार कर माल बरामदगी नहीं कर सकी है किन्नरों ने थाना प्रभारी पर चोरों से साठगांठ होने तक का आरोप लगाया। कहा जबरन डराकर और गुमराह करके डेढ़ लाख की चोरी होना दर्ज किया था। जबकि चोरी लगभग एक करोड़ की हुई थी। कहा नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। थानाध्यक्ष राकेश सरोज ने कहा कि आरोपी राम अवतार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

### लगातार हो रहीं चोरियां पुलिस बेखबर

**हमीरपुर।** थाना बिवांर में पिछले पांच महीने में अलग-अलग गांवों में चोरी की घटनाओं में सर्वाधिक वृद्धि हुई हैं। वहीं पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम है। गुरुवार की रात करबा बिवांर के संस्कार धाम पार्टी लॉन के बाहर खड़ी कार में रखे डेढ़ लाख नगदी और करीब 11 लाख के जेवरात चोर ले उड़े। 18 अप्रैल की रात बिवांर में ही किन्नरों के घर से लाखों के जेवरात और नगदी चोरी हो गए थे। वहीं क्षेत्र के कैमोखर गांव में भी 13 अप्रैल की रात चोरों ने चार घरों से लाखों के जेवरा, नकदी ले गए। दो फरवरी की रात पुरवा मोहल्ला में चार घरों में चोर घुसे, इनमें सुनील अनुरागी के तेल कारखाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर का चेहरा भी देखा गया। इससे पूर्व क्षेत्र के निवादा, लोदीपुर, बिवांर, सायर आस पास दर्जनों चोरियां हो चुकी हैं। इनमें चार घटनाओं का खुलासा पुलिस ने किया है।

# बाइक सवार गोवंश से टकराए, तीन घायल

**कुरारा(हमीरपुर)।** क्षेत्र के डामर गांव के पास हमीरपुर कालपी हाईवे पर बाइक सवार अन्ना गोवंश से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र डिमुवा गांव निवासी राकेश (25) अपने रिश्तेदार रवि (24), लक्ष्मण (38) निवासी इटौरा थाना कदौरा जनपद जालौन एक बाइक में सवार होकर डिमुहा से मंगलवार शाम 7:00 बजे इटौरा के लिए जा रहे थे। तभी हमीरपुर कालपी हाईवे पर डामर गांव के पास अन्ना गोवंश से बाइक टकरा जाने से तीनों गंभीर घायल हो गए।

# बिजली जाने पर आयोग को किया फोन

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)


रात में उच्चाधिकारियों को फोन करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

● एडीएम को पत्र सौंपा, व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी में अंदर से लेकर बाहर तक डेरा जमाये सपाइयों ने रात में बार-बार विद्युत आपूर्ति ठप होने की लिखित शिकायत एडीएम से की है। वही आपूर्ति ठप होने से स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरो की लोकेशन न मिलने पर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।

मतदान के बाद सपाइयों ने नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रुमों के बाहर तथा गल्ला मंडी के बाहर डेरा जमा दिया है। बीती रात कई बार विद्युत सप्लाई बाधित होने पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने एडीएम को पत्र सौंपकर विद्युत व्यवस्था पूरी तर चकाचक बनाए रखने की मांग की है।

उधर बार-बार आपूर्ति ठप होने के कारण स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन लखनऊ, दिल्ली चुनाव कार्यालय में न मिलने पर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कड़े निर्देश देकर व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा है। इससे जिले के अफसरों में हड़कंप मच गया है। एसडीओ एसपी मिश्रा ने बताया कि विद्युत आपूर्ति में परेशानी न हो इसलिए कर्मचारियों की 8-8 घंटे की ड्यूटी लगाई है।

# व्यापार मंडल अध्यक्ष बने अश्वनी

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के एक विद्यालय में व्यापार मंडल का चुनाव हुआ। जिसमें संरक्षक, अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। कस्बे के एक विद्यालय में बुधवार शाम 5 बजे व्यापार मंडल अध्यक्ष के चुनाव किया गया। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल रहे। वहीं जिलाध्यक्ष की छह सदस्यीय टीम ने कस्बे के व्यापारी राजेश कुमार गहोई को संरक्षक, अश्वनी कुमार द्विवेदी को अध्यक्ष, रवि गुप्ता को महामंत्री, बाबू शिवहरे को कोषाध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष की ओर से मनोनीत किए गए पदाधिकारियों पर कस्बे के सुधेंद्र कुमार गुप्ता व अन्य व्यापारियों ने कहा कि अध्यक्ष पद का चुनाव होना चाहिए।


नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माला डालकर स्वागत करते। अमृत विचार

# खाई में गिरी कार, आठ लोग गंभीर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● नीलगाय से टकरा कर कार सड़क किनारे खाई में गिरी

● मुस्करा कस्बे से वापस घर से लौट रहे थे कार सवार


घटना स्थल पर पलटी पड़ी कार को देखने लोगों की भीड़ लगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हमीरपुर मार्ग पर धनौरी गांव के पास मुस्करा से राठ आ रही तेज रफ्तार एक कार नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जाकर पलट गई। कार में सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार मप्र के छतरपुर जनपद के लवकुश नगर निवासी कुंजबिहारी गुप्ता अपनी पत्नी संगीता गुप्ता के अलावा 8 वर्षीय पुत्र पारस गुप्ता और 5 वर्षीय पुत्री काव्य गुप्ता अपने परिवार के देवेन्द्र गुप्ता व पुष्पा गुप्ता के साथ मुस्करा निवासी अपने साढ़ू वीरेंद्र गुप्ता की तबीयत खराब होने पर उसे देखने के लिए मुस्करा गए थे। बुधवार की दोपहर बाद वापस छतरपुर लौटते समय राठ मुस्करा मार्ग पर धनौरी गांव के पास अचानक एक नीलगाय सड़क को पार करने के दौरान कार से टकरा गई। कार के टकराने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार के पलटने से उसमें सवार लोगों में चीत्कार मच गया। लोगों ने कार में सवार घायल कुंजबिहारी उसकी पत्नी संगीता, पुत्र पारस व पुत्री काव्या सहित देवेंद्र गुप्ता एवं पुष्पा गुप्ता निवासी लवकुश नगर के अलावा अंशिका गुप्ता व अंश गुप्ता निवासी मुस्करा को बाहर निकाला।

# परिजनों से नाराज युवक ने जहर खाया

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में परिवार जनों से नाराज युवक ने जहरीले पदार्थ खा लिया हालत खराब होने पर कुरारा सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया

क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी रामेंद्र (22) पुत्र मटरू मंगलवार की शाम 6:00 बजे परिवार जनों से किसी बात पर नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर घर के लोग आनन-फानन उसे कुरारा सीएससी उपचार के लिए लेकर आए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया

# चार माह बीते, नहीं बदले जा सके टूटे पोल

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)


नवीन पीएचसी के पास झूलते तार। अमृत विचार


पोल टूट जाने से घर की खपरैल में बांधी गई केबिल।

● लट्ठे के सहारे केबिल डालकर हो रही है बिजली की सप्लाई

**अमृत विचार।** सदर विधायक के गांव में बिजली विभाग की उदासीनता के चलते टूटे पड़े बिजली के पोल अभी भी नहीं सही किए गए। जिससे लकड़ी के लट्ठों के सहारे बिजली के तारों को घरों तक पहुंचाया गया है। यह झूलते तारों से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बताते दें कि फरवरी माह में आई तेज आंधी-तूफान से ललपुरा थाना क्षेत्र में कई गांवों में बिजली के पोल टूट गये थे। जिनको अभी तक दोबारा नहीं लगाया गया है। पौथिया गांव में नरेपुरा मोहल्ले को जाने वाली लाइन में प्रेम सोनकर के घर के पास लड़की के सहारे केबल से सप्लाई चालू है। वहीं खेरापति बाबा मंदिर के पास, सहुरापुर गांव मन्नी के घर के पास, उजनेड़ी गांव में श्याम नारायण के घर के पास दो पोल टूटे पड़े है। जिससे लोग लकड़ी के लट्ठे लगा कर घरों की केबिल डाल कर आपूर्ति चालू किए है। यहां के झूलते तारों से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। उधर पौथिया गांव के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव की बिल्डिंग के उपर से बिजली के ढीले तार टकराते हैं। फार्मासिस्ट रामसागर ने बताया कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित व फोन द्वारा तारों को ठीक कराने की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन उनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। उधर नरेशपुरा मोहल्ले के अजीत खां, शिवदयाल, सीताराम, मन्ना दादी ने बताया कि लकड़ी के लट्ठों के सहारे केबल डाले हुए है। जिसे अन्ना मवेशी कई बार गिरा चुके है। जिससे हादसा होने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने बिजली के पोल लगवाने की मांग उच्च अधिकारियों से की है। इस मामले में जेई आशुतोष सिंह से सम्पर्क किया तो फोन नहीं उठाया।

बड़ी मुसीबत — प्रतिदिन आठ टैंकर से ढाई हजार की आबादी को की जा रही है पेयजल की आपूर्ति

# पानी के संकट से नहीं उबर सके गुसियारी के लोग

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


गुसियारी गांव में टैंकर से पानी भरते ग्रामीण। अमृत विचार

● करोड़ों की पेयजल योजना बजट न मिलने से अधर में लटकी पड़ी

**अमृत विचार।** बढ़ते तापमान के बीच कई गांव में पेयजल संकट से लोगों को जूझना पड़ रहा है। कस्बे के कई इलाकों में रातों जाग कर लोग जरूरत का कुछ पानी पा पाते हैं। सबसे खराब स्थिति गुसियारी गांव की है। जहां प्रतिदिन 8 टैंकर ढाई हजार से अधिक आबादी के लिए 6 किमी दूर टिकरी गांव से पानी लाकर आपूर्ति कर रहे हैं। यहां की करोड़ों की पेयजल योजना बजट के अभाव में अधर पर लटकी हुई है।

क्षेत्र के गुसियारी गांव में पानी आपूर्ति सुचारू करने के मकसद से जिला अधिकारी राहुल पांडेय भी बीते माह जल निगम के अधिकारियों को लेकर गांव गए थे। इसके बावजूद भी स्थिति जस की तस है। ग्राम प्रधान असरार खान का कहना है कि फिलहाल एक टैंकर निजी और एक गांव पंचायत का ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए हुए हैं। अब तक कई हजार रुपये निजी स्तर पर पानी के लिए वह स्वयं खर्च कर चुके हैं। कई स्थानों पर चोक पाइप लाइनों को ठीक कराकर इस उम्मीद से कि शायद पानी गांव में और आगे बढ़ सके प्रयास कर चुके हैं। लेकिन गांव के लिए तीन साल पूर्व जिस पेयजल योजना की मंजूरी एक करोड़ से अधिक लागत से हुई थी, वह बजट के अभाव के चलते हैं पूरी नहीं हो सकी। इस समय गांव में मात्र एक कुआं है। कुछ लोग उससे पानी लाते हैं तो कुछ 20 रुपये प्रति 20 लीटर के डब्बे में पानी मंगाते हैं। वही दो ट्रैक्टर टैंकर पानी प्रतिदिन 6 किमी दूर टिकरी गांव के नलकूप से जाता है। प्रत्येक ट्रैक्टर चार चक्कर पानी लाता है। कुल आठ टैंकर पानी की आपूर्ति हो पाती है।

गांव निवासी दऊसा ने बताया कि वह पानी के लिए टैंकर का इंतजार करते हैं और जैसे ही टैंकर आता है तो मोहल्ले के सभी लोग एक बार में दो-दो बाल्टी ही पानी ले पाते हैं। बाद में फिर मिल पाता है। सरकार पानी के लिए जो भी कहे, लेकिन इस गांव में तो पानी की समस्या आज तक समाधान नहीं हुई।

गांव निवासी कलीमुद्दीन ने बताया कि वह पानी का संकट झेलते इतने बड़े हुए हैं। कई बार पानी के लिए प्रयास हुए। लेकिन आज भी गांव के लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा। हम कभी कुएं से तो कभी टैंकर से पानी लेकर काम चलाते हैं। नलों से पानी ही नहीं मिलता।

गांव के छत्रपति ने बताया कि यह विडंबना है की सरकार पानी देने की बात कह रही है। लेकिन उनके गांव में तो पानी की टंकी बनी है और नलकूप होने के बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल रहा। उनके गांव जिलाधिकारी आए थे। लगता था कि अब पानी मिलेगा। लेकिन उसके बाद भी सरकार पानी के लिए पैसा ही नहीं दे रही।

# दबंगों ने महिला दुकानदार को पीटा

**मौदहा।** कस्बे की एक दुकानदार महिला ने तीन लोगों पर दुकान के सामने शराब पीने से मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के बड़े चौराहा निवासी सुगरा बेगम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि तालिब, जमशेद व आमिर ने उसकी दुकान के सामने ऑटो रिक्शा लगाकर शराब पीने लगे। उसने जब दुकान के सामने शराब पीने से मना किया तो तीनों लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो मारपीट करने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग आए गए तो तीनों आरोपी धमकी देते हुए चले गए। इसके बाद पीड़िता दुकान बंद कर वापस अपने घर चली गई। इसी के बाद तीनों आरोपी घर में पहुंचकर गाली गलौज और मारपीट की।

# बीडीओ ने किया प्रधानमंत्री आवासों का सत्यापन

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

● प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण पाए जाने पर पांच दिनों के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिए


गिमुहा गांव में पीएम आवास का सत्यापन करते बीडीओ।

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के गिमुहा, पतारा गांव में खंड विकास अधिकारी ने आवासों का मौके पर जाकर सत्यापन किया। जिसमें पांच आवास अपूर्ण मिलने पर लाभार्थियों को पांच दिन में कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है।

विकासखंड क्षेत्र के गिमुहा, पतारा गांव में बुधवार को प्रधानमंत्री आवासों का सत्यापन करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने गिमुहा गांव में 20 आवासों का मौके पर जाकर सत्यापन किया। जिसमें 18 आवास पूर्ण पाए गए। जबकि दो आवास मीरा व रावेंद्र के अपूर्ण पाए जाने पर पांच दिन के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वही पतारा गांव में 44 प्रधानमंत्री आवासों का सत्यापन किया। जिसमें 41 आवास पूर्ण पाए गए। तीन आवास राजकुमारी , अखिलेश व मन्नी के अपूर्ण मिले। बीडीओ बिपिन गुप्ता ने बताया कि पांच आवास अपूर्ण पाए गए है। जिनको बनवाने के लिए पांच दिन का अल्टीमेटम दिया गया है।

# आग बुझाते समय दीवार गिरी, महिला की मौत

## बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पवैया गांव का मामला, एक मकान में लगी आग को बुझा रहे थे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पानी से बुरी तरह भीग जाने के कारण दीवार ढह गई
- पड़ोसी महिला भी आग बुझाने में कर रही थी सहयोग

**अमृत विचार।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मकान पर अचानक आग लग गई। पड़ोसियों ने देखा तो आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाते समय कच्ची दीवार भीग जाने के कारण गिर गई, जिसके नीचे दबकर पड़ोसी महिला की मौत हो गई है।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पवैया गांव निवासी रामफल पुत्र सुमेरा के मकान में आज दोपहर अचानक आग लग गई। जिसमें गांव में पड़ोसियों के द्वारा बाल्टी और हैंड पंप के सहारे आग को बुझाया जा रहा था। पड़ोसी महिला फूल कुमारी पत्नी स्व. गरीबदास (58) भी आग बुझाने में सहयोग कर रही थी। तभी कच्ची दीवाल में सीदा आ जाने से रामफल की कच्ची दीवार गिर गई जिसमें दीवार के मलबे के नीचे फूल कुमारी दब गई।

ग्रामीणों ने देखा तो दीवार के मलबे से फूल कुमारी को बाहर निकालकर निजी साधन से बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


महिला की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### बिजली के पोल से गिरकर लाइनमैन जख्मी

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव निवासी अनुज (32) पुत्र रामप्रकाश प्राइवेट लाइनमैन है। बुधवार की सुबह वह बिजली पोल में चढ़ रहा था, तभी पैर फिसल जाने से वह नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# घर के बाहर वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला

**अमृत विचार।** घर के बाहर मंगलवार की रात को लघुशंका करने के लिए बाहर निकले वृद्ध को वहां से गुजरे ट्रक ने रौंद दिया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कमासिन थाना क्षेत्र के कुम्हेढ़ासानी गांव निवासी ननकवा यादव (65) पुत्र धर्मपाल के घर के बाहर से ही रोड निकली हुई है, उस रोड से वाहनों का आवागमन बना रहता है। मंगलवार की रात को ननकवा लघुशंका के लिए दरवाजा खोलकर अपने घर के बाहर निकला, तभी वहां से गुजरे ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। मृतक के चार बीघा जमीन है। दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। खेती किसानी करके ननकवा अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी चुनवा देवी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# समर कैंप में छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन, सजाई पौष्टिक आहारयुक्त सलाद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में पांच दिवसीय कैंप खत्म
- एकल नृत्य और राम स्तुति से छात्राओं ने मन मोह लिया

**अमृत विचार।** पांच दिवसीय समर कैंप में छात्राओं ने पौष्टिक आहार युक्त सलाद सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एकल नृत्य और राम स्तुति नृत्य प्रस्तुत कर अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से छात्राओं ने सबका मन मोह लिया। छात्राओं को समर कैंप का महत्व बताया गया।

झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप बुधवार को खत्म हो गया। अंतिम दिन कालेज की छात्राओं ने पौष्टिक आहार के महत्व को ध्यान में रखते हुए आकर्षक सलाद सज्जा की।

इसके पूर्व ब्रह्मकुमारी शालिनी, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष लवलेश सिंह, सेवानिवृत्त जिला क्रीड़ाधिकारी सबल सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन करते हुए समापन समारोह का शुभारंभ किया। छात्रा अंशिका ने नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना व छात्रा अवनि शुक्ला ने राम स्तुति नृत्य प्रस्तुत करते हुए सबका मन मोह लिया। बालिकाओं के विकास के लिए आध्यात्मिक, शारीरिक एवं व्यवहारिक पक्ष को रखते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओंसे ऊजार्वान होकर के कार्य करते रहने की नसीहत दी गई।

प्रधानाचार्य अमिता सिंह ने छात्राओं को समर कैंप का महत्व बताया। इस मौके पर सजल कुमार रेंडर, नरेन्द्र सिंह परिहार, देवी सिंह, गजराज सिंह, शिवकुमार गुप्ता, ओमप्रकाश मसुरहा, सुरेंद्र सिंह, अरिमर्दन सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन डा.इंद्रवीर सिंह ने किया।


योग साहित्य देकर सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

# पैनल ने किया युवती के शव का पोस्टमार्टम

**बांदा।** एक युवती ने सूने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पिता ने सुसरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने और शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया था। बुधवार को दो चिकित्सकों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया।

गिरवां थाना क्षेत्र के पतौरा गांव निवासी पूजा (25) पत्नी मोहित शुक्ला ने सोमवार की दोपहर को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मृतका का पति मथुरा में भगवताचार्य है, वह मथुरा में था। ससुर मतदान के दौरान एजेंट के तौर पर काम कर तरहा था। जबकि उसकी सास वोट डालने के लिए गई हुई थी। घर में कोई नहीं था, इसी दौरान पूजा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पिता रामनाथ निवासी महुआ थाना गिरवां सूरत में रहता है। उसने आरोप लगाया कि 26 जनवरी 2019 को उसने अपनी बेटी की शादी की थी। उसके एक पुत्र है। उसने आरोप लगाया कि पति, सास, ससुर और ननद ने उसकी बेटी के साथ मारपीट करते हुए मौत के घाट उतार दिया और आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि पांच लाख रुपए दहेज की मांग की जा रही थी। न देने पर उसकी बेटी की हत्या कर दी।

# लिपिक के विरुद्ध भाकियू ने खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन ने विद्युत विभाग लिपिक के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए निजी नलकूप धारक किसानों से सामान उठाने के नाम पर अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं। कहा कि लिपिक के उत्पीड़न से किसान परेशान है। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लिपिक पर कार्रवाई की मांग की है।

यूनियन जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में लिपिक द्वारा किसानों से वसूली किए जाने का मुद्दा छाया रहा। बैठक के बाद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष की अगुवाई में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें कहा है कि विद्युत भंडार केंद्र में तैनात लिपिक निजी नलकूप धारक किसानों से सामान उठाने के नाम पर रुपये की मांग करता है।


प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

- निजी नलकूपधारक किसानों से वसूली के आरोप

सुविधा शुल्क न देने पर सामान देने से इनकार कर देता है। किसानों का खुलेआम उत्पीड़न किया जा रहा है। कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यदाई संस्था ने पाइप लाइन तो बिछा दी लेकिन उखड़ी सड़कों के नहीं बनाया गया। बारिश के दिनों में योजना से आच्छादित गांवों में जल भराव की समस्या रहेगी।

# तापमान में इजाफा होने से 'हांफ' रहे ट्रांसफार्मर

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** प्रतिदिन तापमान में इजाफा होने से पावर हाउस से लेकर विद्युत ट्रांसफार्मर एवं तारों में आए दिन घटनाएं होने से लोगों को घंटों विद्युत आपूर्ति के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। बीते 24 घंटे में नजर डाली जाए तो पावर हाउस से लेकर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह पर फाल्ट की समस्याएं उत्पन्न हुई। इससे लोग घंटों विद्युत आपूर्ति से वंचित रहे।

मंगलवार की रात पशु बाजार के निकट रखे 400 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से दुग्ध डेरी रोड़ का इलाका बिजली से वंचित रहा। इसी तरह इमिलिया थोक में रखे 400 केवीए ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने से आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुबह विद्युत वितरण सब स्टेशन में अचानक मशीनों में खराबी आने से सुमेरपुर पावर हाउस के सभी फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई। बाद में एक-एक करके फीडरों को चालू करके आपूर्ति बहाल की गई। इसी तरह की घटनाएं आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों में होने से आपूर्ति में व्यवधान पैदा होता है। बीते 19 मई की रात ग्राम पंचायत जलाला में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में जुड़ी केबिल में आग लगने से गांव की सप्लाई ठप हो गई थी। पोलिंग पार्टी की सूचना पर रात में ही आपूर्ति ठीक कराई गई थी। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर विद्यालय परिसर में रखा है। जिससे बच्चों को खतरा बना रहता है।

# बुलेट राजा का कटा 16 हजार का चालान

**इटावा।** बाइकों व कारों पर स्टंट करते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने पर लगातार कार्रवाई होने के बावजूद कुछ युवा बाज नहीं आ रहे हैं। अब बुलेट बाइक पर स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है लेकिन पुलिस ने 16 हजार रुपये का चालान काट दिया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस सोशल मीडिया सेल के अभय शुक्ला ने इसे संज्ञान में लिया। इसके तहत यातायात पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर बाइक स्वामी के नाम 16 हजार रुपये चालान काट कर उनको प्रेषित कर दिया। इस वीडियो में बाइक सवार बिना हेलमेट लगाए स्टंट कर रहा है जो गैरकानूनी है।

# संदिग्ध अवस्था में लापता युवक का नहीं लग सका सुराग

**राठ।** मझगवां थाने के खिरिया गांव से एक युवक पिछले एक पखवारे से लापता है। पीड़ित के भाई ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। खिरिया गांव निवासी रविकरन पुत्र मंशाराम ने बताया कि उसका छोटा भाई जयकरन सिंह (33) बीते 15 दिन पहले संदिग्ध अवस्था में घर से गायब हो गया था। बताया कि काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है।

# युद्ध कला की बारीकियां भी सीखेंगे कैडेट

**इटावा।** जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर में 4 यूपी बीएन एनसीसी के एक महीने तक चलने वाला प्रशिक्षण शिविर बुधवा से शुरू हो गया। उद्घाटन के बाद कमांडेंट एसपी सिंह ने कैडेट्स को कैंप से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि के बारे में अवगत कराया। कैंप में कराये जाने वाले युद्ध कला प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम ड्रिल इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।


पेयजल एवं स्वच्छता समिति के प्रशिक्षण में पोस्टर दिखाते प्रशिक्षणार्थी। अमृत विचार

# पेयजल एवं स्वच्छता समिति के प्रशिक्षण का समापन

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के तहत यूनोप्स के सहयोग से देवीगंज गांव के पंचायत भवन में पानी समिति के सदस्यों को पेयजल योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए बुक कीपिंग एवं वित्तीय प्रबंधन विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में यूनॉप्स के जिला सलाहकार सिद्ध गोपाल त्रिवेदी ने पानी समिति में बनाए जाने वाले सभी प्रकार के अभिलेखों की जानकारी दी। तथा योजना के रखरखाव के लिए पानी समिति की जिम्मेदारी व उत्तरदायित्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही पीएमसी के संतोष कुमार ने जल संरक्षण करने और जल गुणवत्ता परीक्षण की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान रामायण प्रसाद, विकास चौधरी पंचायत सचिव, रोहित यादव, चंद्रदेव पंचायत सहायक, अजीत, बिमलेश उमा, राजेश्वरी, सुनीता, माया, आरती रीता और पानी समिति के सदस्य तथा गांव के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक वस्तुओं के संरक्षण की है जरूरत

**इटावा।** नमामि गंगे के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति इटावा के सयुक्त तत्वाधान में सरस्वती इंटर कॉलेज मोतीझील में जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने कहा कि हमने प्रकृति में मौजूद उन चीज़ों का दोहन कर लिया है जो पहले प्रचुर मात्रा में उपलब्ध थीं। इन प्राकृतिक चीज़ों को संरक्षित करने की ज़रूरत है।

उप क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव प्रसाद ने कहा कि जैव-विविधता पारितंत्र को स्थिरता प्रदान कर पारिस्थितिक संतुलन को बरकरार रखती है। पौधे तथा जन्तु एक दूसरे से खाद्य शृंखला तथा खाद्य जाल द्वारा जुड़े होते है। पर्यावरण मित्र शैलेश कुमार ने बताया कि 22 मई को जैव विविधता के मुद्दों से संबंधित समझ बढ़ाने और जागरुकता फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा जैव-विविधता पर अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया गया है। अक्षरा सिंह, अर्चना, शांति चौहान ताबिश अहमद, अनिल चौहान, अरुण शर्मा, संतोष यादव, रुद्र प्रताप सिंह एवं अनुज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# डीबीए चुनाव: अध्यक्ष पद पर दो नामांकन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा के वार्षिक चुनाव के लिए एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी, सदस्य शांती स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी के समक्ष बुधवार को विभिन्न पदों पर 25 अधिवक्ताओं ने अपने-अपने नामांकन पत्र समर्थकों के साथ दाखिल किए। पहले दिन अध्यक्ष पद पर दो व महामंत्री पद पर तीन अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन दाखिल किए।

एल्डर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार त्रिपाठी ने एल्डर्स कमेटी के सामने नामांकन अपने समर्थकों के साथ पेश किया। उसके तुरंत बाद पूर्व डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने अपने समर्थकों के साथ धूमधाम से पर्चा भरा। इसके बाद महामंत्री पद पर तीन प्रत्याशी लक्ष्मीशंकर यादव, राघवेन्द्र शर्मा, बृजेन्द्र बहादुर राजपूत ने पर्चे दाखिल किए।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र सिंह चौहान, मध्यम उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार सिंह संयुक्त मंत्री पर सुभाष चन्द्र अनिल कुमार शाक्य, गौतम मिश्रा के अलावा वरिष्ठ सदस्य पर 4 लोगों ने कनिष्ठ सदस्य पर पर 10 पर्चा भरे गए हैं।

गुरुवार को पर्चा भरने का आखिरी दिन है। गुरुवार को ज्यादा गहमा गहमी रहेगी। जो 32 लोगों को और नामांकन करना है सबसे बड़ी बात यह रही कोषाध्यक्ष पद पर अभी तक कोई पर्चा दाखिल नहीं किया गया है। गुरूवार को कोषाध्यक्ष पद पर कई प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं

## सार-संक्षेप

### मगरमच्छ के हमले में बाल-बाल बचा भूरे निषाद

**चकरनगर।** चंबल नदी में पानी भरने गए युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। ग्राम पंचायत पथर्रा के मजरा ख्यालीपुरा निवासी जगतनारायण उर्फ (भूरे) निषाद (40) चंबल नदी पर पानी भरने गया था। आचनक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। हिम्मत के चलते मगरमच्छ से जंग करके मौत को मात देकर वह बाहर निकल आया। परंतु बुरी तरह जख्मी हो गया। परिजनों और गांव वालों की मदद से उसको सीएचसी राजपुर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल इटावा के लिए रेफर कर दिया है।

### युवती को पीटने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर, इटावा।** कस्बा अहेरीपुर में पड़ोसी के घर में कूड़ा डाल दिए जाने पर दो महिलाओं सहित चार लोगों ने एक युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। कस्बा में रहने वाली फरजाना ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी असीफा छत पर झाड़ू लगा रही थी। तेज हवा चलने से कूड़ा पड़ोसी के घर में चला गया। इसी बात को लेकर पडोसी बेटी से गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुष्पा देवी, महेश चंद्र, दिव्या के अलावा सचिन के रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**इटावा।** जीआरपी ने गस्त के दौरान प्लेटफार्म नंबर चार से एक व्यक्ति गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके वैग से 16 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। एसओ जीआरपी शैलेष निगम ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी प्लेट फार्म नंबर चार पर संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस बैग की तलाशी ली तो उसमें 16 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजेश कुमार पुत्र महेंद्र प्रसाद निवासी धपेडा, थाना कोचस जिला रोहिताश बिहार केरूप में की गई है। पलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

### राशन कम देने का आरोप लगा किया हंगामा

**बसरेहर।** ग्राम पंचायत बुलाकीपुर में मंगलवार को राशन कम होने के कारण कार्डधारकों ने हंगामा कर दिया। गांव के ही युवक शिवपाल सिंह ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है प्रत्येक कार्ड पर एक किलो राशन काम दिया जाता है। राशन डीलर सत्ताधारी दल से जुड़ा हुआ है इसलिए कोई अधिकारी संज्ञान नहीं लेता है। ग्रामीण अनूप कुमार, अभिषेक कुमार, शिवकेश, आयुष कुमार, दिलीप कुमार, अशिमत, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, विद्याराम ने जिलाधिकारी से मांग की कि सही ढंग से जांच-पड़ताल की जाए। जिससे डीलर के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

### प्रभु ने उत्तरा के गर्भ में की परीक्षित की रक्षा

**ताखा।** युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोधित होकर पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया। भगवान की कृपा से अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। क्षेत्र के नगला महासिंह में चल रही श्रीमद्भागवत में बुधवार को कथावाचक निशा शास्त्री ने परीक्षित जन्म का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मास्त्र लगने के बाद भी श्रीकृष्ण की कृपा से उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। एक दिन परीक्षित क्रमिक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए। कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित ने मृत पड़े सर्प को क्रमिक मुनि के गले में डाल कर चले गए। अपने पिता के गले में मृत सर्प को देख मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया कि जिस किसी ने भी मेरे पिता के गले में मृत सर्प डाला है। उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर सर्प के डसने से हो जाएगी। परीक्षत रामपाल बघेल, आयोजक रामौतार बघेल आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं ने सीखा गत्ते, जूट के बोरों से घोसले बनाना

**इटावा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ दतावली डायमंड ने गौरैया संरक्षण के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गौरैया के घर बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित की। गौरैया संरक्षक प्राथमिक विद्यालय खरदूली की अध्यापक डॉ. सुनीता यादव ने छात्रों के लिए गौरैया का घर बनाने का प्रशिक्षण दिया। सर्वप्रथम नन्हीं चिड़िया के जीवन के इतिहास, उसकी विभिन्न प्रकार की आवाजें चिड़िया की पसंद और नापसंद और संरक्षण के महत्व के बारे में छात्राओं को बहुत ही सरल भाषा में जानकारी दी गई। सुनीता यादव ने कम बजट में गत्ते जूट के बोरो के माध्यम से विभिन्न आकृति के घोसलों को बनाना सिखाया। इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों के अंदर प्राकृतिक प्रेम को विकसित करता है। आजकल की दौड़ भरी जिंदगी में प्राकृतिक प्रेम होना अति आवश्यक है। नन्ही चिड़िया जब दाना लेकर चलती है। सौ बार गिरती है और संभलती है वह जीवन का अमूल्य पाठ सभी को सिखाती है। सभी के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। संचालन प्रधानाचार्य जीजीआईसी अंजू श्री ने किया।

**याद किया** — क्रांतिकारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का किया बखान

# क्रांतिकारी कमांडर अर्जुन सिंह को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जनपद के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया की पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव लोहिया खुर्द में मनाई गई। हवन पूजन के बाद लोगों ने उनके क्रांतिकारी व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कमांडर भदौरिया की स्मृति में उनकी जयंती पर गत 10 से 22 मई तक उनके गांव लोहिया खुर्द में कमांडर के लोग संस्था की तरफ से सेनानी मेला लगाया गया था। बुधवार को उनकी पुण्य तिथि पर प्रातः हवन पूजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। फिर कमांडर साहब की समाधि स्थल पर लगे क्रांतिकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण हुआ।

इस अवसर हुई सोलह सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनीश पाल, आकाश को द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले अतुल कुमार तथा सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनीश पाल, आकाश को द्वितीय एवं राजू शंखवार को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर कमांडर साहब के पुत्र तथा संस्था के अध्यक्ष सुधींद्र भदौरिया एवं सचिव डा. जयचंद्र भदौरिया ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया।

पं. गुड्डू तिवारी चंद्रवीर सिंह चौहान, सुदीप बाथम, चंद्रोदय चौहान, धर्मेंद्र कुमार सिकरवार, अंकित शंखवार, मो. अजहरुद्दीन का विशेष सहयोग रहा। सुधींद्र भदौरिया ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।


कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया को श्रद्धांजलि देते सुधींद्र भदौरिया, डॉ. जयचंद्र भदौरिया।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से फसलें हो रहीं चौपट

संवाददाता इकदिल, इटावा

- शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुरा में लगे एक ट्यूवैल पर रखा ट्रांसफार्मर पिछले एक सप्ताह से फुंका पडा है। ट्रांसफार्मर के फुंकने से इस भीषण गर्मी में पानी के अभाव में फसलें चौपट हो रही है। ट्रांसफार्मर के फुंकने की जानकारी किसानों ने अधिकारियों के अलावा लखनऊ में दर्ज कराई है लेकिन अभी तक इस पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे किसान काफी परेशान है।

क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुरा निवासी आनंद कुमार राजपूत ने बताया कि उसके ट्यूवैल पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है उससे दो अन्य ट्यूवैलों के लिए लाइन गई है। आठ दिन से ज्यादा का समय हो गया है उसका ट्रांस फार्मर फुंक गया है। इस सम्बंध में उसने विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन कोई कार्रवाई नही हई। इसके अलावा उसने लखनऊ में भी इसकी ऑन लाइन शिकायत दर्ज कराई है। बिजली न आने से ट्यूवैल नही चल पा रहे जिससे खेतों में खडी मक्का मूंगफली व मूंग की फसले चौपट हो रही है। किसानों ने जिला अधिकारी से जल्द ही ट्रांसफार्मर रखवाने की गुहार लगाई है।

# अधिकारियों ने देखी ईवीएम की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज रजा ने विशिष्ठ मंडी कालपी रोड उरई स्थित वेयर हाउस में पहुंचे और वहां रखी ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

ईवीएम की सुरक्षा को लेकर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से निरंतर निगरानी की जा रही है, सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पहुंचकर देखा सभी कैमरे संचालित मिले। ड्यूटी पर मजिस्ट्रेट और पुलिस के जवान तैनात थे तथा अर्द्धसैनिक बल के जवानों और पुलिस कर्मियों को भी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे, राजनीतिक दलों के नामित प्रतिनिधि भी निगरानी कराते पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मानक एवं प्रोटोकॉल के अनुसार किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति व वाहन को अंदर न आने दिया जाए। यदि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी भी निरीक्षण करने आते हैं तो उनकी भी पहचान, वाहन चेक कर समाधान होने पर गेट से अंदर प्रवेश करने दें।



वेयर हाउस का निरीक्षण करते डीएम राजेश कुमार पांडेय, एसपी ईरज रजा।

### सीसीटीवी से हो रही है ईवीएम की निगरानी

जालौन, भोगनीपुर, गरौठा लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान सम्पन्न हुआ था। मतदान के बाद ईवीएम को विशिष्ठ मंडी कालपी रोड उरई में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। इनमें लोकसभा क्षेत्र के छह प्रत्याशियों का भाग्य बंद है। इसलिए यहां की कड़ी सुरक्षा की गई है। पुलिस के साथ ही अर्द्धसैनिक बलों की ड्यूटी लगाई गई है। पूरे वेयर हाउस की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही है। इसके लिए एक कंट्रोल रूम बनाया है, जिसमें एलईडी के माध्यम से निरंतर निगरानी हो रही है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।

## भागवत कथा शुरू निकाली कलश यात्रा

**कालपी।** ग्राम मगरौल में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के पास गोसाईं बाबा मन्दिर में विशाल पंचकुंडीय महायज्ञ और मद्भागवत कथा शुरू की गई। इसके तहत कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी नागा गद्दी के महामंडलेश्वर रामकरणदास के दिशा-निर्देश, नागा सम्प्रदाय के साधु संतों व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से निकाली गई, जिसमें प्रमुख रूप से महंत जमुनादास महाराज बनखंडी शक्ति कालपी धाम, महंत बालकृष्णपुरी तिग्रेश्वर, ऋषभ दास,अरविन्द यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कालपी, आशु बाबा सभासद प्रतिनिधि, गंगाराम प्रजापति, चंद्रभान प्रजापति, रामचंद्र द्विवेदी, लखनलाल द्विवेदी, बड़े महाराज, राकेश पाल आदि मौजूद रहे।

# मौरंग खदान में दबा श्रमिक, मौत

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कदौरा थाना क्षेत्र के पतरेहटा गांव की मौरंग खदान खंड संख्या 6 में दर्द नाक हादसा हो गया। यहां मौरंग के ढेर में दबकर श्रमिक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कदौरा थाना के कदौरा से जलालपुर मुख्य मार्ग से महज एक किलो मीटर की दूरी पर मौरंग खनन खंड संख्या 6 में खनन कार्य संचालित था, इसमें नियम के विरुद्ध पोकलैंड मशीनों से मौरंग की खुदाई का काम किया जाता है। पथरेहटा घाट पर पोकलैंड मशीन से मौरंग निकालते समय कानपुर देहात के पुखराया कस्बा का निवासी शिवाय पुत्र सुरेश कुमार मौरंग में दब गया और उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब शिवाय पोकलैंड मशीन से मौरंग निकल रहा था तभी पोकलैंड मशीन द्वारा आसपास लगाया गया मौरंग का ढेर धंस गया, जिसमें युवक दब गया। मौरंग घाट कर्मियों ने दौड़ कर युवक को मौरंग के ढेर से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बेहोश युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कदौरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शिवाय पुत्र सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं 11 पुखरायां थाना भोगनीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

- कदौरा थाना क्षेत्र के पतरेहटा मौरंग खदान खंड संख्या-6 में हुआ हादसा

# बिजली की आंख-मिचौली, बिलबिला रहे लोग

## ओवरलोड की वजह से ज्यादा हो रही समस्या, टूट रही हाईटेंशन लाइनें, खराब हो रहीं ओसीबी मशीनें

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** बढ़ती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। उस पर बार बार बिजली की आंख मिचौली होने से उपभोक्ता बिलबिला रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण विद्युत की सप्लाई व्यवस्था पूरी तहर से बेपटरी चल रही है। हाई टेंशन लाइन के तार टूटने तथा ओसीबी मशीनों में खराबी के कारण मंगलवार एवं बुधवार को 20 से अधिक बार बिजली की ट्रिपिंग होने से उपभोक्ताओं को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा। समस्याओं से निपटने के लिए अभियंताओं की टीम के द्वारा सबस्टेशन कालपी में मशीनों की मरम्मत की गई।

जानकारी के अनुसार विद्युत सब स्टेशन कालपी से नगर में विद्युत की आपूर्ति करने के लिए फीडर स्थापित है। इसमें किला घाट फीडर की आपूर्ति व्यवस्था बहुत ही खराब हो गई है। विद्युत सब स्टेशन में स्थापित ओसीबी मशीन बार-बार ओवरलोड के कारण खराब हो रही है। उपखंड अधिकारी आदर्श के मुताबिक जिला मुख्यालय उरई से सहायक अभियंता अनुपम सचान, अवर अभियंता शिवम साहू, रवि यादव आदि की टीम ने विद्युत सब स्टेशन की ओसीबी मशीनों के रिले सेट, मशीनों की वायरिंग, मशीन की टेस्टिंग का कार्य रात में पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि अब बिजली की सप्लाई बेहतर हो जाएगी। बिजली की समस्या से निपटने के लिए अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में लाईनमैन दिलीप कुमार, रिंकू पोरवाल आदि की टीम ने विद्युत लाइनों की घूम-घूम कर पेट्रोलिंग की है।



विद्युत सबस्टेशन की ओसीबी मशीनों की टेस्टिंग करवाते कर्मचारी। अमृत विचार

## परेशानी:केबल जलने से कई मोहल्लों की गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** गर्मी का तापमान जैसे-जैसे दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे बिजली की व्यवस्था खराब होती जा रही है। आये दिन विद्युत लाईनें टूट कर गिर रही हैं या अधिक लोड पड़ने के कारण विद्युत लाइनों में आग लग रही है। असमे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने की वजह से पेयजल संकट भी पैदा होता जा रहा है। बीते दिन शहर के मोहल्ला हजारीपुरा में विद्युत पोल की केबल में रात के समय ऐसी आग लगी कि आग की चपेट में आने से विद्युत केबल कई टुकडों में जलकर सड़क पर जा गिरी। विद्युत केबल जलने से लोग पीने के पानी के लिए तरसते रहे है। इसके बाद भी विद्युत विभाग द्वारा जली हुई केबल को ठीक तक नहीं कराया गया, जिससे लोगों को अंधकार और गर्मी में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।



जली केबल। अमृत विचार

## चंबल क्रिकेट लीग में हुए रोचक मुकाबले

**उरई।** चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के पांचवें दिन मरदानपुरा टीम जीती। चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के पांचवें दिन मरदानपुरा (इटावा) और मधुपुरा (भिंड) के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मधुपुरा टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, मधुपुरा टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 11.3 ओवर में 91 रन बनाकर आल आउट हो गयी। मधुपुरा टीम के खिलाड़ी मोहन ने 2 छक्के 1 चौके की मदद से सर्वाधिक 20 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके। जवाब में उतरी मरदानपुरा टीम 5.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान से जीत हासिल की। मरदानपुरा टीम के खिलाड़ी साकेत ने 3 छक्के 1 चौके की मदद से 25 रन बनाने के साथ 2 विकेट लिए। मरदानपुरा टीम के खिलाड़ी साकेत को मैन ऑफ द मैच ट्राफी मीना देवी और अपर्णा मिश्रा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

# शव लेकर जा रही एंबुलेंस डंपर में घुसी, चार घायल

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** शव लेकर श्रावस्ती जा रही एक एंबुलेस खड़े डंपर से टकरा गई। इससे चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार प्रदेश के श्रावस्ती जिले के अलीपुर गांव निवासी मुकद्दर अली अपने परिवार के साथ गुजरात में रहकर प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते थे। बीमारी से मुकद्दर अली की बीती रात गुजरात में मृत्य हो गई, पत्नी शबनम परिजनों के साथ अपने पति का शव एंबुलेंस से लेकर श्रावस्ती जा रही थी, तभी कानपुर झांसी हाइवे पर जालौन के एट थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में मृतक मुकद्दर अली की पत्नी सबनम, साला समीम अली पुत्र अजहर अली, समीर अली पुत्र जावेद अली तथा जावेद अली की पुत्री सैया अली घायल हो गए। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एट थानाध्यक्ष अजय सिंह ने एंबुलेंस में फंसे घायलों को बाहर निकलवाया, और स्थानीय एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया है। दूसरी एंबुलेंस से शव को भेजा गया। इधर चालक एंबुलेंस छोड़ कर भाग गया।



क्षतिग्रस्त एंबुलेंस व घायल युवक।



राठ रोड ओवरब्रिज पर लगा जाम। अमृत विचार



फुटपाथ पर लगी दुकानें। अमृत विचार

# रोज लग रहा पुल पर जाम, नहीं हो रहा समाधान

संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** शहर के मौनी मंदिर से राठरोड की ओर जाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण करवाया गया है। इसी ओवरब्रिज से राठरोड गल्ला मंड़ी से आने वाले और जाने वाले गुजरते है। यानि हर रोज हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं जिसकी बजह ओवरब्रिज के ऊपर सैकड़ों की संख्या में वाहनों का जाम लग जाता है और आम जनता को यहां से निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज की यातायात व्यवस्था को नियंत्रण रखने के लिए आधा दर्जन से अधिक ट्रैफिक सिपाहियों व होमगार्ड जवानों की डयूटी भी हर रोज लगाई जाती है इसके बाद भी लोगों को जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। बताते चलें कि राठरोड ओवरब्रिज से क्षेत्र के पड़ने वाले दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण भी वाहन लेकर यहीं से बाजार के लिए खरीददारी करने आते-जाते हैं। इसके अलावा भारी वाहनों का भी आना-जाना ओवरब्रिज से रहता है। शहर के अंदर आने के लिए भी यही रास्ता है, इसके चलते राठरोड ओवरब्रिज पर जाम की स्थिति दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। जिसका कोई समाधान निकलता नहीं दिखाई दे रहा है।

### फुटपाथ पर कब्जा करते जा रहे पटरी दुकानदार

**उरई (जालौन)।** नगर पालिका परिषद ने राहगीरों की सुविधा के लिए लाखों रुपये खर्च करके फुटपाथों का निर्माण करवाया था जो शहर के भगतसिंह चौराहा से रेलवे स्टेशन, कोतवाली गेट से अस्पताल गेट, आम्बेडकर चौराहा के अलावा राठरोड़ के दोनों ओर करवाया। इससे पैदल निकलने वाले राहगीरों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। शहर में बने फुटपाथों पर दुकानदारों ने अवैध कब्जा जमा कर दुकाने जमा रखी हैं जिससे राहगीरों को पैदल निकलने में भी भारी दिक्कत का सामना करना है। कई बार पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण अभियान चला कर फुटपाथों पर अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारों का अवैध अतिक्रमण बल पूर्व हटवाया भी गया। जो कुछ दिनों तक तो ठीक-ठाक रहा मगर पालिका प्रशासन की सुस्ती के बाद दुकानदारों ने पुनः फुटपाथों पर कब्जा जमा लिया। हालत तो यहां तक हो गई कि शहर के अंदर बने फुटपाथों का नामोनिशान ही समाप्त हो गया है। शहर के गणमान्य लोगों फुटपाथों पर जमें अतिक्रमण को हटाये जाने की मांग नगर पालिका परिषद से उठाई है।

- गर्मी का मौसम होने से जाम में फंसे राहगीरों को होती है भारी दिक्कत

# मेधावियों को विधायक ने किया सम्मानित

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** बुधवार को नवीन सरस्वती ज्ञान मंदिर आलमपुर में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ। इस मौके पर सम्मान तथा पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक विनोद चतुर्वेदी थे, उन्होंने कहा कि उन्नति एवं खुशहाली के लिए शिक्षा ही बेहतर साधन है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की वजह से ही डॉ. अब्दुल कलाम भारत के राष्ट्रपति के पद तक पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मनोज चतुर्वेदी विधायक प्रतिनिधि कालपी, सुनील पटवा सभासद, रमेश मिश्रा, अरविंद सिंह राठौर, जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी के अलावा विद्युत उपखंड अधिकारी आदर्श राज, दिनेश गुप्ता, सुनील कुमार, सुशील कुमार तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लोक व्यवस्था भंग करने पर पांच के खिलाफ एफआईआर

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय नगर के सार्वजनिक स्थानों में दो पक्षों द्वारा संघर्ष करना भारी पड़ गया। मामले को संज्ञान में लेकर उपनिरीक्षक की तहरीर पर चार नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ 308 सहित संगीन धाराओं में मामला दर्ज कराया गया है। कोतवाली के उपनिरीक्षक वसीम अहमद ने अभियोग दर्ज कराते हुए बताया कि नगर में भ्रमणशील थे। इसी दौरान रात करीब सवा दस बजे जैसे ही वह नगर के मोहल्ला गणेशगंज पहुंचे तो देखा कि आपस में दो पक्ष गाली गलौज करते हुए एक दूसरे के ऊपर ईट पत्थर फेंक कर झगड़ा कर रहे हैं तथा एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उपनिरीक्षक ने बताया कि एक पक्ष के अंकुश यादव पुत्र धर्मेंद्र निवासी तरीबचल्दा, रोनित यादव पुत्र सतपाल निवासी गणेशगंज से दूसरे पक्ष से समीर पुत्र नाजिम, नाजिम पुत्र शेर खान निवासीगण मोहल्ला गणेशगंज झगड़ा कर रहे थे। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे रज्जाक, शिवम, शेरखान तथा सतपाल सिंह घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया।

### कुल्हाड़ी के हमले से युवक घायल

**उरई।** किसी बात को लेकर हुई कहा सुनी में दबंग इस्माइल खां ने अपने चार साथियों के साथ युवक कादिर पर कुल्हाड़ी लाठी डंडों से हमला कर लहू लुहान कर दिया। लहू लुहान कादिर को परिजनों ने मेडिकल कालेज उरई में भर्ती कराया है। हमले में कादिर के सिर पर गहरा घाव है, फिर भी कोटरा थाना पुलिस ने महज गली गुलौज, मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### नेत्र शिविर में 70 लोगों की हुई जांच

**उरई।** कोंच कस्बे के क्रय विक्रय के पास स्थित बड़ा मील परिसर में सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सक प्रदीप कुमार ने 70 लोगों का नेत्र से संबंधित, मोतियाबिंद समेत अन्य बीमारियों का परीक्षण किया गया। जानकारी मिलने पर सुबह 10 बजे तक 70 मरीज और उनके तीमरदार इकट्ठा हो गए। डॉक्टर प्रदीप कुमार ने 70 मरीजों के नेत्र रोग का परीक्षण किया, जिसमें से 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हे शिविर समाप्ति के बाद सदगुरु नेत्र चिकित्सय चित्रकूट चिकितासालय ले जाया गया जहां मोतिया बिंद का आपरेशन करने के बाद वापस कोंच भेजा जाएगा।

### दुकानों और चौराहों पर चल रहीं चुनावी चर्चा

**कोंच (जालौन)।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने अपने पसंद के प्रत्याशी और पार्टी को वोट तो कर दिया लेकिन वोट किसे दिया यह बताने से अभी भी हिचक रहा है। वहीं हार जीत की चर्चाएं हर एक चौराहा और दुकानों पर चल रही हैं। कोई जातीय समीकरण बताने में जुटा है तो कोई पार्टी को प्राथमिकता देकर जीत की बात कह रहा है।

**जल है तो कल है...** जल संरक्षण जागरुकता जन चौपाल में मंडलायुक्त ने बढ़ाया हौसला, जल सहेलियां बोलीं, गांव-गांव तक पहुंचा रहे संदेश

# जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही संभव : विमल कुमार

कार्यालय संवाददाता उरई,

**अमृत विचार।** डब्ल्यूएचओ के सहयोग से परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा जल संरक्षण जागरुकता जन चौपाल का आयोजन ग्राम गोपालपुरा में मंडलायुक्त झांसी के मुख्य अतिथ्य एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केन्द्र जल सहेलियां रहीं, जिन्होंने पानी बचाना है के नारे के साथ जल संरक्षण के प्रति लोगों में जोश भरा। जल सहेलियां सिर पर पानी से भरी गगरी रखकर रैली करती हुई सार्थक संदेश दे रही थीं। अधिकारियों ने जल सहेलियों के जल संरक्षण में योगदान को सराहा। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने कहा कि जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों के लिए जल सहेलियों की प्रशंसा की। पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने कहा कि नगरीकरण और औद्योगिकीकरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे-तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाये, बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाये रहते हैं।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता और संबंधित ढेरों समस्याओं को जानने के बावजूद देश की बड़ी आबादी जल संरक्षण के प्रति सचेत नहीं है। जहां लोगों को मुश्किल से पानी मिलता है, वहां लोग जल की महत्ता को समझ रहे हैं, लेकिन जिसे बिना किसी परेशानी के जल मिल रहा है, वे ही बेपरवाह नजर आ रहे हैं। आज भी शहरों में फर्श चमकाने, गाड़ी धोने और गैर-जरुरी कार्यों में पानी को जमकर बहाया जाता है। पहले गांवों में स्थित तालाब न केवल वर्षा जल के संचयन का अच्छा स्रोत था बल्कि पशु पक्षियों के लिए भी उपयोगी रहता था। लेकिन जैसे-जैसे हैण्डपम्प, सबमर्सिबल आदि पानी के स्रोत चलन में आये तो लोग तालाबों को भूल गये और देखरेख के अभाव में तालाब पूरी तरह नष्ट हो गये और गांव के लोगों ने उसमें गांव का गंदा पानी और कूड़ा कचरा डालना शुरू कर दिया। अब हमें फिर से पुराने जल के स्रोतों को जिंदा करना तभी हम पानीदार बनेंगे।



कार्यक्रम में भाग लेतीं जल सहेलियां। अमृत विचार

### एक लाख जल सहेलियां चलाएंगी जल बचाओ अभियान

जल जन जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं परमार्थ संस्थान के सचिव डॉ. संजय सिंह ने कहा कि बुन्देलखण्ड में जल संरक्षण के क्षेत्र में हमारी जल सहेलियों के प्रयास काफी सराहनीय हैं वह लगातार इस कार्य को न केवल आगे ले जा रही हैं बल्कि जल संरक्षण के प्रति घर-घर अलख जगाने का भी कार्य कर रहीं हैं। इस कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। जल सहेली माया देवी, शकुंतला, किरन आदि ने कहा कि परमार्थ संस्थान द्वारा जल बचाने की जो सीख हमें दी गई है उसे हम गांव-गांव तक लेकर जा रहे हैं लोगों को गीत के माध्यम से पानी बचाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक लाख जल सहेली बनाकर इस मुहिम को पूरे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में फैलाना है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आर्मी नं.-JC481398L SUB **करुणा निधि सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी-ग्राम-कालीधाम कालोनी, पोस्ट-फतेहपुर सिकंदर, जनपद-गाजीपुर, उ.प्र.,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम (ANUSKA SINGH) अंकित है जबकि उसका सही नाम (ANUSHKA SINGH) है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम (ANUSHKA SINGH) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजपूत मोना देवी पुत्री स्व0 हरीराम पत्नी राम बहादुर, निवासिनी- 46 /2/33 पंचमुखी मन्दिर बी0/एच0 बोल्डी मिल रायपुर गेट अहमदाबाद सिटी गुजरात,** मेरे पिता स्व0 हरीराम के भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या - 219307374 मे मेरा नाम नामिनी के रूप में मोनी दर्ज हो गया था। जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार, पैन , बैक पास बुक मे मेरा यही नाम है, राजपूत मोना देवी एवं मोनी दोनों नाम मेरे ही हैं। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अज़मतुल्लह खान पुत्र स्व0 शफी अहमद, निवासी- शमा विहार कालोनी पी0ओ0 मानसनगर, लखनऊ (उ0प्र0) -226023,** मेरे पासपोर्ट व पासपोर्ट अभिलेखो में मेरा नाम अज्मतुल्लह खान शफी अहमद त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम अज्मतुल्लह खान पुत्र स्व0 शफी अहमद है। जिसको पासपोर्ट व पासपोर्ट के अभिलेखो मे दर्ज किया जाय।

**सूचना**



सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड संख्या 201942377197 एवं पैन कार्ड संख्या (सीडीपीपीबी 4995 आर) में अकबरी बानों जन्मतिथि 01.01.1960 पूर्व में अंकित था। अब संशोधन करवाकर मैंने अपना नाम वारी निशा एवं जन्मतिथि 10.10.1962 अंकित करवाया है, जो सही है। - **वारी निशा पत्नी अख्तर अली, निवासी ग्राम करौंदिया देहात, चुनहा (ढखवा) , सुलतानपुर**

# डेंगू ने दी दस्तक, अब तक दो पीड़ित मिले

## छह साल में संख्या बढ़ी, एडीज मच्छर के अंडे एक साल रहते जीवित

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में मलेरिया के मामलों में तो कमी आई है लेकिन डेंगू के मामले तेजी से बढ़े हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2018 में जिले में डेंगू के सबसे अधिक 103 मामले सामने आए थे। छह सालों में डेंगू के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। वर्ष 2023 में जिले में एडीज इजिप्टी मच्छर के डंक से 124 लोग बीमार हुए थे। वहीं एक की मौत भी हो गई थी। अब तक जिले में दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है।

जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने बताया की डेंगू मादा एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देती है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इन अंडों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं जो रोग फैलाने की क्षमता रखते हैं। इस प्रजाति के मच्छरों के अंडे एक वर्ष तक जीवत रह सकते हैं। इन अंडों के लिए पानी बहुत जरूरी होता है। किसी कारणवश अगर अंडा सूख जाए तो पानी मिलते ही नए मच्छर तैयार कर देता है। सावधानी ही बरत कर डेंगू से बचा जा सकता है।




### घर के आसपास मच्छरों को न पनपने दें

बचाव के लिए कूलर पानी की टंकियों, पानी के बर्तन, फ्रिज, ट्रे, फूलदान आदि को सप्ताह में खाली करें और धूप में सुखाकर प्रयोग करें। यह मच्छर दिन में काटता है। इसलिए पूरे शरीर को ढंकने वाला कपड़ा पहने। कुछ शंका होने पर विशेषज्ञ के पास जाकर जांच कराएं।

**124** रोगी 2023 में मिले

**103** मरीज 2018 में मिले थे

### लक्षणों की न करें अनदेखी

पेट दर्द, लगातार उल्टियां होना, क्लिनिकल फ्लूड का जमा होना, बेचैनी और कमज़ोरी, लिवर के आकार का बढ़ोतरी होना और प्लेटलेट्स भी तेज़ी से गिरने पर डॉक्टर को दिखाएं।

### मलेरिया और डेंगू से ऐसे करें बचाव

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए जरूरी है कि घर व आसपास के क्षेत्र में मच्छरों को पनपने न दिया जाए। मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें। रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं, ऐसे में ध्यान दें कि कहीं भी पानी एकत्रित न हो। नाली व अन्य स्थानों पर एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराते रहें। खिड़कियों पर जाली लगाएं। कहीं पानी इकट्ठा है तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डाल दें।

# तीन लाख की आबादी पर सिर्फ चार फॉगिंग मशीन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर की करीब तीन लाख की आबादी के बीच चार छोटी-बड़ी फॉगिंग मशीनों के सहारे पालिका उन्मूलन अभियान की सफलता के दावे कर रही है। भीषण गर्मी होने के बाद गंदगी से पटी पड़ी नालियों व कूड़े के ढेर में मच्छरों का लार्वा पनप रहा है। जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से अस्पतालों में बुखार पीड़ितों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है।

शहर की आबादी के सापेक्ष पालिका के पास महज दो बड़ी व दो छोटी फॉगिंग मशीनें शहर के लिए नाकाफी साबित हो रही हैं। शहर की कुल आबादी के अनुसार देखा जाए तो प्रति 75 हजार की आबादी पर महज एकमात्र फॉगिंग मशीन है। जिसके सहारे पालिका शहर में मानक के अनुसार फॉगिंग कराए जाने के दावे करते नहीं थक रहा। नालियों में दवा का छिड़काव कराए जाने के लिए नगर पालिका के पास प्रति वार्ड दो मशीनों के अनुसार उपलब्धता है। जिससे पालिका प्रशासन समय समय पर छिड़काव कराए जाने के दावे करता है। बताया कि समय-समय पर शहर के वार्डों सहित मोहल्लों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने के साथ ही फॉगिंग कराई जाती है। इसे और तेज कराया गया है।

### पंद्रह दिन में आ पाता एक मोहल्ले का एक बार नंबर

फॉगिंग मशीनों की कमी होने के कारण एक मोहल्ले में फॉगिंग कराए जाने के बाद दोबारा उस मोहल्ले का नंबर करीब 15 दिनों बाद आता है। एक बार की फॉगिंग के बाद बचे समय में पुन मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। जिससे शहर में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी मंडराता रहता है।

# बंद पड़ी ब्लड बैंक की सेपरेशन यूनिट

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद में हर साल डेंगू और मलेरिया के कहर से हर साल सैकड़ों मौत होती हैं लेकिन अपनी कमी छिपाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में इनकी संख्या शून्य ही रहती है। सबसे बड़ी बात यह है कि लोगों को समुचित उपचार नहीं मिल पाता। डेंगू बुखार में तेजी प्लेटलेट्स गिरने पर लोगों की जान खतरे में पड़ती है। जिला अस्पताल में बने ब्लड बैंक में सेपरेशन यूनिट न संचालित होने से मरीजों को प्लेटलेट्स के लिये कानपुर की दौड़ लगानी पड़ती है। कई बार इस कवायद में इतनी देर हो जाती है कि लोग अपनों को खो देते हैं।

कोरोना संक्रमण के बाद से जिले में हर साल डेंगू और मलेरिया बुखार जानलेवा बना हुआ है। हालत यह होती है कि सितंबर के बाद डेंगू के कहर से हाहाकार मचता है। अस्पतालों में मरीज रखने को जगह कम पड़ती है तो जिले में उपचार के साधन की कमी लोगों को मौत के मुंह में ढकेल देती है। इसमें सबसे बड़ा संकट तब खड़ा हो रहा है जब जिले में उपचार के पर्याप्त संसाधन नहीं है। जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिये ब्लड बैंक तो संचालित है, लेकिन डेंगू पीड़ितों की जरुरत पर प्लेटलेट्स का कोई इंतजाम नहीं है।

लोगों को प्लेटलेट्स के लिये कानपुर तक भागना पड़ता है। इससे लोगों की जान खतरे में पड़ती है और साथ ही पैसे की भी बर्बादी होती है। बीते दो साल से ब्लड बैंक में ब्लड सेपरेशन यूनिट स्थापित है और मशीनें भी इंस्टाल हैं। लेकिन शासन से लाइसेंस न मिल पाने के चलते संचालन नहीं हो पा रहा है। मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों को भी घेरा गया। लेकिन विभागीय अफसरों की सुस्ती अभी तक भारी पड़ रही है। ब्लड सेप्रेशन यूनिट के संचालन के लिए लाइसेंस न होने के कारण यह अब तक यूनिट नहीं शुरु हो सकी।



जिला अस्पताल में बंद सेपरेशन यूनिट। अमृत विचार

> साल भर से अधिक का समय हो चुका है जब यूनिट में मशीनें इंस्टाल हो गई थीं। लेकिन अभी तक लाइसेंस न मिलने से यूनिट का संचालन नहीं किया जा सका है। हर महीने शासन को पत्राचार किया जाता है लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका है।
>
> -डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

# संपत्ति के लिए की थी ससुर की हत्या

**पर्दाफाश**

संवाददाता, फतेहपुर

- छोटे भाई के साथ मिलकर हथौड़े से किया था हमला
- धारदार हथियार से भी मारा जंगल में मिला था शव

**अमृत विचार।** 18 मई के दिन एक अज्ञात व्यक्ति के हत्यायुक्त मिले शव के मामले में पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करते हुए खुलासा किया है। हत्या के मामले में मृतक के दामाद और उसके छोटे भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दामाद के छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अभी फरार चल रहा है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और धारदार हथियार बरामद किया है।

पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि 18 मई के दिन कल्यानपुर थाना क्षेत्र के महरहा गांव के रहने वाले सत्येंद्र सोनकर के बाग में जामुन के पेड़ के नीचे एक अज्ञात 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला था। मृतक की शिनाख्त छोटे दामाद राम सागर ने रमेश पटेल निवासी बडौरी थाना कल्यानपुर के रूप में करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। हत्या के खुलासा के लिए एसओजी टीम सहित तीन टीमों को लगाया गया था। जांच पड़ताल के दौरान जानकारी हुई कि मृतक ने अपनी चार बेटियों में बड़ी बेटी कमलेश देवी की शादी राजेश पटेल निवासी सुजानपुर थाना ललौली के साथ किया था। दो साल पहले बेटी की कैंसर की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इलाज में दामाद ने एक बीघा जमीन बेचकर पत्नी का इलाज कराया था, लेकिन मृतक ने कहा कि सही इलाज न होने से बेटी की मौत हुई है। मृतक के पास पांच बीघा जमीन था, जिसमें से ढाई बीघा जमीन पहले बेच चुका था और ढाई बीघा जमीन अपनी तीन बेटियों मिथलेश, विमलेश व एथलेश को देने जा रहा था। इसी बीच मृतक बेटी के पुत्र मनीष के जन्मदिन पर माह अप्रैल में मृतक गांव सुजानपुर गया था। जहां पर बड़े दामाद ने हिस्सा देने की बात की तो मृतक ने हिस्सा देने से मना कर दिया। जिसके बाद बड़ा दामाद राजेश अपने छोटे भाई पिंटू पटेल के साथ 18 मई के दिन कल्यानपुर थाना क्षेत्र के महरहा बाइक से पहुंचा। ससुर को बुलाकर पांच सौ की नोट देकर शराब पी और बाग में आकर तीनों लोगों ने शराब पी। जब रमेश पटेल नशे में हो गए तो दोनों ने मिलकर हथौड़ा और धारदार हथियार से छह वार सिर पर करके मौत के घाट उतार दिया था। थाना प्रभारी रमा शंकर सरोज, एसओजी प्रभारी विंनोद कुमार यादव ने एक आरोपी पिंटू पटेल को गौसपुर से गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी राजेश पटेल अभी फरार चल रहा है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# गोकशी, लूट, चोरी के 14 आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

संवाददाता फतेहपुर

- डीएम के आदेश के बाद अलग-अलग थानों में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने डीएम के आदेश पर 14 कुख्यातों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंगस्टर सूची में आए अपराधी अवैध मौरंग खनन, गोकशी, लूट, चोरियों के आरोपी हैं।

सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि थाने के सोहदमऊ निवासी सैफउल्ला, इजुरा बुजुर्ग निवासी अख्तर, मोहम्मद इरफान, पप्पू, इबरान उर्फ बंटा, रायबरेली जिला ऊंचाहार बभनपुर भीटा निवासी मोहम्मद इरसाद, खखरेरू के हसमत अली, थरियांव थाने के धर्मदासपुर निवासी वीर सिंह उर्फ लोटन सिंह के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। यह गिरोह अंर्तजनपदीय स्तर पर वाहन चोरी, लूट, नकबजनी करते हैं। पुलिस ने गैंग के सदस्यों को 28 सितंबर को वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। गैंग का लीडर सैफउल्ला है। खखरेरू पुलिस ने कोट गांव के मोहम्मद सफी उर्फ कल्लू और उसके भाई आदिल उर्फ अदू, ओरहा निवासी साहब उर्फ सहाबुद्दीन पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। गैंग का लीडर मोहम्मद सफी उर्फ कल्लू है। पुलिस के मुताबिक तीनों अवैध शस्त्र फैक्टरी संचालन व अवैध मौरंग खनन करते हैं। तीनों 18 मई 2022 को चंदनमऊ गांव से तमंचा फैक्टरी के साथ पकड़े गए थे। आरोपियों पर 11 मई 2023 को यमुना नदी से अवैध मौरंग खनन और डंप करने का मुकदमा हुआ था। मुकदमों में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है। उधर, हथगाम पुलिस ने रायपुर मुआरी निवासी मोहम्मद इकरार, मोहम्मद अजमेरी, कानपुर महराजपुर थाने के सरसौल निवासी मोहम्मद रियाज के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग लीडर मोहम्मद इकरार है। पुलिस ने गोकशी और मांस तस्करी में आरोपियों को पकड़ा था। इनके खिलाफ 26 जून 2023 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# पत्नी के साथ मारपीट कर बच्चा व मोबाइल छीन ले गया पति

**फतेहपुर।** किशनपुर थाने के सामने पत्नी के साथ मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। महिला का आरोप है कि पति उसके साथ मारपीट कर बच्चा और मोबाइल छीन ले गया है। उसकी थाने में भी सुनवाई नहीं हुई।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरौली निवासी मुकेश निषाद सोनभद्र जिले में बिजली लाइन बिछाने के काम में मजदूरी करता है। उसने सोनभद्र की सुमन के साथ प्रेम विवाह किया था। दो साल का पुत्र आर्यन है। आरोप है कि मुकेश अक्सर मारपीट करता है। उसे सोमवार को पीटा और बच्चा छीनकर घर से भगा दिया। इसकी शिकायत लेकर थाने पहुंची। थाने में शिकायती पत्र दिया। कोई सुनवाई नहीं हुई। वह थाने से बाहर निकली। थाने के बाहर पति मुकेश ने उसके साथ मारपीट की। उसका मोबाइल छीनकर गाली गलौज कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि महिला को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपी को पकड़ा गया है।


राजमहल के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

# राजमहल के अंदर लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, असोथर

**अमृत विचार।** असोथर में राजमहल के अंदर महिला का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण पता चल सकेगा।

असोथर थाना क्षेत्र के हवेली मोहल्ला के रहने वाले चंद्रभान सिंह की पुत्री चंद्रावल देवी (75) का मंगलवार देर शाम राजमहल के अंदर फंदे से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला 40 साल पहले अपने भाई के घर आयी थी और तभी से यही रहने लगी। महिला का भाई विनोद सिंह चौहान राजस्थान में नौकरी करता है। बताया जा रहा है कि दोपहर में महिला बाजार से पानी की बोतल और चिप्स का पैकेट लेकर आयी और राजमहल के बरामदे में बैठकर खा रही थी। उसके बाद महिला नजर नहीं आयी। शाम को देखा गया तो फांसी के फंदे पर शव लटका हुआ था और दोनों पैर में चप्पल थे। जमीन से दोनों पैर छू रहे थे और पानी की बोतल व चिप्स का पैकेट पड़ा था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव राजमहल के मेन दरवाजे के अंदर फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

# मौसम विभाग ने किया अलर्ट हीटवेव से बचने की सलाह

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लगातार बढ़ते तापमान पर मौसम विज्ञान विभाग ने हीट वेव लू की संभावनाएं बढ़ने का दावा किया है। मौसम विभाग की जानकारी पर प्रशासन ने सभी जिलेवासियों के आगाह करते हुए धूप व लू के प्रभाव से बचाव रखने को कहा है।

मौसम विभाग की सलाह पर अफसरों ने धूप व लू से बचाव के लिए विभिन्न बातों का ख्याल रखने की जानकारी दी है। दोपहर के समय 12 से 3 बजे तक यदि कोई जरूरी काम हो तो ही बाहर निकले। अगर निकलना भी हुआ तो गमछा, चश्मा, टोपी या छाते का उपयोग करें। पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ जैसे छांछ, लस्सी, नींबू पानी, आम के पना का सेवन करने, यात्रा करते समय पानी जरूर रखने, हल्के रंग के वस्त्रत् पहनने की बात कही। इसके साथ तापमान में गिरावट के लिए घर की छत पर चूना व सफेद रंग का पेंट करने, धूप में खड़े वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोड़ने की सलाह दी है।

# कपड़े की दुकान में मिली शराब

**फतेहपुर।** रेडीमेड कपड़ों के दुकानदार पर दूसरे प्रांत की शराब बरामदगी का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दुकानदार ने चुनाव में बंदी के बाद भी मतदाताओं के बीच शराब खपाने की तैयारी थी। आबकारी निरीक्षक रमेश की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है।

आबकारी निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर घोष थाने के खजुरियापुर निवासी सौरभ विश्वकर्मा की खखरेरू कस्बे में गोपी रेडीमेड की दुकान है। दुकान में चुनाव को लेकर दूसरे प्रांत की शराब थी। रात दबिश दी गई।

# बिजली के तारों की चिंगारी से दुकान जली

संवाददाता, फतेहपुर

- शहर के बाकरगंज इलाके में हुआ हादसा
- दमकलकर्मियों ने पहुंचकर पाया आग पर काबू

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। विभाग के लापरवाही का नतीजा है कि बिजली के जर्जर तार से निकली चिंगारी के कारण दुकान के ऊपर लगे छप्पर में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग लगने की जानकारी फायर ब्रिंगेड को दिया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज पुलिस चौकी के बगल में देर शाम बिजली के जर्जर तार से निकली चिंगारी के कारण दुकान के ऊपर छप्पर में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया।

स्थानीय अबरार अहमद ने बताया कि बिजली विभाग के लापरवाही के कारण 24 घंटे में दो बार आग लगी है। आग लगने से एक दुकान जल गई।

आग लगने की सूचना विभाग को दिया जा रहा था लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं किया। फायर ब्रिगेड टीम जब मौके पर आयी तो बिजली सप्लाई विभाग ने बन्द नहीं किया। फायर ब्रिगेड टीम ने किसी तरह से आग पर काबू पाया।


दुकान में लगी आग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### ई-रिक्शा पलटने से तीन सवारियां घायल

**गाजीपुर।** बुधवार दोपहर में ई-रिक्शा गाजीपुर से बहुआ जा रहा था, तभी करसंवा के पास ट्रैक्टर की टक्कर लगने से ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें चित्रकूट सद्गुरु आश्रम के डाक्टर रामशरन, रवि विश्वकर्मा और अनुराग गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी गाजीपुर पहुंचाया।

### 11 महीने से गैरहाजिर चतुर्थ श्रेणी कर्मी को नोटिस

**फतेहपुर।** अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) सौमित्र ने बताया कि अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरिशंकर पिछले 11 माह से बिना अवकाश स्वीकृत कराए कार्यालय से लगातार अनुपस्थित है। एक सप्ताह में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**जिला अस्पताल** — सहूलियत के लिए तैनात हैं 22 वार्ड ब्वॉय, मौके पर एक नहीं आते काम

# तीमारदार ढो रहे मरीज, स्ट्रेचर- व्हीलचेयर का टोटा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शासन के लाख प्रयासों के बाद भी जिला अस्पताल के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। इलाज के लिए दवाएं, चिकित्सक, बेड जैसी चीजों तो पहले से ही अपर्याप्त हैं अब स्ट्रेचर और व्हीलचेयर भी नदारत हो चुकी हैं। आलम यह है कि यहां कभी स्ट्रेचर नहीं मिलता तो कभी स्ट्रेचर खींचने वाले वार्ड ब्वॉय नदारद रहते हैं। ऐसे में प्रचंड गर्मी के मौसम में मरीज तपती जमीन पर घिसटकर इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वहीं अस्पताल प्रशासन हमेशा की तरह संसाधनों की कमी का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बच निकलता है।

जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा महज कागजों तक ही सीमित है। एक ओर शासन मरीजों की सुविधाओं के लिए व्यवस्थाएं बढ़ा रहा है वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन शासन की योजनाओं पर पलीता लगाने में जुटा है। मरीजों की सहूलियत के लिए शासन ने जिला अस्पताल को पर्याप्त स्ट्रेचर और व्हीलचेर मुहैया कराएं हैं। इन्हें आवश्यकतानुसार इमरजेंसी और वार्डों के बाहर रखने के निर्देश हैं। मरीजों की सुविधा के लिए 22 वार्ड ब्वॉय की भी तैनाती की गई है। इन्हें भी अलग-अलग वार्ड में तैनात किया गया है। गंभीर बीमारों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के जरिए एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना इन्हीं की जिम्मेदारी है, लेकिन जरूरत पर कई बार इनका अता-पता नहीं होता है। इन दिनों प्रचंड गर्मी के चलते जमीन आग जैसी तप रही है। इसके बाद भी जिला अस्पताल में मरीजों को मौके पर कभी स्ट्रेचर या व्हीलचेयर नहीं मिलती है। कई बार तो इमरजेंसी की हालत में लोग अपने मरीज को गोद में उठाकर चिकित्सक के पास पहुंचते हैं। वहीं कुछ रोगी को तपती जमीन पर चलकर इलाज कराने को पहुंचने को मजबूर हैं।


बाहर से इमरजेंसी तक मरीज को खुद ले जा रहे तीमारदार। अमृत विचार

### निरीक्षण न होना बड़ी वजह

जानकारों की माने तो पहले अस्पताल में तैनात सीएमएस रोजाना अस्पताल का निरीक्षण करते थे। ऐसे में कहीं मरीज अधिकारी से शिकायत न कर दे इस डर से स्वास्थ्य कर्मी हमेशा मुस्तैद रहते थे। वहीं कुछ समय से अस्पताल प्रबंधन की ओर से निरीक्षण महज औपचारिकता रह गया है। ऐसे में जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं दिन पर दिन बदहाल होती जा रही है। आलम यह है कि मरीजों की सुविधा के लिए तैनात कुछ वार्ड ब्वॉय तो चिकित्सकों की आमद करने में ही व्यस्त रहते हैं। ऐसे में मरीजों के साथ आए लोग ही तीमारदारी करने को मजबूर हैं।

### नहीं होता अच्छा व्यवहार

मरीजों की मानें तो अस्पताल में कुछ डॉक्टर व कर्मी अच्छा व्यवहार नहीं करते। पहले भी कई बार डॉक्टर व कर्मियों पर बदसलूकी के आरोप लगते रहते हैं। इसमें हड्डी रोग व एआरटी विभाग सबसे आगे है। डॉक्टर और कर्मियों की बदसलूकी का एक वीडियो हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था। यहां तैनात चिकित्सक पर कई बार बाहर की दवाएं लिखने के आरोप भी लगाए जा चुके हैं। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन ने इनपर कार्रवाई नहीं की। ऐसे में शह मिलने से यहां तैनात स्वास्थ्य कर्मी मरीजों से अभद्रता करने में भी नहीं चूकते हैं।

> शासन ने मरीजों की सहूलियत के लिए स्ट्रेचर और व्हीलचेयर मुहैया कराए हैं। अस्पताल के हर वार्ड में वार्ड ब्वॉयज की तैनाती है। कोई भी तीमारदार मरीज को लाते ले जाते दिखा तो संबंधित वार्ड के वार्ड ब्वॉय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डा. पीके सिंह, सीएमएस

# कूलर रिपेयरिंग के नाम पर 25 हजार की ठगी

**बिंदकी।** कूलर रिपेयरिंग के नाम पर एक व्यक्ति से 25 हजार की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पीड़ित के खाते से साइबर अपराधी ने पैसा निकाल लिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ललौली रोड निवासी शत्रुघ्न सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्हें अपने कूलर की रिपेयरिंग कराना था। इसलिए उन्होंने दिए गए एक नंबर में फोन किया। जिस पर बताया गया कि इस नंबर में पांच रुपये डाल दें, जब पांच रूपए डाल दिए। इसके बाद कहा गया कि यह ऐप लोड कर ले जब मोबाइल में ऐप लोड कर लिया तो साइबर अपराधी ने उनके खाते से 25 हजार रुपए निकाल लिए। उन्होंने बताया कि उनका बैंक खाता ललौली रोड स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा में है। बताया कि बैंक खाते में 25 हजार रुपये से ज्यादा रुपए नहीं थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनारभ्या भवन्त्यर्थाः केचिन्नित्यं तथागताः।
कृतः पुरुषकारो हि भवेद्येषु निरर्थकः॥

साधारण और बेकार के कामों से बचना चाहिए, क्योंकि उद्देश्यहीन कार्य करने से उन पर लगी मेहनत भी बर्बाद हो जाती है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग सख्त

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस चरण में आठ राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों के 889 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार के दौरान अमर्यादित एवं भड़काऊ भाषा के प्रयोग पर भारत के चुनाव आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस से जाति, समुदाय, भाषा और धार्मिक आधार पर प्रचार करने से परहेज करने को कहा है। आयोग ने भाजपा से उन प्रचार भाषणों को रोकने के लिए भी कहा जो समाज को विभाजित कर सकते हैं। आयोग ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे पत्र में टिप्पणी की है कि उनकी पार्टी के स्टार प्रचारकों की बातों में एक पैटर्न दिखता है और उससे ऐसे आख्यान सृजित होते हैं, जो आदर्श चुनाव संहिता अवधि के बाद भी घातक हो सकते हैं। साथ ही कांग्रेस से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उसके स्टार प्रचारक और उम्मीदवार ऐसे बयान न दें जिससे यह गलत धारणा बने कि संविधान को खत्म किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। रक्षा बलों का राजनीतिकरण नहीं करने और सशस्त्र बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में संभावित विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा है।

बुधवार को चुनाव आयोग ने भाजपा, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के नेताओं को चुनाव रैली और प्रेस वार्ता के दौरान भाषा में संयम बरतने और मर्यादा रखने के लिए नोट जारी किया है। इससे पहले मंगलवार को चुनाव आयोग ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और पश्चिम बंगाल के तमलुक से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी के लिए निंदा की और उन्हें 24 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया था। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से यह भी कहा कि वह पार्टी की ओर से सभी उम्मीदवारों और प्रचारकों को एक सलाह जारी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान अवधि के दौरान ऐसी चूक दोबारा न हो। चुनाव आयोग ने ठीक ही कहा कि राजनीतिक दल भारतीय मतदाता के गुणवत्ता पूर्ण चुनावी अनुभव की जो विरासत है उसे कमजोर करने की कोशिश न करें। वास्तव में चुनाव आते जाते रहते हैं परंतु भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक तानेबाने की रक्षा इन सबसे बढ़कर है। भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को चुनावों में प्रभावित नहीं किया जा सकता। भाषा पर संयम न बरतने के चलते मतदाता के बीच गलत संदेश जाता है और राजनीतिक दलों की छवि भी खराब होती है। इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान सभी दलों के नेताओं को राजनीतिक शुचिता व मर्यादा का पालन करना चाहिए ताकि लोकतंत्र एवं चुनाव की गरिमा कलंकित न होने पाए।

# लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है।

लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन मनुष्य और मनुष्यता की प्रतिष्ठा है। समष्टि की प्रतिष्ठा है, समष्टि के कितने ही सोपान हो सकते हैं-व्यक्ति की सीमा से बाहर निकलें तो मोहल्ला भी समष्टि है, उसके आगे समुदाय है, जाति है, जाति से बाहर वृहत्तर समाज है। गांव है, जनपद है फिर प्रदेश है, फिर राष्ट्र की प्रतिष्ठा है। परिवारों के परिवार का ही नाम समाज है और कुटुंबों के कुटुंब का नाम राष्ट्र। उसके आगे विश्वचेतना है। लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन विश्वव्यापी चैतन्य शक्ति का साक्षात्कार करना है, जिसे महाकवि जयशंकर प्रसाद के शब्दों में विश्वचेतना कह सकते हैं। यहां यह स्पष्ट है कि किसी सबल राष्ट्र अथवा वर्ग के राष्ट्रपति की आवाज विश्वचेतना की आवाज नहीं है, वह सबल राजसत्ता की आवाज है।

विश्वचेतना सामान्यजन की चेतना है, सामान्य जन अर्थात् विश्वचेतना के अध्ययन में समष्टि की वही क्रमिकता है-मोहल्ला, समुदाय, जाति, वृहत्तर समाज, गांव, जनपद, प्रदेश और फिर राष्ट्र तथा उसके आगे विश्वचेतना। लोकवार्ता के अध्ययन की बेसिक रीडर तो गांव और गली ही है, किंतु उसकी दिशा और प्रयोजन विश्वचेतना ही है। गली वाला भी मनुष्य है और उस सबल राष्ट्र का राष्ट्रपति भी मनुष्य है। लोकवार्ता उस समानता या एकता के सूत्र का अनुसंधान है। लोकवार्ता के अध्ययन के अनेक स्कूल (संप्रदाय) बने हैं, लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन स्वयं मनुष्य को जानना है, आदमी के भीतर बैठे एक और आदमी को जानना, संस्कृति की गति और प्रक्रियाओं को समझना। जनपदीय फिर अंतर्जनपदीय, फिर अंतर्प्रदेशीय, राष्ट्रीय और फिर अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में मनुष्य और समष्टि का अध्ययन। हमें आदमी के भीतर के आदमी की पहचान करनी है।

लोकवार्ता का सूत्र है विशेष से सामान्य। सामान्य मनुष्य भी मनुष्य है। बड़े-बड़े आलोचक हीनता बोध से ग्रस्त हैं-हम जंगली हैं और वे लोग बहुत विकसित हैं। उनकी विचारधारा वैश्विक है और हम कूपमंडूक हैं। इस हीनता बोध का कारण मनुष्य की सत्ता से अपरिचय है। मनुष्य और मनुष्य में समानताएं भी हैं और विविधता भी हैं। यह विविधता आनुवंशिक भी हैं और परिवेशगत भी हैं। विविधता में भी एकता के सूत्र हैं, उनकी खोज करना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। विश्व की जनता का सम्मिलन और जन सहयोग। जातीय स्मृतियों में आनुवंशिक तत्व है। वाचिक परंपरा जातीय स्मृति के इन तत्वों से एक मनोवैज्ञानिक परिवेश की रचना करती है। भारत के लोकजीवन की गहराई में जन-गण की मैत्री और सामंजस्य की शक्तियां किस प्रकार सक्रिय हैं, प्रांतभेद, मजहब, वर्ग विषमता और विविधताओं के गर्भ में मनुष्य की संवेदना कितनी प्राणवान है। जनमानस और मुनिमानस का द्वंद्व चलता रहा है और आगे भी चलता रहेगा। शास्त्र पर लोक का प्रभाव तथा लोक पर शास्त्र का प्रभाव समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है।

सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है। सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न का एक नाम सामंती भी है, किंतु वह उसका एक रूप है। महत्परिवर्तनं क्रांतिः, परिवर्तन और क्रांति होती हैं और होंगी भी, लेकिन ध्यान रखने की बात है कि परिवर्तन का जन्म परंपरा के गर्भ से होता है। इसलिए परंपरा अथवा मनुष्य जीवन की निरंतरता लोकवार्ता के अध्ययन का आधारभूत सूत्र है। जातीय अस्मिता की पहचान और सामूहिक स्मृतियों की परंपरा को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। संस्कृतियां किस प्रकार मिल जाती हैं, किस प्रकार बिछुड़ जाती हैं, किस प्रकार लीन और विलीन हो जाती हैं? उनके द्वंद्व और समायोजन की प्रक्रिया को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। लोकवार्ता के अध्ययन का एक प्रयोजन यह भी है कि हम इस बात को समझ लें कि किताब या शास्त्र के बाहर भी ज्ञान विज्ञान की परंपरा है। लोकतंत्र को सुदृढ़ करना लोकसंस्कृति के अध्ययन का एक प्रयोजन है। लोकवार्ता लोकमानस और लोकजीवन को जानने का प्रयोजन यह भी है कि देश में शासक और शासित के जीवन में सम और ताल को खोजा जा सके। लोक प्रशासन लोक का प्रशासन बने जिसमें लोक की भूमिका हो। लोकवार्ता का लोकतंत्र राजमहल में रहने वाले और गांव की झोंपड़ी में रहने वाले इंसान को एक ही तराजू से तोलता है।

सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है।

लोकवार्ता के आंगन की परिधियां उतनी ही बड़ी हैं जितनी कि मानव जीवन के विस्तार और मानव जीवन की संभावनाएं हैं। जीवन के लिए जैसे दसों दिशाएं खुली हुई हैं, वैसे ही लोकवार्ता के आंगन की सभी दिशाएं भी खुली हुई हैं, क्योंकि अंततः लोकवार्ता का अध्ययन मनुष्य और मनुष्य जीवन का अध्ययन है। यह लोकवार्ता के अध्येता पर है कि वह किस प्रयोजन से मनुष्य और मनुष्य जीवन को जानना चाहता है? मनुष्य का अध्ययन करने वाले अनुशासनों में लोकविज्ञान अधुनातन और विकासशील अनुशासन है। लोकवार्ता का अध्ययन करने वाले व्यक्ति को सबसे पहले अपने पढ़े लिखे होने का अभिमान छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि किताबी सिद्धांतों का आग्रह यहां काम नहीं आता। लोकवार्ता का कोई निर्धारित व्याकरण नहीं है। लोक की अभिव्यक्तियां अनगढ़ होती हैं। उन पर निरंतर विभिन्न वर्गों, विभिन्न संस्कृतियों की तह चढ़ती चली जाती है। लोकवार्ता का अध्ययन अंतर अनुशासनिक अध्ययन है, लोकवार्ता में मानवशास्त्र है, इतिहास है, समाजशास्त्र है, मनोविज्ञान है, भाषा विज्ञान है, नीतिविज्ञान है, साहित्यशास्त्र काव्यशास्त्र है, सौंदर्य विज्ञान है, कला है, संगीत है, लोकमंच है।

लोकसंस्कृति के अध्ययन का प्रयोजन देशज चिंतन और लोकजीवन को समझना है। विद्वानों या नेताओं के दृष्टिकोण का महत्व वहीं तक है, जहां उनके व्यक्ति की सीमा टूट गई है, जहां उनके अपने निजी हानि-लाभ का हिसाब जीवित है, वहां आकर उनके मत का समाज के लिए कोई महत्व नहीं है। विचार का जन्म देशकाल में होता है। बड़े से बड़ा विचारक अपने देशकाल की ही व्याख्या करता है गांधीवाद, राष्ट्रवाद या मार्क्सवाद का महत्व उसी स्थिति में है, जिस स्थिति में उसे पचाया जा चुका है, उसे सनातन की तरह प्रतिपादित करना एक तरह का रूढ़िवाद है। जिस देश और जिस काल में हम जीवित हैं, वह हमारी समस्या का भी आधार है और समाधान का भी। अनुकरण या होड़ से समाधान न पहले कभी निकल सका है और न आगे कभी निकलेगा। अनुकरण या होड़ से हम चलना सीख सकते हैं, परंतु चलने के लिए पैर अपने होंगे और रास्ता भी अपना ही होगा। समस्या का विश्लेषण भी लोकजीवन में ही हो सकता है और समाधान के विचार भी लोकजीवन में से ही निकलेंगे।

बुद्ध हों या महावीर, कबीर हों अथवा महात्मा गांधी, इनके विचार किसी पुस्तक में से नहीं आए, लोकजीवन में से ही निकले, समष्टिमन, समष्टि मेधा। उस जमाने में भारत की लोकसंस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गई थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी। हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सबकुछ उड़ा जा रहा है, जीवन-पद्धति भी, जीवन दर्शन भी, भाषा भी, कला भी, संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी-अपनी चिंता।

बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है। ऐसी स्थिति में समष्टि भाव और समष्टि मेधा की खोज इतनी महत्वपूर्ण हो गई है जितनी आज से पहले कभी नहीं थी।

## प्रसंगवश

# पानी कम हो या ज्यादा नुकसानदेह

ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है।

बताने की जरूरत नहीं है कि मई की शुरुआत के साथ देश में तापमान बढ़ने लगा है। उत्तर भारत के कई इलाकों में लू का भी दौर चल पड़ा है। धूप की तपिश से बचने के लिए शरीर को डिहाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी हो जाता है। गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएंगें तो निर्जलीकरण समेत कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव कर सकेंगे। एक व्यक्ति को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए, यह कई बातों पर निर्भर करता है। व्यक्ति की उम्र क्या है? वह क्या खाता-पीता है? इन सभी बातों की बहुत अहम भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए एक बच्चे को हर रोज औसतन 0.8 से एक लीटर पानी पीने की आवश्यकता होती है। वहीं एक व्यस्क की बात करें तो उन्हें दिनभर में तीन-चार लीटर पानी जरूर पीने की सलाह दी जाती है। वैसे यह देश काल परिस्थिति पर भी निर्भर करता है। सामान्यत सर्दी के मुकाबले गर्मियों में लोगों को अधिक पानी पीने की जरूरत महसूस होती है। पानी को एक सांस में पीने की जगह घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति भी बेहतर होती है। एक बात और गर्मियों के मौसम में फ्रिज का पानी पीने का मन तो बहुत करता है, लेकिन फ्रीज का ठंडा पानी पीना काफी हद तक नजरअंदाज करें तो बेहतर है। काफी ठंडा पानी पीने से शरीर की अग्नि कम हो जाती है। इससे भूख प्रभावित होती है और शरीर में एंडो टॉक्सिंस रिलीज होना शुरू होते हैं, इसलिए अगर किसी प्रकार का डायट फॉलो नहीं कर रहे है तो सादा पानी या गुनगुना पानी ही पीने को प्राथमिकता दें। गर्मियों में अगर आप दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पिएंगे तो डिहाइड्रेटेशन की वजह से किडनी स्टोन का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा पानी की कमी की वजह से इलेक्ट्रोलाईट बैलेंस भी बिगड़ सकता है।


डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

ऐसे में इन सभी चीजों से बचने के लिए लोगों को समय-समय पर ज्यादा से ज्यादा पानी पीते रहना चाहिए। डायबिटीज और किडनी स्टोन के मरीजों को शरीर में पानी की कमी होने नहीं देनी चाहिए, पानी पीते रहना चाहिए।

कहने के लिए तो हम कहते हैं कि जल है तो जीवन है, लेकिन कई बार यही जल जीवन को तबाह कर देता है। इसलिए यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना शरीर के लिए नुकसानदायक भी बहुत है। शरीर में जरूरत से ज्यादा पानी की मौजूदगी किडनी पर जोर आजमाइश करती है। गुर्दे पर दबाव बढ़ाती है। लगातार इस दशा के बने रहने पर गुर्दा फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। गुर्दे के मरीजों को अधिक मात्रा में पानी पीने से परहेज करना चाहिए। अधिक मात्रा में पानी पीने से शरीर के जरूरी लवण बाहर निकल जाते है, प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। शरीर में सोडियम की कमी हो जाती है जिसकी वजह से हाईपोनेट्रोनेपिया की समस्या आ जाती है।

ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है और हृदयाघात की वजह बन जाती है। ज्यादा पानी पीने से बेचैनी, थकान, चक्कर आना, मितली, रक्तचाप कम होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। मसल्स टिश्यूज टूटने और दिमाग डैमेज होने की संभावना बढ़ जाती है। बार-बार पेशाब की समस्या होने लगती है, पेशाब की थैली कमजोर पड़ जाती है।

# प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति प्रकृति प्रदत्त गुण


अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है।

सामान्य व्यक्ति धर्मों, धार्मिक किताबों, अवतारों, परंपराओं, संतों, महापुरुषों, गुरुओं आदि के प्रभाव में अनजाने में बचपन से आता-जाता है। बचपन में जब बच्चे का मन साफ और जिज्ञासु होता है, तब अनजाने में उसके मन को प्रदूषित कर दिया जाता है और जिज्ञासा की प्रवृत्ति को विकलांग या मार दिया जाता है। उसको इस प्रभाव में लाते हैं उसके सबसे बड़े हितैषी, यानी उसके माता-पिता, उसके परिवार के लोग, उसका परिवेश, उसका समाज, उसकी शिक्षा, उसके गुरु। युवा होते-होते वह इस प्रभाव की जकड़ में ऐसा आ जाता है कि फिर यह जकड़न जीवन में कभी कम या समाप्त नहीं हो पाती, कई बार तो बढ़ जाती है। इस प्रभाव की शक्ति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि शिक्षा की बड़ी-बड़ी डिग्रियां भी व्यक्ति को इस प्रभाव से कभी मुक्त नहीं कर पातीं। इसके विपरीत इस प्रभाव को व्यक्ति 'दैवीय कृपा' और 'सच्चा ज्ञान' मानने लगता है।

ऐसी स्थिति में इस प्रभाव के स्रोतों पर विचार करने और संदेह करने के विषय में वह कभी सोच ही नहीं पाता है। संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है। धर्मशास्त्रों, अवतारों, संतों, गुरुओं आदि पर विश्वास लाने की शिक्षा उसे औपचारिक शिक्षा से भी पहले दी जाने लगती है। धीरे-धीरे आस्था और श्रद्धा को वह बड़ा सद्गुण समझने लगता है। शास्त्रों से 'संशयात्मा विनश्यति' जैसे हवाले देकर उसे संशय करने से डराया जाता है और उसकी प्रश्नाकुलता को नष्ट कर दिया जाता है। इसी प्रभाव में अंधविश्वास, पाखंड, कर्मकांड, झाड़फूंक, टोना-टोटका, जादू-टोना, ज्योतिष, वास्तु, शुभ-अशुभ विचार, पाप-पुण्य आदि, उसके जीवन में समाहित जाते हैं।

क्या, क्यों, कैसे, कब, कहां, आदि प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति बच्चों में जन्म से होती है। चंचलता, कौतूहल, जिज्ञासा और उत्सुकता बच्चों में प्रकृति प्रदत्त गुण होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण वे दुनिया का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इस प्रकार प्राप्त ज्ञान से वे जीवन जीते हैं। मगर पीढ़ियों से हमने बच्चों की इस मूलप्रवृत्ति को दबाने और नष्ट करने का प्रयास किया है। आज जो बच्चों के माता-पिता, नानी-नाना, दादी-बाबा आदि पारिवारिक लोग हैं, उनकी की भी इस मूलप्रवृत्ति को उनके बचपन में नष्ट किया गया है। वे भी संदेह न करने और विश्वास करने की सीख लेकर बड़े हुए हैं। यही विश्वास समय के साथ दृढ़तर होकर आस्था और श्रद्धा में बदल जाता है। अनुशासन की महत्ता उन्हें भी खूब बताई जाती है, विरोध और विद्रोह को अनादर और अपमान समझा जाता है। ऐसा व्यक्ति मानकर चलता है कि ईश्वर ने दुनिया बनाई है और क्योंकि वह पूर्ण है, इसलिए यह दुनिया भी पूर्ण है और इसमें सुधार परिष्कार करने के विषय में सोचना बनाने वाले की क्षमता पर संदेह करना है। ऐसा संदेह घोर पाप है। इस दुनिया को वही अपनी मर्जी से चला रहा है। पत्ता भी उसकी मर्जी से ही हिलता है। हमारा ही नहीं सभी, जड़ वस्तुओं तक का भाग्य उसने पहले से ही नियत कर दिया गया है, जो चल रहा है, वह बदल नहीं सकता। सब कुछ पहले से नियत है।

यों वह मानता है कि प्रकृति में सब कुछ परिवर्तनशील है, परंतु वह परिवर्तन का बड़ा सीमित अर्थ करता है। धर्म, उसकी पुस्तकों, अवतारों, गुरुओं, आदि के ज्ञान को लेकर वह परिवर्तन की आवश्यकता नहीं महसूस करता। इनके वह प्रकृति के शाश्वत सिद्धांत से परे मानता है। ऐसा करने के लिए वह इन्हें दैवीय मानने लगता है। इसी प्रभाव में जीवन में हुए विकास भी वह नहीं देख पाता, जबकि विकास के परिणामस्वरूप हुए नवीनतम आविष्कारों का सुख खूब भोगता है, उसका पाखंड यहीं नहीं रुकता। विकास के विपरीत पतन पर वह अधिक विश्वास करता है। वह कहता है पहले आदर्श स्थिति थी, अब पतन हो रहा है। इसी उद्देश्य से वह युगों की कल्पना करता है।

आदिमकाल, पत्थरकाल, ताम्रकाल, लौहकाल आदि इतिहास और जीवन में समय के साथ हुआ विकास उसे दिखाई नहीं पड़ता। इसकी वजह है, बचपन में प्रदूषित हुई दृष्टि। विकलांग दृष्टि और प्रदूषित चिंतन प्रक्रिया की वजह से सत्य को देखना उसके लिए संभव नहीं होता।

## सोशल फोरम

# मोहब्बत और नरमी

गामा पहलवान हमारे यहां मुहावरे की तरह इस्तेमाल होते हैं। जैसे माइकल जेक्सन, रफी, तानसेन वगैरह। यह सब एक नाम से ज्यादा मुहावरे हो चुके थे। किसी को थिरकते देखा तो कहा बहुत माइकल जैक्सन मत बनो, गाते सुना, तो कहा रफी मत बनो। कोई ने संगीत पर हाथ फेरा तो बोल उठे, अच्छा-अच्छा बड़े तानसेन न बनो।


हफीज किदवई
लेखक

ठीक वैसे ही कोई अगर अपनी जिस्मानी ताकत दिखाता है तो उसे हम लोग कह देते, देखो बड़े गामा बन रहे हैं। गामा हमारी जुबानों पर थे बिना यह जाने की वह है क्या। मुझे कुश्ती ज्यादा पसंद नहीं मगर यह याद है। जब बाबा जान ने कहा की गामा ने बंटवारे के वक्त खुद पाकिस्तान में खड़े होकर बहुत से हिंदुओं की जान बचाई। अपने खर्चे से उन्हें हिफाजत के साथ हिंदुस्तान भेजा। बाबाजान की बात से गामा में दिलचस्पी पैदा हुई। आगे जाना तो यहां तक एक परिवार के लिए अपनी कुश्ती का सामान तक उन्होंने गिरवीं रख दिया। गामा ने कहा था कि काश हमारा जिस्म और बड़ा होता तो उसकी नाप के कपड़े बड़े होते, जो ज्यादा लोगों के जिस्म ढंकने के काम आते हैं। अपने घर का अनाज तक जाने वालों को देकर खुद हफ़्तों कुछ नहीं खाया। महीनों दिन-रात अपनी गली की रखवाली करता रहा। यह दुनिया का मशहूर पहलवान गामा।

गामा ने कह रखा था कि उसकी गली के हिंदुओं को अगर कोई हाथ भी लगाएगा तो उसे गामा से भिड़ना होगा, गामा महीनों अपनी गली की रखवाली करते रहे, दुनिया का मशहूर पहलवान अपनी गली में दंगाइयों से हिफाजत करने को रात-रात जागता रहता। वह जो बंटने का दर्द गामा ने झेला था, वह दूसरों के हिस्से में नहीं आने देना चाहते थे।


23 मई को गामा ने दुनिया को अलविदा कहा था। इनका पूरा नाम गुलाम मोहम्मद बख्श था। गामा जिंदगी में कभी नहीं हारे। उनकी जिंदगी के बहुत से किस्से सुने जो अभी वैसे ही याद हैं। उनको क्या लिखें सिवाए इसके की आपकी प्रतिभा का क्षेत्र कोई भी हो अगर उसमें मोहब्बत और नरमी उतर आए तो आप दुनिया के दिलों पर राज करेंगे...

-फेसबुक वॉल से

# जीवन को संवारने वाले हैं बुद्ध के सिद्धांत

तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है।

गणतंत्र के महापर्व चुनाव के मध्य में बुद्ध पूर्णिमा का अवसर लोकतंत्र को समझने के लिए बुद्ध के सिद्धांतों को समझना जरूरी है। सिद्धार्थ का जन्म 563 ईसा पूर्व के आसपास का माना जाता है, उनके पिता शाक्य शुद्धोदन राजा थे। शुद्धोदन के साथ-साथ भद्दिय और दंडपाणि को भी शाक्यों का राजा कहा गया है। शाक्यों के प्रजातंत्र की गणसंस्था जैसे अब की पार्लियामेंट या सीनेट को लिच्छविगण की भांति राजा कहा जाता था। गौतम बुद्ध के जीवन की अद्भुत घटनाएं हैं, उनका जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन शालवृक्षों के लुम्बिनी वन में 563 ईसा पूर्व में हुआ। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई, इसीलिए पीपल के वृक्ष को बोधिवृक्ष कहा गया है। उस वृक्ष को आज भी जीवित रखा गया है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही उनका परिनिर्वाण हुआ।


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अंतिम शिष्य सुभद्र परिव्राजक को उपदेश देने के पश्चात कुशीनगर में शालवृक्षों के नीचे कहा भिक्षुओं मैं तुम्हें स्मरण करा रहा हूं, सभी संस्कार अनित्य हैं, अप्रमादपूर्वक अपने लक्ष्य में लगे रहो। इसीलिए वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध के अनुयायी त्रिविध पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। असित ऋषि के दर्शन के आग्रह पर बालक सिद्धार्थ को उनकी गोद में दिया गया तब उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली और कहा यह बालक तीन लोकों का स्वामी बनेगा और कीर्ति असीमित बढ़ेगी, अत्यंत विद्वान और दीर्घायु होगा। ऐसी ही भविष्यवाणी नामकरण के समय ज्योतिषी व पुरोहितों ने भी की थी। असित ऋषि की भविष्यवाणी शत प्रतिशत सच हुई, उन्होंने कहा था यह बालक सम्यक संबुद्ध होगा। लोक कल्याण के लिए अपना धर्मचक्र प्रवर्तित करेगा, जो इस संसार में पहले कहीं कुछ नहीं हुआ, सद्धर्म द्वारा आदि में कल्याण कारक, मध्य में कल्याण कारक और अंत में भी कल्याण कारक होगा। हुआ भी वैसा ही, भारत के संविधान और राष्ट्रीय ध्वज में धम्मचक्र महामहिम की कुर्सी के पीछे धम्म चक्र परिवर्तनाय अंकित है और कई देशों के संविधान की प्रस्तावना गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से प्रारंभ है, जब उन्हें बोधिज्ञान प्राप्त हुआ तो सर्वप्रथम उन्होंने पंच भिक्खुओं को उपदेश देना उचित समझा, जो उन्हें निरंजना नदी पर उनके साथ थे और उनके भोजन ग्रहण करने से पथ भृष्ट समझ छोड़ आए थे।

तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है। यह मध्यम मार्ग साधक को अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाला, बुद्धि देने वाला, ज्ञान देने वाला और निर्वाण तक पहुंचा देने वाला है। यह मध्यम मार्ग ही श्रेष्ठ आष्टांगिक मार्ग हैं।

# कम होती घरेलू बचत

तीन साल में 9 लाख करोड़ रुपए घटी भारतीय परिवारों की सेविंग्स, 50 साल में सबसे कम घरेलू सेविंग में भारी गिरावट एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। आम भारतीय छोटी-छोटी पूंजी बचाकर अपना भविष्य सुरक्षित देखना चाहता है। एक भारतीय बचत इसलिए भी करता है कि वित्तीय भविष्य अप्रत्याशित है, यह बचत आम संतोष भी देती है। सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार घरेलू बचत में भारी गिरावट देखने को मिली है। 2020-21 में यह बचत 23.29 लाख करोड़ थी, जो वर्ष 2021-22 में घटकर 17.13 लाख करोड़ रह गई और वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ पर आ गिरी है। भारत जैसे देश में यह गिरावट अप्रत्याशित कही जा सकती है। हालांकि अब क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स ने कहा है कि 2023-24 में घरेलू बचत बढ़ने की संभावना है। जानकारों का मानना है कि रोजगार न मिलने और महंगाई के कारण छोटी घरेलू बचत कम हो सकती है, जबकि कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि ऐसा म्यूचुअल फंड में निवेश के कारण हुआ है, क्योंकि इस दौरान म्यूचुअल फंड निवेश तीन गुना बढ़ा है। दोनों ही स्थितियों को अच्छा नहीं माना जा सकता, अभी कुछ दिन पूर्व ही मुख्य वित्तीय सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने सीआईआई की वार्षिक बैठक में घरेलू बचत को वायदा और विकल्प कारोबार में निवेश के प्रति आगाह किया, उन्होंने इस पर पुनः विचार करने की बात कही है, उन्होंने यह भी कहा कि वायदा कारोबार में निवेश करने के लिए अध्ययन और जानकारी की जरूरत होती है। उनका यह कथन भी तर्क पूर्ण है कि 1997-98 की एशिया की मंदी से हमें बचाने में इस बचत का भी काफी योगदान रहा था। ध्यान रहे छोटी-छोटी घरेलू बचत आत्मसंतोष और शांति तो देती ही हैं, यह बचत बुरे वक्त में साथ भी देती है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# गैर इरादतन हत्या में दोषी को दस साल का कारावास

## घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के चंदनपुर में 15 साल पहले हुई थी वारदात, घर के बाहर सोते समय किया गया था हमला, अस्पताल में हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



- अदालत ने अभियुक्त पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के चंदनपुर में करीब 15 साल पहले घर के बाहर सोते समय एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला करने और फिर इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने के मामले में अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि 31 जुलाई 2009 को उसके पिता लालाराम घर के बाहर लेटे थे उसी दौरान रात में गांग के जय सिंह अपने दो साथियों के साथ आया और उसके पिता को मारा पीटा जिससे उनके शरीर में गंभीर चोटें आई उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी जय सिंह व उसके साथी राजाराम के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किए थे।

मामले की सुनवाई अपर जिला जज चतुर्थ दुर्गेश की अदालत में चल रही थी। दौरान मुकदमा आरोपी राजाराम की मौत हो जाने पर उसका नाम प्रथक कर जय सिंह के खिलाफ मुकदमा की सुनवाई चल रही थी।बुधवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी जय सिंह को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर पचास हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है वहीं अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक साल के अतरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

## किशोरी को बहला कर ले जाने में दोषी करार

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर क्षेत्र में करीब आठ साल पहले एक गांव निवासी किशोरी को स्कूल जाते हुए युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था।मामले में किशोरी की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 मई की तिथि नियत की है। वहीं आरोपी के अदालत पेश न होने पर बचाव पक्ष की ओर से दी गई हाजरी माफी प्रार्थनापत्र खारिज कर अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि 4 जनवरी 2016 को उसकी सोलह वर्षीय पुत्री सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी तभी रास्ते में सिकंदरा क्षेत्र के खोजाफूल गांव का रहने वाला अमित कुमार शर्मा उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए किशोरी को खोज कर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।मामले की सुनवाई अपर जिला जज /एफ टी सी प्रथम सुरेन्द्र सिंह की अदालत में चल रही थी।बुधवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी युवक अमित कुमार शर्मा को किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के अपराध का दोषी ठहराया है अब सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 मई की तिथि नियत की है। नियत तिथि पर आरोपी के उपस्थित न होने पर बचाव पक्ष की हाजरी माफी अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर गैर जमानती वारंट जारी किया है।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या में पति को 10 साल की सजा

- साक्ष्य के अभाव में सास ससुर अदालत से बरी
- पांच साल पहले हत्या कर लटकाया गया था शव

**कानपुर देहात।** रूरा क्षेत्र के गौरियापुर गांव में करीब पांच साल पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की हत्या कर उसे फंदे पर लटका दिया था। मृतका के पिता ने मामले में पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड भी लगाया है। साक्ष्य के अभाव में आरोपी सास, ससुर को दोषमुक्त कर दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के गांव गलुआपुर निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि उसने अपनी पुत्री मनोरमा की शादी रूरा क्षेत्र के गांव गौरियालुर निवासी प्रदीप कुमार के साथ की थी ।शादी के बाद सभी ससुराली उसकी पुत्री से एक लाख रुपए अतरिक्त दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे और 14 सितंबर 2019 को उसकी पुत्री की हत्या कर उसे फंदे से लटका दिया।मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए आरोपी पति प्रदीप कुमार ,ससुर शिवकुमार व सास सियादुलारी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।

जिला जज जय प्रकाश तिवारी ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पति प्रदीप कुमार दोषसिद्ध करते हुए उसे दस साल के कारावास की सजा सुनाई और पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साक्ष्य के अभाव में सास सियादुलारी व ससुर शिवकुमार बरी हो गए।

## सार-संक्षेप



सीएचसी का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ। अमृत विचार

### सीएचसी में डिप्टी सीएमओ को मिली गंदगी

**राजपुर।** सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुद्धवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने औचक निरीक्षण किया। परिसर में फैली गंदगी और सीएचसी में मरीजों के लिए ओआरएस का घोल नहीं मिलने पर डिप्टी सीएमओ ने नाराजगी जाहिर कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। राजपुर के सलेमपुर सीएचसी के निरीक्षण में डिप्टी सीएमओ को अस्पताल परिसर बड़ी-बड़ी घास और झाड़ियां मिलीं। दवा कक्ष में दवाइयों के रखरखाव दुरुस्त नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। अस्पताल में ओआरएस का घोल नहीं मिला। उन्होंने सीएचसी में मौजूद डयूटी डाक्टर ध्रुव सिंह को फटकार लगाई। दोपहर एक बजे तक अस्पताल में 24 मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें एक मरीज डायरिया का था, जिसका इलाज किया गया। डिप्टी सीएमओ ने मरीजों की बीमारी और इलाज की जानकारी ली। कूड़ा निस्तारण का समुचित प्रबंध न होने पर समस्या का जल्द समाधान करने का निर्देश दिए। वहीं राजपुर पीएचसी में 113 मरीज आए। मरीजों को मेडिकल परीक्षण के बाद दवा दी गई, जिसमें 30 मरीज खांसी, जुकाम, बुखार के आए मरीजों का उपचार के साथ हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय बताए। निरीक्षण के दौरान राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेनद्र प्रताप सिंह, बीसीपीएम आकाश कुमार मौजूद रहे।

### सड़क के गड्ढों पर लगते झटके, विभाग बेफिक्र

**रूरा।** सरकार का गड्ढा मुक्त सड़क अभियान का नारा क्षेत्र में नाकाफी साबित हो रहा है। क्षेत्र देवकीपुरवा समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे राहगीरों को निकलने में हिचकोले खाने पड़ रहे हैं। जिले में कई सड़कों के काफी बदहाल होने से लोगों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सड़कों के गड्ढे में तब्दील होने से लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लग जा रहा है। गड्ढायुक्त सड़कें सरकार के दावे को आइना दिखा रही हैं। वर्तमान प्रदेश सरकार ने सत्तारुढ़ होते ही गड्ढामुक्त सड़कों का नारा दिया था। इसके लिए एक साल की समय सीमा तय की गई थी। साल दर साल बीतते गए, लेकिन गड्ढायुक्त सड़कों को गड्ढामुक्त नहीं किया जा सका। कुछ सड़कों को छोड़ कर ग्रामीण क्षेत्र की अधिकतर सड़कें गड्ढायुक्त देखने को मिल रही हैं। बंशी निवादा से देवकीपुरवा, ललपुरवा, भौंरा, विजईपुर, करिंगापुर समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क करीब 10 वर्षों पूर्व बनाई गई थी, जिसमें अब चलना दूभर हो गया है। इसी मुख्य मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र समेत प्राथमिक विद्यालय, गैस एजेंसी भी है, जहां प्रतिदिन स्कूली बच्चों और अन्य क्षेत्र में मरीजों और ग्रामीणों का निकलना होता है। इनको इस रोड पर हिचकोले खाना पड़ता है। उप जिलाधिकरी भूमिका यादव ने बातया कि संबधित विभाग को अवगत कराकर मार्ग दुरस्त कराया जाएगा।



बदहाली का शिकार देवकीपुरवा की सड़क।

### फैक्ट्री में चालक का शव रखकर मांगा मुआवजा

**रनियां।** औद्योगिक क्षेत्र रनियां में संचालित एक वनस्पति तेल बनाने वाली फैक्ट्री के डीसीएम चालक की मंगलवार को उन्नाव के पास डंपर की टक्कर से मौत होने के बाद बुधवार को परिजन रनियां पहुंचे और फैक्ट्री गेट पर शव रखकर मुआवजे की मांग की। कानपुर नगर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बारा सिरोही निवासी अनिल कुमार मिश्रा (52) पुत्र ओम नारायण मिश्र रनियां पड़ाव पर स्थित वनस्पति फैक्ट्री की डीसीएम करीब 15 वर्ष से चलाता था। बताया गया कि अनिल मिश्रा पांच दिन पहले डीसीएम में रिफाइंड तेल के गत्ते लादकर देवरिया गये थे। वहां से वापस लौटते समय मंगलवार को उन्नाव में सामने से एक डंपर ने डीसीएम में टक्कर मार दी थी, जिसमें अनिल की मौत हो गई थी। बुधवार को उनके भाई सुनील मिश्रा, पत्नी सीमा, पुत्र शिवम, पुत्रियां आसना व रिया और रिश्तेदार रनियां पहुंचे और फैक्ट्री गेट पर शव रखकर मुआवजे की मांग की। सूचना पर एसओ महेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे। एसओ ने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन और परिजनों के बीच आपसी समझौता हो गया है।

## एक नजर

### फसल तोड़ने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मानझापुरवा गांव में खेत से फसल तोड़ने को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, जिसमें एक पक्ष के अरविंद, अनुराग, राजकुमार, संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित अनुराग ने बताया कि उसके खेत पर खीरा, ककड़ी की फसल है, जिसे बरखा तोड़ने लगी। जब उन्होंने मना किया तो उसके भाई शिवम व दो अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान अरविंद का हाथ टूटा गया। वहीं दूसरे पक्ष की के बरखा ने बताया कि वह घर के बाहर बैठी थी, तभी अरविंद व संजय ने उस पर हमला बोल दिया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

### घर से सामान लेने निकली महिला लापता, रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी गुनगुन रविवार शाम को घर से रोजमर्रा का सामान लेने की बात कहकर निकली थी। देर शाम तक वह वापस नहीं आई तो उसकी आसपास व रिश्तेदारी में खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### तहसील प्रशासन ने जब्त की गेहूं की फसल

**मंगलपुर।** डेढ़ बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर गेहूं की फसल बोए किसान के विरुद्ध बुधवार को बेदखली की कार्रवाई कर गेहूं की फसल भूमि प्रबंध समिति के सुपुर्द कर दी गई। सिंकदरा तहसील के संदलपुर निवासी नौशाद अहमद करीब 40 वर्षों से गाटा संख्या 175 नवीन परती की डेढ़ बीघा जमीन पर कब्जा कर फसल बो रहे थे। मौजूदा समय में उस जमीन पर गेहूं की फसल खड़ी थी। इसकी शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने धारा 67 बेदखली की कार्रवाई कर राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में गेहूं की फसल को हार्वेस्टर से कटवाकर नीलामी के लिए भूमि प्रबंध समिति के सुपुर्द कर दिया। टीम में नायब तहसीलदार सुप्रिया, राजस्व निरीक्षक सगीर अहमद, लेखपाल रामजी चतुर्वेदी मौजूद थे।

## रसूलाबाद में एक महिला और युवक ने चुन ली मौत

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बुधवार को एक महिला व युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक छानबीन के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



नेहा।



मलखानपुर में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

- फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, परिजनों में मचा कोहराम

### नीम के पेड़ पर फंदा लगा कर युवक ने दी जान

केस 01

कस्बे के पाल नगर मोहल्ला निवासी चंद्र प्रकाश (35) बुधवार की सुबह अपने घर से खेतों की तरफ जाने की बात कहकर साइकिल से निकला था, लेकिन वह खेतों न जाकर रसूलाबाद आ गया। उसने यहां से प्लास्टिक की रस्सी खरीदी और उसे लेकर मलखानपुर बम्बी के पास एक मेड़ पर नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बंबा नहाने जा रहे एक लड़के ने पेड़ से युवक का लटका हुआ शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त के प्रयास किए तो उसकी पहचान पालनगर निवासी चंद्रप्रकाश के रूप में हुई। पति की मौत से पत्नी विनीता बदहवाश हो गई, जबकि पुत्री नेहा, संध्या, प्रांशी पुत्र सुमित मां गयावती का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने टीनशेड में फंदा लगा आत्महत्या की

केस 02

सुभाष नगर निवासी नेहा (20) ने मकान के अंदर पड़े टीनशेड से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार की सुबह ससुर रामप्रकाश बर्फ बेचने के लिए फेरी पर निकल गया था। पति अजय प्लंबरिंग का कार्य करने के लिए निकल गया था। दोपहर में पति जब घर वापस आया तो उसने अपनी पत्नी को दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकते हुए देखा।

इसके बाद उसने उसकी बड़ी बहन सुभाष नगर निवासी रेनू को सूचना दी। रेनू मौके पर पहुंची और नेहा को फंदे से उतारकर रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत से पति अजय, ससुर राम प्रकाश, बहन रेनू का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध पति ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मुसरिया गांव में सेंगुर नदी के किनारे बबूल के पेड़ पर बुधवार की सुबह युवक का शव गमछे के फंदे से लटका मिला। परिजनों की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

मुसरिया के रामकिशुन ने बताया उसका पुत्र रघुवीर (32) मजदूरी करता था। उसके साथ शराब पीने का लाती था। जिसके चलते बहू से अनबन रहती थी। दो माह पूर्व बहू प्रेमकली मायके चली गई। बुधवार की सुबह नदी की तरफ खेतों में जा रहे लोगों ने सेंगुर नदी के किनारे बबूल के पेड़ में गमछे के सहारे रघुवीर का शव लटक रहा था।

मृतक अपने पीछे पत्नी प्रेमकली दो पुत्रियां सोनी (6) और जूली (4) साथ मां सुबियां को रोता-बिलखता छोड़ गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि पिता की फौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फारेंसिक टीम ने नमूने संकलित किए हैं।

## मौरंग खदान में श्रमिक की मौत

**उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के पतरेहटा गांव की मौरंग खदान खंड संख्या 6 में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां मौरंग के ढेर में दबकर श्रमिक की मौत हो गई। मरने वाला श्रमिक पुखरायां का रहने वाला था।

कदौरा थाना के कदौरा से जलालपुर मुख्य मार्ग से महज एक किलोमीटर की दूरी पर मौरंग खनन खंड संख्या 6 में खनन कार्य संचालित था, इसमें नियम के विरुद्ध पोकलैंड मशीनों से मौरंग की खुदाई का काम किया जाता है। पथरेहटा घाट पर पोकलैंड मशीन से मौरंग निकालते समय कानपुर देहात के पुखरायां निवासी शिवाय पुत्र सुरेश कुमार मौरंग में दब गया और उसकी मौत हो गई।

## पुलिया क्षतिग्रस्त, हादसे का खतरा

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के काशीपुर गहिरा मार्ग के बीच में पांडेय निवादा के पास बंबा पर बनी पुलिया कर दीवार काफी समय से टूटी होने के कारण आने जाने वाले यात्रियों को हादसों का शिकार बनना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क की पुलिया की दीवार काफी समय से टूटी हुई है। कई बार इस बारे में प्रशासन को अवगत भी करवाया जा चुका है, लेकिन आज तक हाल वही पुराने जैसा ही है। दीवार टूटी होने के कारण यहां पर प्रतिदिन कोई न कोई हादसा होता है। कई बार तो काफी गंभीर हादसें भी हो चुके है। इस सबके बावजूद भी प्रशासन ने इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि हादसों का मुख्य कारण सड़क पर ज्यादा आवाजाही है। दोनों तरफ से वाहन आ जाने से यात्री अपना संतुलन खो जाता है। कहा कि विभाग की लापरवाही की वजह से ग्रामीणों को प्रतिदिन डर के साये में यहां से गुजरना पड़ता है। विभाग द्वारा इस मामले में आज तक कोई भी कदम नहीं उठाने पर ग्रामीणों ने रोष प्रकट किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वे इस पुलिया का निर्माण जल्द करवाएं अन्यथा उनको मजबूरी में सड़कों पर उतरना पड़ेगा। तहसीलदार प्रिया सिंह ने बातया कि मौके पर जाकर समस्या का समाधान किया जाएगा।



पुलिया की रेलिंग टूटने से हर समय मंडरा रहा खतरा। अमृत विचार

**चुनौती** पूरे जनपद में अब तक 899 किसानों से हुई 3599 .79 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

## किसानों के पास नहीं बचा गेहूं, फिर कैसे पूरा होगा लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में ढाई माह बीतने के बाद भी अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष महज सात फीसदी गेहूं की खरीद हो पाई है। लोकसभा चुनाव निपटने के बाद अफसरों ने अब फिर से गेहूं खरीद के लिए कवायद शुरू की है। खरीद में अब सिर्फ 25 दिन का समय शेष बचा है और किसानों के पास गेहूं का स्टाक भी लगभग खत्म हो गया है। ऐसी स्थिति में अब गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल करना अफसरों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

शासन से इस साल 73,300 एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य दिए जाने के साथ 15 मार्च से गेहूं खरीद शुरू करने का निर्देश दिया गया था।



झींझक के गेहूं क्रय केंद्र पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

इसके चलते जिले में गेहूं खरीद के लिए पांच एजेंसियों के 59 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 15,पीसीएफ के 24, पीसीयू के 9 यूपीएसएस के 6 व भारतीय खाद्य निगम के 5 क्रय केंद्र शामिल हैं। इस बार अफसरों के चुनाव ड्यूटी में लगे होने तथा खुले बाजार में 2300 रुपये प्रति कुंतल मूल्य होने के साथ व्यापारियों द्वारा खेत पर ही गेहू की तौल कराने से किसान सरकारी क्रय केंद्रों से किसान दूरी बनाए रहे।

पिछले माह में खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू व भारत सरकार के प्रर्वतन निदेशक खाद्य डीके शुक्ला ने जनपद के क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ सभी केंद्रों प्रभारियों को गांवों में जाकर किसानों से संपर्क कर उनको प्रेरित कर लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया था। अफसरों के शुरूआती दौर में दबाव बनाने के बावजूद गेहूं बिक्री के लिए सिर्फ 4580 किसानों ने ही अपना पंजीकरण कराया। इनमें ढाई माह बीतने के बाद अभी तक सिर्फ 899 किसानों से ही 3599.79 एमटी गेहूं की खरीद हो पाई है। जो लक्ष्य के सापेक्ष महज सात फीसदी ही है।

चुनाव निपटने के बाद अब अफसरों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य बेहद कम होने के कारण इसको बढ़ाने की कवायद शुरू की है, लेकिन अब किसानों के पास बिक्री के लिए गेहूं नहीं बचा है। ऐसे में खरीद बढ़ाना अब जिम्मेदारों के लिए दुष्कर दिख रहा है। डिप्टी आरएमओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले साल महज 183 किसानों से 599.25 एमटी खरीद हो पाई थी। जबकि इस बार 899 किसानों से ही 3599.79 एमटी गेहूं की खरीद होने से जिला को मंडल में तीसरा स्थान मिल पाया है। उन्होने कहा कि खुले बाजार में अधिक रेट होने से किसान क्रय केंद्रों से दूरी बनाए रहे।

## तार टूटने से दो बकरियां जलीं

**मूसानगर।** क्षेत्र के नगीना मोड़ हनुमान मंदिर के पास 11000 वोल्टेज का विद्युत तार टूटकर गिरने से दो बकरियों की जलकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराया गया।

नगीना मोड़ निवासी मोहर सिंह निषाद थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार को लगभग तीन बजे वह बकरियां चराने के लिए ले जा रहा था, तभी 11000 वोल्टेज का विद्युत तार टूटकर गिरने से दो बकरियों की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। इस बाबत जेई प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, पीड़ित को विभाग की ओर से आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि दो बकरियों की मौत हुई है तहरीर के आधार पर कार्रवाई कर बकरियों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## सड़क पर घूम रहे गोवंश

संवाददाता, राजपुर



सड़क पर घूमते गोवंश। अमृत विचार

- आवारा गोवंशों से राहगीर व किसान परेशान

**अमृत विचार।** सड़कों पर गोवंश घूमने से रोकने संबंधी आदेश के बावजूद प्रभावी रूप से अंकुश नहीं लग पा रहा है। अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र में काफी स्थानों पर गोवंश खुले ही सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं, जबकि अफसर दावा करते हैं कि सड़कों से गोवंश को पकड़ने का अभियान चल रहा है।

अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र में छोटी बड़ी 8 गौशालाएं संचालित हैं, इसके बावजूद गोवंश सड़कों पर घूमते रहते हैं। सबसे अधिक शाहजहांपुर व रुरगांव में छुट्टा गोवंश हैं। शाहजहांपुर में गोवंशों का झुंड सड़क पर टहलता रहता है। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के कारण आये दिन हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी इन पशुओं को पकड़वाने के लिए जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं हैं। आवारा घूमते गोवंश मुद्दा बन रहे हैं। एक तरफ इनकी वजह से फसलों को नुकसान होता है। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में किसान इससे परेशान हैं। छुट्टा पशु खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। इस मामले में अमरौधा के बीडीओ कमलेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी को गोवंश पकड़वाकर गौशाला में भेजने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग तीन नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरू करेगा। इनमें एक आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) अयोध्या में हैं। जबकि दो (एक बालक और एक बालिका) जौनपुर में हैं। इन विद्यालयों ने छात्र-छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।अयोध्या में नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) का भवन मुगीशपुर में कई वर्षों पहले से तैयार है। लेकिन, वहां पढ़ाई नहीं शुरू हो सकी थी। इस विद्यालय में एक जुलाई से शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। अयोध्या में इसके अलावा दो राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पहले से संचालित हैं। इसी तरह जौनपुर में दो नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के भवन तैयार हैं। इनमें एक मनिहा गोविंदपुर में है, जो बालिका विद्यालय हैं। जबकि दूसरा मटियारी का पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय है, जो बालकों के लिए हैं।

# चिन्हित पांचों माफिया का तंत्र ध्वस्त, अब गिरोह पर नजर

## शासन ने लखनऊ जोन में चिन्हित किए थे पांच बड़े माफिया, दो बड़े अपराधियों की हो चुकी है मौत, 50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्र में चिन्हित सभी पांच माफिया का आपराधिक तंत्र अब छिन्न-भिन्न हो गया है। इन अपराधियों में दो की मृत्यु हो चुकी है, जबकि तीन जेल में निरुद्ध है। अब इनके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इनकी संख्या भी 50 से ऊपर है।

जोन स्तर पर की गई समीक्षा में पता चला कि इन पांच माफिया का तंत्र प्रभावहीन हो चुका है। अब केवल गिरोह के सदस्य बचे हैं, उनको भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

पांचों माफिया की करीब 50 करोड़ तक की अवैध संपत्तियों को कुर्क किया जा चुका है। अब इन माफिया से जुड़े छोटे-छोटे गिरोहों का चिन्हीकरण शुरू किया गया है। जल्द ही इनके खिलाफ भी अभियान चलेगा।

वहीं जोन के शीर्ष अधिकारियों ने लखनऊ और अयोध्या परिक्षेत्र के सभी 10 जिलों के पुलिस अधीक्षकों से विभिन्न गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त गिरोहों की सूचनाएं एकत्रित करने का निर्देश दिया है। इस सप्ताह से गिरोहों के पंजीकरण की शुरूआत भी कर दी गई है। जिससे अन्य गिरोह से जुड़ सदस्यों पर भी शिकंजा कसेगा।

**खान मुबारक** लखनऊ जोन के अंतर्गत आने वाले अंबेडकरनगर के माफिया खान मुबारक की मृत्यु 12 जून 2023 में इलाज के दौरान हुई थी। राज्य सरकार द्वारा घोषित की गई 66 माफिया की सूची में खान मुबारक का नाम टॉप 5 में था। इसके खिलाफ 44 मामले दर्ज थे। इसके गिरोह के 43 सदस्यों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। अब तक की कार्रवाई में 37 सदस्य जेल में भेजे जा चुके हैं। खान मुबारक की 16 करोड़ की संपत्ति गैंगेस्टर एक्ट के तहत जब्त की गई, जबकि जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण और अवैध कब्जे से एक करोड़ 95 लाख की संपत्ति मुक्त कराई गई है।

**संजय सिंह सिंघला** लखनऊ जोन के टॉप-5 की सूची में शामिल माफिया संजय सिंह सिंघला की 26 जनवरी 2024 को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने संजय सिंघला को जून 2022 में पकड़ा था, इसके बाद से वह बाराबंकी जेल में निरुद्ध था। संजय सिंघला के खिलाफ 55 मामले दर्ज थे। इसके गैंग में सक्रिय 22 सदस्यों में से अब तक 12 सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि 10 के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पुलिस ने संजय के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई में 25 .5 करोड़ की संपत्ति जब्त की।

**अतुल वर्मा** माफिया की सूची में शामिल बाराबंकी निवासी अतुल वर्मा को पुलिस ने मार्च 2022 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसके खिलाफ 49 मुकदमें चल रहे हैं। इसके गिरोह में 36 सदस्य सक्रिय थे, जिसमें से नौ गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई में अतुल वर्मा की 10 करोड़ 55 लाख की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

**अजय सिपाही** लखनऊ जोन के अंतर्गत आने वाले दूसरे माफिया अजय सिपाही के खिलाफ कुल 29 अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस अजय सिपाही के गैंग के 16 सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इनमे से 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अजय सिपाही के खिलाफ की गई गैंगेस्टर की कार्रवाई में प्रशासन और पुलिस ने चार करोड़ 36 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है।

**शहीम उर्फ कासिम** बाराबंकी निवासी शहीम को पुलिस ने फरवरी 2023 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके खिलाफ कुल 17 मुकदमें दर्ज हैं। इसके गिरोह में 14 सदस्य सक्रिय थे, जिसमें से दो गिरफ्तार हो चुके हैं। गैंगेस्टर एक्ट के तहत अब तक चार करोड़ 75 लाख की संपत्ति जब्त की गई, जबकि ध्वस्तीकरण में 50 लाख की संपत्ति जब्त की गई।

**छोटे-छोटे गिरोहों को भी कर रहे चिन्हित, जल्द शुरू होगी कार्रवाई**



शासन द्वारा चिन्हित किए गए 66 माफियाओं में पांच लखनऊ जोन से जुड़े थे। पांचों का तंत्र लगभग ध्वस्त हो चुका है। कुछ सक्रिय सदस्य बचे रह गए हैं वह भी जल्द जेल में होंगे। अब छोटे-छोटे गिरोह बनाकर अपराध कर रहे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। इनको भी पकड़ लिया जाएगा।

**- अमरेंद्र कुमार सेंगर, एडीजी जोन, लखनऊ**

## दो माह से मनरेगा कर्मियों को नहीं मिला मानदेय

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में तैनात मनरेगा कर्मियों को मार्च और अप्रैल का मानदेय नहीं मिला। इससे कर्मचारी परेशान हैं। जबकि खातों से काटा जा रहा ईपीएफ जमा नहीं हो रहा है।

उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि ब्लॉक व जिला मुख्यालय पर तैनात तकनीक सहायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, लेखा सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवकों को समय से मानदेय न मिलने के कारण हालत दयनीय हो रही है। इधर, मार्च व अप्रैल मानदेय फिर फंस गया है। मनरेगा के साथ चुनाव ड्यूटी तक कर्मचारी कर रहे हैं। 2018 से ईपीएफ काट रहा है लेकिन, खातों में जमा नहीं होता है। जबकि सरकार ने कर्मियों को ईपीएफ, मेडिकल समेत अन्य सुविधा देने के निर्देश दिए थे।

# 7वें चरण में 36 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

## बसपा के बलिया प्रत्याशी लल्लन सिंह यादव पर दर्ज हैं 22 मामले, कांग्रेस के अजय राय राय पर 18 मुकदमे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री मोदी समेत 55 प्रत्याशी करोड़पति
- इस चरण में सबसे कम 10 महिला प्रत्याशी

**अमृत विचारः** 7वें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होने हैं। इस चरण में सभ 144 प्रत्याशियों में से 36 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। अधिकांश पर गंभीर मामले हैं। सबसे ज्यादा मुकदमों की बात करे तो बसपा के बलिया प्रत्याशी लल्लन सिंह यादव नंबर एक पर हैं। उनके ऊपर 22 मामले दर्ज हैं, दूसरे नम्बर पर कांग्रेस के वाराणसी प्रत्याशी अजय राय हैं, 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वही नौ मामलों के साथ राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के कुशीनगर उम्मीदवार स्वामी प्रसाद मौर्या तीसरे नंबर हैं। इस प्रकार दलवार देखे तो सपा के नौ में से सात, बसपा के 13 में से पांच, भाजपा के 10 में से तीन, कांग्रेस के चार में दो, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी दो उम्मीदवारों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं।अन्य चरणों की अपेक्षा इस चरण में सबसे कम मात्र 10 महिलाएं चुनाव मैदान में हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स(एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी का चुनाव भी इसी चरण में होना है। इस चरण में कुल 55 करोड़पति चुनाव लड़ रहें हैं।मोदी के साथ भाजपा के सभी 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं साथ ही एनडीए घटक दल अपना दल( सोनेलाल) के भी दोनों प्रत्याशी करोड़पति ही हैं। वहीं सपा के सभी नौ और कांग्रेस के चार उम्मीदवार करोड़पति हैं। अपना दल( कमेरावादी) के भी दो प्रत्याशी उतारे हैं और दोनो ही करोड़पति हैं। जबकि बसपा के 13 में से सात उम्मीदवार करोड़पति हैं।

गोरखपुर से अल हिन्द पार्टी के प्रत्याशी श्रीराम प्रसाद के पास मात्र 25 हजार रुपए हैं, मगर हौसले लबरेज हैं। चंदौली के निर्दलीय प्रत्याशी संतोष कुमार 38 हजार रुपये लेकर मैदान में हैं। इसके अलावा 50 हजार के साथ निर्दलीय उम्मीदवार रामप्रीत, महाराजगंज से भाग्य अजमा रहें हैं।

**सपा प्रत्याशी के पास सर्वाधिक संपत्ति**

एडीआर राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया की सपा के घोसी प्रत्याशी राजीव राय के पास सबसे ज्यादा संपत्ति 49 करोड़ है, वहीं भाजपा के गोरखपुर सीट प्रत्याशी रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) के पास 43 करोड़ की संपत्ति है। महाराजगंज से प्रत्याशी पंकज चौधरी के पास लगभग 41 करोड हैं। इस प्रकार भाजपा के 10 प्रत्याशियों की औसतन संपत्ति 18 करोड़, सपा के नौ प्रत्याशियों की 14 करोड़ और कांग्रेस चारों व बसपा के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति तीन-तीन करोड़ है।

**82 प्रत्याशी उच्चशिक्षित**

महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में चुनाव लड़ रहें उम्मीदवारों के शैक्षिक स्तर की बात करे तो 82 उम्मीदवार उच्चशिक्षित हैं। वहीं 54 प्रत्याशियों ने 5वीं से लेकर 12वीं के बीच तक पढ़ाई की है। इसके अलावा तीन उम्मीदवार डिप्लोमा धारक और चार उम्मीदवार केवल साक्षर हैं। वहीं एक प्रत्याशी ने तो अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित ही नहीं की है।

## 47.25 करोड़ वापस, पूरे होंगे अधूरे कार्य

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का 47.25 करोड़ रुपये वापस मिले हैं। यह बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति होने पर वापस ले लिया गया था। इससे गांवों में अधूरे कार्य कराए जाएंगे।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत गांवों में पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर व पंचायत लर्निंग सेंटर समेत आदि भवन बनाए जाते हैं। जिसका ग्रामीणों को लाभ मिले। वर्ष 2023-24 में इन कार्यों के लिए देर से नवंबर में बजट मिला था। इस कारण योजना के मुताबिक निर्माण देर से शुरू हुआ और समय कम होने के कारण पूर्ण नहीं हो सके। इस वजह से बजट खर्च नहीं हो पाया। जो मार्च अंत में वित्तीय वर्ष समाप्ति होने पर वापस हो गया था और 21 मई को नये सिरे से खातों में भेजा गया है। इससे 1370 भवन तैयार किए जाएंगे। लखनऊ को 25 लाख रुपये मिले हैं।

# ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार में प्रदेश पहले स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार में प्रदेश, देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में 1460 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का विस्तार किया गया है, जो पूरे देश में कुल ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार का 20 प्रतिशत से अधिक है। दूसरे स्थान पर गुजरात की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। इस कार्य में तमिलनाडु तीसरे, आंध्र प्रदेश चौथे और बिहार पांचवें स्थान पर है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बिजली उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। पिछले वर्ष पीक ऑवर में देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्य का दर्जा प्रदेश को मिला था।

**महराजगंज से गोरखपुर तक पारेषण लाइन चालू**

वित्तीय वर्ष 2024 में यूपी पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ने 220 केवी की डबल-सर्किट की लाइन को चालू किया है, जो महराजगंज सब स्टेशन से 400 केवी गोरखपुर सब स्टेशन तक कुल 174 सर्किट किलोमीटर तक विस्तारित है।

इस बार प्रदेश ट्रांसमिशन लाइन के विस्तार में पूरे देश में शीर्ष पर काबिज हुआ है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024 में देश में 6,993 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का विस्तार किया गया, जो निर्धारित लक्ष्य 11,002 सर्किट किलोमीटर के सापेक्ष लगभग 64 प्रतिशत है। अधिकांश वृद्धि 220 केवी लाइन की श्रेणी में हुई।

# दोनों शहजादे भाजपा को शह देंगे और जनता देगी मात : अखिलेश



आजमगढ़ में आयोजित जनसभा के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मोदी-योगी की टिप्पणी का आजमगढ़ में अखिलेश यादव ने दिया जवाब

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान शहजादे शब्द भी चर्चा में है। इस शब्दावली के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अखिलेश-राहुल की जोड़ी को निशाना बना रहे हैं। भाजपा के दोनों स्टार प्रचारक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शहजादे के नाम से संबोधित कर रहे हैं।

बुधवार को मोदी-योगी के इसी हमले का आजमगढ़ में अखिलेश यादव ने जवाब दिया। अखिलेश ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा के दोनों शहजादे भाजपा को शह देंगे और जनता मात देगी।

पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के लिए आयोजित चुनावी रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोगों को शहजादे कहा जा रहा है। इस बार देखना दोनों शहजादे मिलकर ऐसी शह देंगे और जनता ऐसी मात देगी कि इनका पता नहीं लगेगा कि कहां गए।

**जनता की बात करने वालों को विरोधी मानती है भाजपा**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हर सच्चे इंसान के खिलाफ है और जो जनता के अधिकार की बात करे उसे अपना विरोधी मानती है। सपा प्रमुख के मुताबिक, भाजपा जनता के हक को छीनने वाली पार्टी है। वो खरबपतियों की कठपुतली पार्टी है। अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बीएचयू को बचाने के लिए भाजपा के ख़िलाफ़ आमरण अनशन पर बैठे डॉ. ओम शंकर से अनुरोध है कि वो अपना आमरण अनशन तोड़ें और जनता के रक्षक इंडी गठबंधन का साथ देकर भ्रष्ट भाजपा को हटाने के लिए नया व्रत लें। उन्होंने अपने बयान में एक हैश टैग- एक थी भाजपा भी जोड़ा।

# चुनाव में जान गंवाने वालों के आश्रितों को रिकॉर्ड समय में मिल रही अनुग्रह राशि

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** 18वीं लोकसभा के चुनाव में अब तक प्रदेश में चुनाव ड्यूटी के दौरान चार कर्मियों की मौत हो चुकी है। ये सभी विभिन्न विभागों की ओर से चुनाव ड्यूटी कर रहे थे। पुख्ता सूचना मिलते ही निर्वाचन आयोग ने 15-15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रत्येक मृतक आश्रित को दे दी है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि सहारनपुर में बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट ड्यूटी करने वाले सहायक अभियंता शिव रंजन सिंह की मौत हो गई थी। संबंधित जिलाधिकारी ने चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत की पुष्टि करते हुए 16 अप्रैल को 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। तत्काल औपचारिकताएं पूर्ण की गईं और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के निर्देश पर 18 अप्रैल को मृतक के आश्रितों को 15 लाख रुपये का चेक दिया गया। 24 अप्रैल को बिजनौर जिलाधिकारी द्वारा अनिल कुमार द्विवेदी की मौत संबंधी प्रस्ताव मिला था, मृतक पुलिस लाइन में बतौर अनुचर कार्यरत था। मृतक के परिजन को 4 मई को 15 लाख रुपये प्रदान कर दिये गये। इसी बीच, 28 अप्रैल को मथुरा में आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह की चुनावी ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। त्वरित कार्रवाई से 2 मई को 15 लाख रुपये आश्रितों को दिये गये। उन्होंने बताया कि चौथी मौत बरेली में होमगार्ड पद पर कार्यरत कृष्ण नंदन की हुई थी, जिसका संबंधित प्रस्ताव जिलाधिकारी द्वारा 6 मई को भेजा गया, संबंधित औपचारिताओं के बाद 20 मई को 15 लाख का चेक परिजन को भेजा जा चुका है। अनुज झा का कहना है कि चुनाव में ड्यूटी करने वाले कर्मियों के साथ निर्वाचन आयोग पूरी तरह से संवेदनशील है, किसी भी अप्रिय दुर्घटना पर राज्य सरकार के शासनादेश के अनुसार कार्रवाई पूरी की जाती है।

**मौत पर 15 लाख, अपंगता पर 7.5 लाख रुपये**

विशेष सचिव व अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्र शेखर ने बताया कि चुनाव अवधि में ड्यूटी करते हुए या ड्यूटी के लिए घर से निकलने और बाद में घर वापस पहुंचने के बीच, किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो जाती है तो मौत होने की दशा में 15 लाख रुपये और स्थाई रूप से अपंगता की दशा में 7.5 लाख रुपये बतौर अनुग्रह राशि दी जाती है। अगर, यह मौत चुनाव के दौरान बम विस्फोट, आगजनी या सशस्त्र हमलों में होती है तो अनुग्रह राशि 30 लाख दी जायेगी। मौत के प्रकार की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर राशि का निर्धारण जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में किया जाता है।


## वर्ग पहेली-78

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को ख़ूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम



**वर्ग पहेली -77 का हल**



## सुडोकू-157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | | 6 | 7 | | | | |
| | 3 | | 8 | | 7 | | | |
| | 7 | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 9 | | | | 3 | 1 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

**सुडोकू -156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 19 .22 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष:** आज शंकालु स्वभाव के कारण आप अच्छे लोगों की अनदेखी कर सकते हैं। नया काम शुरू करने से परेशानियां बढ़ेंगी। किसी पुरानी घटना को लेकर दु :ख हो सकता है। आप स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मन में नकारात्मक विचारों का बाहुल्य हो सकता है।

**वृष:** आज आपको कार्यक्षेत्र में काफी प्रतिष्ठा मिलेगी। लोग आपके विचारों से काफी प्रभावित रहेगे। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है। उच्च स्तरीय लोग भी आपके सामने काफी कमजोर दिखेंगे।

**मिथुन:** आज शत्रु आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना होगा। पिता के साथ वैचारिक मतभेद उभरने की आशंका है। जॉब में आप दबाव के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन सकती है।

**कर्क:** आज ऐसे लोगों से स्वयं को दूर रखें जो आपको तनाव देते हैं। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। किसी को वचन देने से बचें, क्योंकि आपके कार्य अचानक रुक सकते हैं। बच्चों को लेकर काफी परेशान हो सकते हैं।

**सिंह:** आज व्यवसाय में सहयोगियों से लाभ होगा। निर्माण कार्य से जुड़े प्रोजेक्ट्स में बड़ी चुनौती देखने को मिल सकती है। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी ऊर्जावान रहेंगे।

**कन्या:** आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य में कुछ कमी देखने को मिल सकती है।

**तुला:** आज परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी, लेकिन ज्यादा दिखावे के व्यवहार से बचें। अपने स्वजनों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करें। आपको धन निवेश करने से पूर्व किसी विशेषज्ञ व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए।

**वृश्चिक:** आज नया व्यवसाय या कोई नई जॉब की शुरुआत का विचार बनाएंगे। यदि घर बदलना चाह रहे हैं तो थोड़ा अच्छी तरह से देख-परखकर ही घर बदलें। स्थिर संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में आप विजयी होंगे।


**धनु:** आज शिक्षा और रोजगार में रुकावट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। कुछ ऐसे कार्य भी करने पड़ सकते हैं, जो शायद आपके मनोनुकूल न हों। यदि किसी यात्रा पर हैं तो अपने सामान की सुरक्षा सावधानी पूर्वक करें।

**मकर:** आज धन की परिस्थितियां काफी अनुकूल रहेंगी। बच्चों को लेकर मन प्रफुल्लित रहेगा। लोग आपकी खुलकर प्रशंसा करेंगे। आपके परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। पड़ोसियों के साथ किसी विवाद का निपटारा हो सकता है।

**कुंभ:** आज मित्रों के साथ काफी समय बिता सकते हैं। राजनीति संबंधी चर्चाओं का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। अपनी कमजोरियों को किसी से भी साझा न करें। कुछ चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**मीन:** आज किसी के प्रति दुर्भावनापूर्ण विचार न रखें। आपको धार्मिक ग्रंथों से काफी मदद मिल सकती है। व्यापार में बड़ा निवेश न करें। आप कुछ अव्यावहारिक निर्णय ले सकते हैं। इसके कारण आपकी आलोचना भी हो सकती है। वाहन में कुछ खराबी हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 09 .15 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- सिक्का — सुबह : 10 .48
- मजाल — रात : 07 .00

**&pictures**
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11 .25
- मनमर्जियां — रात : 08 .00

**Sony Pix**
- द वॉटर हाउस — सुबह : 11 .38
- मोर्टल कॉम्बेट — शाम : 05 .42

**Zee Cinema**
- गीत गाता चल — दोपहर : 01 .15
- मिशन रानीगंज — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
- हम दिल दे चुके सनम — सुबह : 08 .08
- दसवीं — शाम : 05 .58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।

पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?

पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले-कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।

घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?

वो आदमी वापस जेल चला गया।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।


## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17200-17400 |
| अरहरस्पेशल1 | 14300-14400 |
| चनादाल | 7700-7800 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5400-5500 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# आरबीआई सरकार को देगा अब तक का सर्वाधिक 2.11 लाख करोड़ का लाभांश

## केंद्रीय बैंक ने लाभांश भुगतान को दे दी मंजूरी, पहले की तुलना में दोगुना से अधिक

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अब तक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह एक साल पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई ने 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। पिछला उच्चतम स्तर वित्त वर्ष 2018-19 में रहा था जब रिजर्व बैंक ने सरकार को 1.76 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा-निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी। चालू वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। अनुमान से अधिक लाभांश मिलने से सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने व्यय एवं राजस्व के बीच अंतर यानी राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा हुआ है।

### आरबीआई ने सीआरबी को बढ़ाने का किया फैसला

आरबीआई ने कहा-वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि में पुनरुद्धार होने पर सीआरबी को बढ़ाकर 6.00 प्रतिशत किया गया था। अर्थव्यवस्था में मजबूती और जुझारूपन बने रहने से निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरबी को बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत करने का फैसला किया है। आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देय लाभांश राशि के बारे में निर्णय अगस्त, 2019 में अपनाए गए आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर लिया गया है। बिमल जालान की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने ईसीएफ की अनुशंसा की थी। समिति ने कहा था कि सीआरबी के तहत जोखिम प्रावधान को आरबीआई के बही-खाते के 6.5 से 5.5 प्रतिशत के दायरे में रखा जाना चाहिए।

### प्रतिबंध हटने के बाद 45,000 टन से अधिक प्याज का हुआ निर्यात

**नई दिल्ली।** देश में मई की शुरुआत में प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटने के बाद 45,000 टन से अधिक प्याज का निर्यात किया गया है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। दुनिया के सबसे बड़े सब्जी निर्यातक ने गत दिसंबर में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और फिर सुस्त उत्पादन के कारण कीमतों में वृद्धि के बाद मार्च में इसे बढ़ा दिया था। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने कहा-प्रतिबंध हटने के बाद से 45,000 टन से अधिक प्याज का निर्यात किया गया है। अधिकतर निर्यात पश्चिम एशिया और बांग्लादेश को किया गया। सरकार ने चुनाव के दौरान प्याज की कीमतें कम रखने के लिए चार मई को प्रतिबंध हटा दिया था। हालांकि, प्रति टन पर 550 अमेरिकी डॉलर का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाया गया था।

## पेटीएम का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 2023-24 का घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया

फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 167.5 करोड़ रुपये था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया।

पेटीएम ने एक बयान में कहा-हमारे वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम यूपीआई लेनदेन पर अस्थायी व्यवधान और पीपीबीएल प्रतिबंध के कारण स्थायी व्यवधान से प्रभावित हुए। पेटीएम ने 2,267 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो वार्षिक आधार पर तीन प्रतिशत की मामूली गिरावट है। हमारा योगदान मुनाफा यूपीआई प्रोत्साहनों सहित 57 प्रतिशत और यूपीआई प्रोत्साहनों को छोड़कर 51 प्रतिशत रहा। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 15 मार्च से व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। कंपनी ने बताया कि तिमाही में कंपनी ने पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 227 करोड़ के निवेश को बट्टे खाते में डाल दिया। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा की पीपीबीएल में 51% हिस्सेदारी है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,900-57,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 74,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,000 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,250 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## स्पाइसजेट कलानिधि, केएएल एयरवेज से 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बाद एयरलाइन के पूर्व प्रवर्तक कलानिधि मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज को भुगतान किए गए कुल 730 करोड़ रुपये में से 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस आदेश को 17 मई को रद्द कर दिया था, जिसमें मीडिया दिग्गज कलानिधि मारन को 579 करोड़ रुपये ब्याज के साथ लौटाने का स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह को निर्देश दिया गया था। अदालत की खंडपीठ ने एकल पीठ के 31 जुलाई 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली सिंह और स्पाइसजेट की तरफ से दायर अपील को स्वीकार कर लिया। साथ ही मध्यस्थ निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने के लिए मामले को संबंधित अदालत में वापस भेज दिया। इस फैसले के बाद एयरलाइन ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह मारन और केएएल एयरवेज को भुगतान किए गए 730 करोड़ रुपये में से 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी।

### भारत कई देशों से सीमा शुल्क संबंधी समझौते पर कर रहा बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत सात देशों के सीमा शुल्क विभागों के साथ पारस्परिक मान्यता समझौतों (एमआरए) पर हस्ताक्षर कर चुका है और कई अन्य देशों के साथ ऐसे समझौतों के लिए सक्रियता से बातचीत कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा ने इस महीने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (एईओ) एमआरए पर हस्ताक्षर किए। इससे सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा माल की निकासी में लाभ देने का रास्ता साफ होगा।

## एमबीए स्नातकों की नौकरी छोड़ने की ऊंची दर ने बढ़ाई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

- डेलॉयट इंडिया ने जारी की अध्ययन रिपोर्ट



एमबीए स्नातकों के बीच नौकरी छोड़ने की दर चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर शीर्ष स्तर परिसरों के लिए प्रवेश स्तर की नौकरियों में...। डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) के नए कैंपस कार्यबल रुझान 2024 के अध्ययन से पता चलता है कि नौकरी छोड़ना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, खासकर एमबीए स्नातकों के बीच।

इसमें कहा गया, कुल मिलाकर समूचे भारत में नए लोगों, शीर्ष स्तर के परिसरों में एक तथा दो साल में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर क्रमशः 21 प्रतिशत, 26 प्रतिशत और 28 प्रतिशत है।


डेलॉयट इंडिया के निदेशक नीलेश गुप्ता ने कहा-इस वर्ष के अध्ययन से संगठनों को अपनी अवधारणा रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की गंभीर आवश्यकता का पता चलता है। खासकर एमबीए स्नातकों के लिए, जहां नौकरी छोड़ने की दर चिंताजनक रूप से अधिक है। प्रतिस्पर्धी बाजार में शीर्ष प्रतिभाओं को बनाए रखने के लिए नवोन्मेषी व्यवहार अब वैकल्पिक नहीं रह गया है, बल्कि यह एक जरूरत बन गया है। उन्होंने कहा-डिजिटल युग में सफल होने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को छात्रों को बहुमुखी कौशल से लैस करने की आवश्यकता है। नौकरी छोड़ने की उच्च दर के बावजूद 70 प्रतिशत संगठन सक्रिय रूप से एमबीए स्नातकों की तलाश करते हैं, जो व्यावसायिक सफलता में उनके महत्व को दर्शाता है। अध्ययन से यह भी पता चला कि संगठनों द्वारा इंटर्नशिप और प्री-प्लेसमेंट ऑफर में क्रमशः औसतन 10 प्रतिशत और 26 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## राष्ट्रीय

# राहुल बाबा और ममता जल्द ही शीतनिद्रा में चली जाएंगी

## बंगाल की चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने किया दावा, घुसपैठिए तृणमूल कांग्रेस का वोट बैंक है

**कांथी/घाटल/पुरुलिया, एजेंसी**



गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर से भाजपा उम्मीदवार हिरण्मय चटर्जी के समर्थन में जनसभा के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने और घुसपैठियों को राज्य की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप करने का आरोप लगाया। एक के बाद एक कांथी, घटाल और पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा के 30 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद तृणमूल कांग्रेस बिखर जाएगी और ममता बनर्जी सरकार की विदाई हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अंतिम सातवें चरण में जल्द ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी (राहुल बाबा) और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी (ममता दीदी) शीतनिद्रा में चली जाएंगीं।

उन्होंने कहा-बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है जिसका असर न केवल बंगाल बल्कि पूरे देश पर पड़ रहा है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया-ममता बनर्जी बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप कर रही हैं और वह राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही हैं। शाह ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए टीएमसी का वोट बैंक है।

### जब 'इंडिया' की सरकार बनेगी तो हम अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे



**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो अग्निवीर योजना को खत्म कर इसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने हिन्दुस्तान के जवानों को मजदूर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में अपनी पहली जनसभा में पूर्व अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरा। उन्होंने दावा किया मोदी सरकार ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन कहा है कि वह किसानों का कर्ज माफ नहीं करेगी क्योंकि इससे सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। कहा-हम किसानों की सुरक्षा और उन्हें उचित मुआवजा देने के लिए भूमि अधिग्रहण विधेयक लाए थे, लेकिन मोदी सरकार ने इसे रद्द कर दिया।



नगर पालिका का एक वाहन आगरा के किले के पास, गर्मी के दिनों में चिलचिलाती धूप से राहत देने के लिए लोगों पर पानी का छिड़काव करता हुआ। ● एजेंसी

## एक नजर

### महाराष्ट्र में आवारा कुत्ते के हमले में तीन साल के बच्चे की मौत

**नागपुर।** नागपुर जिले के मौदा कस्बे में एक आवारा कुत्ते के हमले में तीन वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि वंश अंकुश शहाणे मंगलवार अपराह्न अपने घर के बाहर खेल रहा था कि तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। उसके परिवार के सदस्य उसे सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन बच्चे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौदा पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मुकदमा दर्ज किया।

### मीरवाइज समेत सात के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 'खाली भूमि' पर अतिक्रमण के आरोप में हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि, अलगाववादी नेता ने इन आरोपों का खंडन किया है। अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक स्तर के एक अधिकारी को सौंप दी है।

## भाजपा ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को निर्दलीय चुनाव लड़ने पर निलंबित किया

**पटना।** भाजपा की बिहार इकाई ने राज्य की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने पर भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि पवन सिंह को पार्टी के फैसले के खिलाफ काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने पर तत्काल प्रभाव से भाजपा से निलंबित कर दिया गया है। बिहार भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा जारी और पवन सिंह को संबोधित एक पत्र में कहा गया है, लोकसभा चुनाव में आप राजग के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है।

## पड़ोसी की हत्या के लिए मां, बेटे सहित तीन को मृत्युदंड

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- केरल की एक अदालत ने सुनाई सजा

केरल की एक अदालत ने तिरुवनंतपुरम के विझिंजम में वर्ष 2022 में 71 वर्षीय पड़ोसी की हत्या करने के लिए मां और बेटे सहित तीन लोगों को बुधवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। ये तीनों व्यक्ति कथित तौर पर आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले भी एक नाबालिग की हत्या का मुकदमा लंबित है।

नेय्यात्तिनकारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रफीका बीवी (52), उसके मित्र अल अमीन (28) और उसके बेटे शफीक (25) को पड़ोसी शांताकुमारी की हत्या के लिए यह सजा सुनाई। उन्होंने सोने के आभूषण चुराने के मकसद के लिये इस हत्या को अंजाम दिया था। तीनों आरोपी कोवलम के रहने वाले हैं। अदालत ने पिछले सप्ताह तीनों पर लगे आरोपों के लिए उन्हें दोषी पाया था। घटना 14 जनवरी 2022 को उस समय सामने आई, जब रफीका बीवी के मकानमालिक के बेटे और उसके दोस्तों ने एक खुले दरवाजे से फर्श पर खून की बूंदे गिरती हुई देखीं और अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मकान मालिक के बेटे और दोस्त घर की छत पर अक्सर पढ़ाई किया करते थे। पुलिस ने बताया कि घर में टांड (सामान रखने की जगह) पर एक शव को छिपा कर रखा गया था।

## भाजपा को हराने के लिए कम सीट पर लड़ने का फैसला लिया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले-विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए किया गया समझौता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एकजुट रखने और भाजपा को हराने की रणनीति के तहत इस लोकसभा चुनाव में कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है। खरगे ने साक्षात्कार में कहा कि यह पार्टी की ओर से कम विश्वास को नहीं दिखाता बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में प्रभाव रखने वाले अन्य दलों को पर्याप्त मौका देते हुए संयुक्त विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए यह समझौता किया गया।

खरगे ने प्रियंका गांधी वाद्रा को पार्टी की पूंजी और स्टार प्रचारक बताते हुए उनके चुनाव न लड़ने के फैसले को सही ठहराया। यह पूछे जाने पर कि वायनाड और रायबरेली दोनों सीटों से चुनाव जीतने पर राहुल गांधी कौन सी सीट छोड़ेंगे, इस पर खरगे ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय होगा। उन्होंने कहा-हमने कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है। यह गठबंधन के साझेदारों को एकजुट रखने के लिए है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जैसी विचारधारा वाली अन्य पार्टियों से विचार-विमर्श करने के बाद प्रत्येक राज्य में गठबंधन करने के लिए एक समिति गठित की थी। उन्होंने कहा-पार्टी आलाकमान ने इस रणनीति को मंजूरी दी। हमने प्रत्येक राज्य में चर्चा की है।'' कांग्रेस अब के इतिहास में देश में सबसे कम 328 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि बाकी की 200 से अधिक सीट उसने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के अन्य साझेदारों के लिए छोड़ दी है। केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा-केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ने में कोई मतभेद नहीं है। राज्यों में हम लड़ रहे हैं क्योंकि कुछ राज्यों में गठबंधन की दो पार्टियां प्रमुख हैं। अगर एक-दूसरे के खिलाफ नहीं लड़ते हैं तो इससे भाजपा को फायदा होगा।

## इंडिया गठबंधन की सरकार न्यायपालिका को दबाव से करेगी मुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केजरीवाल साक्षात्कार में बोले उनके खिलाफ सभी मामले फर्जी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो वह न्यायपालिका को मौजूदा अत्यधिक दबाव से मुक्त करेगा और साथ ही पांच जून को जेल से उनकी रिहाई भी सुनिश्चित करेगा क्योंकि उनके खिलाफ सभी मामले फर्जी हैं। अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल अपनी चुनावी रैलियों में कहते रहे हैं कि अगर विपक्षी इंडिया गठबंधन जीतता है तो चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के अगले दिन वह जेल से मुक्त हो जाएंगे।

एक साक्षात्कार में केजरीवाल से पूछा गया कि वह ऐसा बयान कैसे दे सकते हैं, जिसका अर्थ है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के बावजूद इंडिया गठबंधन उन्हें मुक्त कराने के लिए अदालत की बांह मरोड़ देगा। केजरीवाल ने जमानत पर रिहा होने के बाद किसी मीडिया प्रतिष्ठान को दिए अपने पहले साक्षात्कार में कहा-न्यायपालिका इस समय काफी दबाव में है। हर कोई जानता है कि वह अब कितने दबाव में काम कर रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका मतलब यह है कि जीतने की स्थिति में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार भी उन्हें रिहा कराने के लिए अदालतों पर दबाव डालेगी, केजरीवाल ने कहा-हम कोई दबाव नहीं डालेंगे लेकिन अगर न्यायपालिका से दबाव हटा दिया जाए तो न्याय निष्पक्षता से मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ सभी मामले फर्जी हैं। कहीं भी पैसे का कोई लेन-देन नहीं है। एक पैसे का भी पता नहीं चला है। अगर भ्रष्टाचार था, तो पैसा कहां गया? केजरीवाल को उनकी सरकार की आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इस मामले में उनके पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भी तिहाड़ जेल में हैं। उनके अलावा एक अन्य मंत्री सत्येन्द्र जैन भी तिहाड़ में बंद हैं। केजरीवाल को मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल होने के लिए एक जून यानी आखिरी चरण के मतदान तक के लिए उच्चतम न्यायालय से 10 मई को अंतरिम जमानत मिल गई थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष व्यवहार किए जाने के समान है।

### रांची के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू का प्रकोप, 920 पक्षियों को मारा गया

**रांची।** झारखंड सरकार ने राजधानी रांची के एक पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद बुधवार को एक अलर्ट जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि मोराबादी में राम कृष्ण आश्रम द्वारा संचालित पोल्ट्री फॉर्म 'दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र' में 770 बत्तखों समेत 920 पक्षियों को मार दिया गया। उन्होंने बताया कि कुल 4,300 अंडों को भी नष्ट कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि भोपाल में आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान को भेजे गए नमूनों में एविएन इन्फ्लूएंजा ए वायरस के एक प्रकार एच5एन1 की पुष्टि हुई है।

# पुणे कार हादसा : नाबालिग के पिता, पब के दो कर्मियों को पुलिस हिरासत में भेजा

पुणे, एजेंसी

पुणे की एक सत्र अदालत ने कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय नाबालिग के पिता और एक पब के दो कर्मियों को बुधवार को 24 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। नाबालिग लड़के के पिता और ब्लैक कब पब के कर्मी नितेश शेवाणी व जयेश गावकर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.पी. पोंखसे के सामने पेश किया गया।

नाबालिग लड़के के पिता एक रियल एस्टेट कारोबारी हैं। नाबालिग ने दुर्घटना से पहले पब में बैठकर कथित रूप से शराब पी थी। पुलिस ने नाबालिग लड़के के पिता और बार के मालिक व कर्मियों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और 77 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी नाबालिग रविवार को दुर्घटना से पहले पब गया था। पब के कर्मियों पर नाबालिग को शराब परोसने के लिए मुकदमा दर्ज किया गया है। होटल ब्लैक क्लब के कर्मचारी जयेश गावकर के लिए पुलिस हिरासत की मांग करते हुए अभियोजन पक्ष ने कहा कि वे यह पता लगाना चाहते हैं कि किसकी मंजूरी से नाबालिग और उसके दोस्तों को प्रवेश दिया गया। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि नाबालिग के साथ मौजूद पोर्श गाड़ी के चालक ने गाड़ी चलाने को कहा था लेकिन लड़के ने उसे ऐसा करने से मना कर दिया।


पुणे हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

### पिता को ले जा रहे पुलिस वाहन पर स्याही फेंकी

**पुणे।** नाबालिग के पिता को स्थानीय अदालत ले जा रही पुलिस के वाहन पर कुछ लोगों ने स्याही फेंक दी। घटना करीब ढाई बजे घटी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि किसी संगठन से जुड़े चार से पांच लोगों ने नाबालिग के पिता को ले जा रहे पुलिस वाहन पर स्याही फेंकने का प्रयास किया।

### नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश होने का आदेश

**पुणे (महाराष्ट्र)।** किशोर न्याय बोर्ड ने पुणे में कार दुर्घटना में कथित तौर पर शामिल 17 वर्षीय लड़के को नोटिस जारी कर उसे बुधवार को अपने समक्ष पेश होने के लिए कहा है। पुणे पुलिस ने किशोर को जमानत देने के फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध करते हुए बोर्ड का रुख किया था जिसके बाद यह कदम उठाया गया है। बोर्ड यहां येरवडा इलाके में अपने कार्यालय में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर सकता है। दुर्घटना जिस पोर्श कार से हुई थी, उसे कथित तौर पर 17 वर्षीय किशोर चला रहा था और रविवार तड़के उसने कल्याणी नगर में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी थी जिससे उनकी मौत हो गई।

## अमेरिका में सड़क दुर्घटना में भारतीय मूल के तीन छात्रों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार कार पलट जाने से तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान श्रिया अवसारला, अन्वि शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में की गई है, जो पिछले सप्ताह अल्फारेटा में वेस्टसाइड पार्कवे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन में सवार थे।

सबूतों के आधार पर, यह माना जा रहा है कि चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद कार पलट गई। कार में सवार दो लोग जोशी और अवसारला घटनास्थल पर मृत पाए गए। बाकी तीन लोगों को इलाज के लिए नॉर्थ फुल्टन अस्पताल ले जाया गया। शर्मा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र और वाहन चालक रित्वक सोमपल्ली तथा अल्फारेटा हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद लियाकत की पहचान घायल हुए अन्य दो छात्रों के रूप में की गई।

# रात में नींद के बजाय चला रहे हैं फेसबुक व इंस्टाग्राम तो बदल लें ये आदत, नहीं तो....

दिनभर के थके-हारे होने के बाद भी बिस्तर पर जाते ही लोग फोन से चिपक जाते हैं। पहले वॉट्सऐप खुला, फिर इंस्टाग्राम और फेसबुक, फिर ट्विटर, यूट्यूब। लिस्ट लंबी है। इंस्टा पर एक रील देखी, फिर दूसरी, फिर तीसरी। एक रील कब 30 में बदल जाती है, पता ही नहीं चलता। हर अगला स्क्रॉल करते हुए यही सोचते हैं कि बस ये लास्ट है। इसके बाद सो जाएंगे। उस वक्त 11 बज रहे होते हैं। और फिर पता चलता है कि आखिरी रील 12:30 बजे देखकर खत्म की। यानी पिछले डेढ़ घंटे से आप स्क्रॉल किए जा रहे थे, रील्स देखे जा रहे थे और अपनी नींद को खराब किए जा रहे थे। 2019 में फिलिप्स ग्लोबल स्लीप द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक दुनिया भर के 62% एडल्ट्स को लगता है कि वह पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं। सप्ताह भर में औसतन उन्हें 6.8 घंटे ही नींद आती है, जबकि हर एडल्ट को 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। नींद आ भी रही है कि लेकिन स्क्रॉलिंग जारी है। कितनी भी झपकियां और उबासियां आएं, लेकिन नींद को दरकिनार कर हम फोन चलाए जा रहे हैं। मनोविज्ञन की भाषा में इसे रिवेंज बेड-टाइम प्रोक्रैस्टिनेशन कहते हैं।

### बेहतर नहीं बॉडी और ब्रेन को रिचार्ज करती है

नींद एक प्रकार से बॉडी और ब्रेन को रिचार्ज करने का काम करती है, जिससे आप जागने पर तरोताजा और एनर्जेटिक फील करते हैं। इससे कई गंभीर बीमारियों का जोखिम कम होता है। नींद न आने की समस्या हो रही है तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



### सीधा असर परफॉर्मेंस पर पड़ेगा

जब आप देर रात तक जागकर सुबह जल्दी उठेंगे और काम पर जाएंगे तो इसका सीधा असर परफॉर्मेंस पर पड़ेगा। नींद के दौरान हमारे शरीर के ज्यादातर बॉडी ऑर्गन्स आराम करते हैं। नींद में शरीर खुद को तरोताजा करता है और इम्यूनिटी बढ़ाता है। यानी नींद में हमारा शरीर बाइक और कार की तरह सर्विसिंग प्रोसेस से गुजरता है। कम नींद का मतलब है बॉडी को रिकवरी का टाइम न मिलना।

### रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन क्या है?

रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन का मतलब है, जब दिन भर के काम से थकने के बाद भी कोई सोने बजाय बिस्तर पर फोन चलाना पसंद करता है। यह फोन के सहारे नींद और थकान को टालने जैसा है। लोग सोचते हैं कि दिन भर की व्यस्तता के बाद वे कुछ घंटे खुद को दे रहे हैं।

### नकारात्मक परिणाम हो सकते

नींद की कमी के कारण कई तरह के नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। अपर्याप्त नींद की वजह से तनाव बढ़ता है, हार्ट डिजीज या इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। नकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है।

### नौकरी वालों पर प्रभाव ज्यादा

रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन से सबसे अधिक प्रभावित ज्यादा तनाव वाली नौकरी करने वाले लोग या वर्क-लाइफ के बीच संतुलन न रखने वाले लोग हो सकते हैं। जो रात में घंटों जागते हैं, वे भी इसका शिकार हो सकते हैं।

## एक नजर

### श्रीलंका के पुरत में गिरफ्तार नागरिकों की जांच के लिए

**कोलंबो।** श्रीलंकाई पुलिस ने बुधवार को कहा कि गुजरात में गिरफ्तार किए गए उसके चार नागरिकों की जांच के लिए गठित दल का नेतृत्व एक वरिष्ठ उप महानिरीक्षक करेंगे। श्रीलंका के चार नागरिकों को भारत में गिरफ्तार किया गया था, जब वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की तरफ से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के एक कथित मिशन पर थे। श्रीलंका के पुलिस महानिरीक्षक देशबंदु तेन्नाकून ने कहा कि वरिष्ठ उप महानिरीक्षक की अगुवाई में जांच दल का गठन किया है।

### वायुमंडलीय विक्षोभ : सहयोग कर रही सिंगापुर एयरलाइंस

**सिंगापुर।** सिंगापुर एयरलाइंस ने बुधवार को कहा कि वह लंदन से सिंगापुर की उड़ान में अचानक वायुमंडलीय विक्षोभ (टर्बुलेंस) के कारण एक यात्री की मौत और 30 अन्य के घायल होने की घटना की जांच में संबंधित प्राधिकारियों के साथ पूरी तरह सहयोग कर रही है। एयर लाइंस के अधिकारियों ने बताया कि सिंगापुर से एक विशेष एसआईए दल हमारे सहकर्मियों और स्थानीय प्राधिकारियों की मदद करने के लिए बैंकॉक पहुंचा है। हम एसक्यू321 के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को हरसंभव सहयोग मुहैया करा रहे हैं।

### 2005 के ऑस्कर विजेता एपी कचमारेक का निधन

**वारसॉ।** फिल्म फाइंडिंग नेवरलैंड के संगीत के लिए 2005 का ऑस्कर जीतने वाले पोलिश संगीतकार जान ए.पी. कचमारेक का मंगलवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। निधन की जानकारी पोलैंड के संगीत फाउंडेशन द्वारा की गई। फाउंडेशन को संगीतकार की पत्नी ने उनके निधन की सूचना दी थी। कचमारेक एमएसए से पीड़ित थे, जो एक दुर्लभ स्नायु संबंधी विकार है। उन्होंने यूरोप और हॉलीवुड में बनी फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया था।

### पीटीआई नेता पर हमले की जांच के लिए समिति बनाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने बुधवार को कहा कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक वरिष्ठ नेता पर एक दिन पहले हुए हमले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की गयी है। इस हमले को अफसोसजनक एवं दुखद करार देते हुए कानून मंत्री ने सीनेट के सत्र में कहा कि ऐसे हमले नहीं होने चाहिए। जियो न्यूज के अनुसार तरार ने कहा सरकार (पीटीआई नेता) रऊफ हसन पर हमले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर है कि इमरान खान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ हसन पर हमले के सिलसिले में इस्लामाबाद के अबपारा थाने में हत्या एवं हत्या के प्रयास के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### रूस के हमलों के कारण कीव में अंधेरा छाया

**कीव।** यूक्रेन के बिजली ग्रिड पर हाल के सप्ताहों में रूस के लगातार हमलों ने युद्धग्रस्त देश के नेताओं को देशभर में बिजली कटौती करने के लिए मजबूर कर दिया है। रूस मार्च से बिजली ग्रिड पर हवाई हमले कर रहा है जिसके कारण राजधानी कीव तक में अंधेरा छा गया है। रूस द्वारा अप्रैल में किए हमले में कीव का सबसे बड़ा ताप विद्युत संयंत्र तबाह हो गया था और आठ मई को कई क्षेत्रों में बिजली उत्पादन तथा ट्रांसमिशन सुविधाओं को निशाना बनाते हुए एक बड़ा हमला किया गया था। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि कुल मिलाकर यूक्रेन की आधी ऊर्जा प्रणाली नष्ट हो गयी है।

# तीन देशों ने फिलिस्तीन को दी मान्यता, बौखलाया इजराइल

## नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने उठाया ऐतिहासिक कदम, फिलिस्तीन ने खुशी जताई

तेल अवीव, एजेंसी

- फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर देश के रूप में 28 मई को दी जाएगी मान्यता
- इजराइल ने की आलोचना, नॉर्वे तथा आयरलैंड से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का दिया आदेश

नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बुधवार को फिलिस्तीन को बतौर देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला किया। इस निर्णय की जहां इजराइल ने आलोचना की है वहीं, फिलिस्तीन ने खुशी जताई है। तीनों देशों के इस फैसले से बौखलाए इजराइल ने नॉर्वे तथा आयरलैंड से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश दिया है। फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर देश के रूप में मान्यता 28 मई को दी जाएगी। यह कदम फिलिस्तीन की लंबे समय से की जा रही मांग के अनुरूप है।

इस बीच, यरुशलम में घोर दक्षिणपंथी सरकार के एक मंत्री ने यहूदी और मुस्लिमों के लिए पवित्र माने जाने वाले स्थल का दौरा किया। यह स्थल यहूदियों और मुस्लिमों के बीच विवाद की जड़ है। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामर बेन-गिर ने अल-अक्सा मस्जिद परिसर का दौरा किया जिसे यहूदी टेम्पल माउंट कहते हैं। इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका है। सबसे पहले नॉर्वे ने फिलिस्तीन देश को मान्यता देने के फैसले की घोषणा की। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गार स्तूर ने कहा अगर मान्यता नहीं दी गयी तो पश्चिम एशिया में शांति स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि नॉर्वे 28 मई तक फलस्तीन को देश के तौर पर मान्यता दे देगा। हालांकि नार्वे यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है लेकिन इस मुद्दे पर उसका रुख भी यूरोपीय संघ के अन्य सदस्यों के समान है।



अमेरिका में मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन पक्ष में प्रदर्शन करते लोग।

### मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थकों के शिविर को तोड़ा गया

**अमेरिका।** पुलिस ने जन सुरक्षा का हवाला देते हुए मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थकों के एक शिविर को तोड़ दिया और लगभग 50 लोगों को बाहर निकाल दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी हैलमेट पहने हुए थे और चेहरे पर बचाव के लिए शील्ड लगाए थे। यह स्थान दशकों से कैंपस में विरोध प्रदर्शन का स्थान रहा है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलिस्तीन समर्थक छात्र समूहों के एक गुट ने सोशल मीडिया पर कहा हम नहीं रुकेंगे, हम थकेंगे नहीं।

### फिलिस्तीन को मान्यता एक ही संदेश दे रही कि आतंकवाद का फल मिलता है : इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्री कैट्ज ने इन कदमों की निंदा की है। उन्होंने आयरलैंड तथा नॉर्वे से इजराइल के राजदूतों को तुरंत देश लौटने का आदेश दिया है। उन्होंने स्पेन की घोषणा से पहले यह आदेश दिया था। कैट्ज ने कहा आयरलैंड और नॉर्वे फिलिस्तीन और पूरी दुनिया को यह संदेश भेजना चाहते हैं कि आतंकवाद का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि इस मान्यता से गाजा में बंधक इजराइल के बंधकों को घर वापस लाने के प्रयास बाधित हो सकते हैं।

## भारतीय मूल के खगोल वैज्ञानिक शॉ पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**हांगकांग।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रोफेसर और खगोल वैज्ञानिक श्रीनिवास आर.कुलकर्णी को खगोल विज्ञान के लिए प्रतिष्ठित शॉ पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें मिलीसेकंड पल्सर, गामा-किरण विस्फोट, सुपरनोवा और अन्य परिवर्तनशील या क्षणिक खगोलीय पिंडों के बारे में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए दिया जाएगा है। कुलकर्णी कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान विभाग के जॉर्ज एलेरी हेल खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं।



कुलकर्णी के अलावा स्वी ले थीन और स्टुअर्ट ऑर्किन को क्रमशः जीव विज्ञान और चिकित्सा के लिए साझा रूप से शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दोनों अमेरिका के हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर सरनाक को गणितीय विज्ञान के लिए शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शॉ प्राइज फाउंडेशन ने बताया हर साल तीन श्रेणियों खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान व चिकित्सा और गणितीय विज्ञान में शॉ पुरस्कार दिया जाता है।प्रत्येक श्रेणी में विजेता को 12 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि बतौर पुरस्कार दी जाती है।

## राष्ट्रपति रईसी को श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों लोग उमड़े


तेहरान की सड़क पर बड़ी तादात में श्रद्धांजलि देते लोग। ● एजेंसी

तेहरान, एजेंसी

- ईरान के सर्वोच्च नेता की अगुवाई में दिवंगत राष्ट्रपति व अन्य के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया प्रारंभ

ईरान के आध्यात्मिक नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के नेतृत्व में बुधवार को दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए छह अन्य लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

तेहरान विश्वविद्यालय में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में खामेनेई ने राईसी और सात अन्य लोगों के ताबूतों के सामने प्रार्थना का नेतृत्व किया। राईसी और सात अन्य लोग 19 मई को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए थे। प्रार्थना में समाज के सभी क्षेत्रों से लोगों की भारी भीड़ शामिल हुई। इसके बाद लोगों ने आजादी चौक तक मार्च किया। अर्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि कई विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरानी राष्ट्रपति रायसी और उनके साथियों को श्रद्धांजलि देने के लिए ईरान आए है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ शोक व्यक्त करने तेहरान पहुंचे

**तेहरान।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित आधिकारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बुधवार को तेहरान पहुंचे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे धनखड़ की तेहरान पहुंचने पर ईरान के अधिकारियों ने अगवानी की।

# चार भारतीय नागरिक कनाडा की कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के आरोपियों को समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का दिया आदेश

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी चार भारतीय नागरिकों को कनाडा की एक अदालत ने समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का आदेश दिया। अदालत में पहली बार सभी आरोपियों को एक साथ पेश किया गया।

चार आरोपियों में से तीन करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) सरे में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतीय न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए, वहीं अमनदीप सिंह (22) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही में पेश हुआ। अमनदीप सिंह हथियार से जुड़े एक अन्य मामले में ओंटारियो में हिरासत में है। उसे निज्जर हत्या मामले में दस मई को गिरफ्तार किया गया था।

सीबीसी न्यूज की खबर के अनुसार न्यायाधीश मार्क जेट ने मामले की अगली सुनवाई 25 जून तक के लिए स्थगित की। न्यायाधीश ने एक दुभाषिये के माध्यम से आरोपियों से बात की और उन्हें किसी से संपर्क नहीं करने के दायरे में रखने वाला आदेश सुनाया। अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों ने जेल की पोशाक पहनी हुई थी। करण बराड़ के वकील रिचर्ड फॉलर ने वैंकूवर सन से कहा इस मामले से समुदाय को इतना सरोकार क्यों है यह पृष्ठभूमि को देखते हुए पूरी तरह से समझ में आता है।

### अदालत के बाहर निज्जर समर्थकों का विरोध प्रदर्शन

अदालती कार्यवाही में आने वाले लोगों की अदालत में प्रवेश से पहले तलाशी ली गई वहीं निज्जर के समर्थकों ने अदालत के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खबर में कहा गया है कि सुनवाई के दौरान वकीलों ने लोगों के फोन को प्लास्टिक के एक बैग में रखकर उन्हें अदालत कक्ष से बाहर रखवाया। न्यायाधीश ने पर्यवेक्षकों को चेतावनी दी कि ऑडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना प्रतिबंधित है।

## राहत की फुहार


कोलकाता में बुधवार को हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद जलजमाव वाली सड़क से गुजरते यात्री। ● एजेंसी

## मैक्सिको के तटीय रिजॉर्ट में हिंसा 12 लोगों की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के प्रशांत तट के अकापुल्को रिसॉर्ट में हिंसा की ताजा घटना में कम से कम 12 लोगों की हत्या कर दी गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी।

शहर के सार्वजनिक सुरक्षा सचिवालय ने कहा कि सोमवार देर रात रिसॉर्ट के अगुआस ब्लैंकास चौराहे के पास, जेनोवसा कॉन्डोमिनियम के सामने चार पुरुषों और दो महिलाओं के शव पाए गए, जिनके शरीर पर कई गोलियों के घाव थे। मृतकों में कई अर्धनग्न अवस्था में थे और उनमें यातना के लक्षण दिखाई दे रहे थे।

**रहस्य** भौतिकी दुनिया की सबसे बड़ी खोज होगी डार्क मैटर


# पीबीएच से खुलेगा अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अदृश्य डार्क मैटर की तलाश में एक महत्वपूर्ण सुराग वैज्ञानिकों के हाथ लगा है, जो प्राइमर्डियल ब्लैक होल (पीबीएच) के गर्भ में छिपा हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क मैटर का रहस्य खुल गया तो भौतिकी की दुनिया की यह अभी तक की सबसे बड़ी खोज होगी।

डार्क मैटर की तलाश में पीबीएच एक महत्वपूर्ण लिंक है, जो इसके अस्तित्व से मिल सकता है। इसके लिए पीबीएच की संपूर्ण जानकारी जुटानी होगी। यदि इसकी जानकारी सामने आ गई तो निश्चित ही अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य दृश्यमान हो जाएगा और खगोल भौतिकी में नोबेल स्तर की खोज होगी। पीबीएच की बात की जाए तो यह केवल सिद्धांत हैं। इसका अस्तित्व खोजना मुश्किल नहीं है।

मगर सही बात यह है कि यही वह मार्ग है , जो डार्क मैटर तक पहुचा सकता है। इस संदर्भ में हाल में एक शोध हुआ है। इस शोध ने डार्क मैटर की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। पीबीएच को लेकर मानना है कि इसकी उत्पत्ति किसी भी तारे के ढहने से पहले हुई थी। पीबीएच का पता लगाने का तरीका गुरुत्वाकर्षण लेंस की निगरानी करना है। ऑप्टिकल ग्रेविटेशनल लेंसिंग एक्सपेरिमेंट (ओजीएलई) और सुबारू टेलीस्कोप के हाइपर सुप्राइम-कैम (एचएससी) से इसका पता किया जा सकता है। बहरहाल वैज्ञानिक कहते हैं कि रहस्यमय वस्तुओं के इर्द-गिर्द उत्तर से अधिक प्रश्न हैं। यदि वे अस्तित्व में हैं, तो उनमें से बहुतों का उत्तर दे सकते हैं। पीबीएच एक अनुत्तरित प्रश्न है और इसका उत्तर डार्क मैटर का रहस्य भी सुलझाएगा।


आपस में टकराते दो ब्लैक होल की तस्वीर। ● एजेंसी

### ब्रह्मांड का 85 फीसद हिस्सा है डार्क मैटर

**नैनीताल।** डार्क मैटर ब्रह्मांड का 85 फीसद हिस्सा है। सबसे बड़ी यह है कि इतने बड़े भाग का प्रतिनिधित्व करने वाले डार्क मैटर का अभी तक पता नही चल पाया है। दुनियाभर के वैज्ञानिक इसकी खोज में जुटे हुए हैं। ब्रह्मांड का संचालन करने वाली यह शक्ति अदृश्य है। वैज्ञानिक मानते हैं कि अब नए उपकरणों के ईजाद होने के बाद डार्क मैटर का रहस्य जल्द उजागर होगा।

## कोविड पर रिपोर्टिंग करने वाली चीनी पत्रकार रिहा

**बैंकाक।** चीन के वुहान में कोरोना वायरस फैलने के शुरुआती दिनों में रिपोर्टिंग करने से जुड़े मामले में चार साल की सजा काटने के बाद चीनी पत्रकार झांग झान को जेल से रिहा कर दिया गया। पत्रकार ने रिहा होने के आठ दिन बाद मंगलवार को एक वीडियो में यह जानकारी दी।

झांग झान को झगड़ा कराने और गड़बड़ी पैदा करने के जुर्म में चार साल की सजा सुनाई गई थी। झांग झान के रिहा होने के दिन उनके पूर्व वकील झान से या उनके परिवार से संपर्क नहीं कर सके। एक संक्षिप्त वीडियो में झांग ने बताया कि उन्हें 13 मई को जेल से रिहा किया गया और पुलिस ने उनके भाई झांग जू के घर पर उन्हें छोड़ा था। उन्होंने कहा मैं सभी को मेरी मदद करने के लिए धन्यवाद देती हूं।

# संयुक्त राष्ट्र ने रफह में खाद्य सामग्री का वितरण रोका

काहिरा, एजेंसी

- इजरायल के बढ़ते सैन्य अभियान के कारण लगाई रोक



संयुक्त राष्ट्र ने आपूर्ति की कमी और इजरायल के बढ़ते सैन्य अभियान से उत्पन्न अस्थिर सुरक्षा स्थिति के कारण मंगलवार को रफह शहर में खाद्य सामग्री के वितरण पर रोक लगा दी। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि पूरे क्षेत्र में मानवीय सहायता अभियान चलाना अब मुश्किल है।

मार्गों के बंद होने और अराजकता के बीच अमेरिकी नौसेना को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सप्ताहांत में फिलिस्तीनियों ने पोतघाट से आ रहे संयुक्त राष्ट्र के वाहनों के काफिले से सहायता ली। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने वाशिंगटन में संवाददाताओं को बताया कि पिछले कुछ दिनों से पोतघाट (पियर) से सहायता सामग्री की आवाजाही रोक दी गई थी, लेकिन मंगलवार को इसे फिर से शुरू कर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र की ओर से अभी तक इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की प्रवक्ता अबीर एटेफा ने कहा गाजा में मानवीय अभियान जारी रखना मुश्किल हैं, अगर गाजा में खाद्य और अन्य आपूर्ति भारी मात्रा में फिर से शुरू नहीं हुई तो अकाल जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रफह में खाद्य सामग्री वितरण रोकने की घोषणा की।